4 **रायपुर संभाग** बोर्ड परीक्षा की सभी तैयारी करें सुनिश्चित, राशनकार्ड ई केवाईसी...

6 **अभिमत** मोदी की अमेरिका यात्रा महत्वपूर्ण कदम

09 **फीचर** चमकती त्वचा का सपना पूरा करेंगे इन फलों...

10 **छत्तीसगढ़** राजिम कुंभ कल्प के मंच पर बॉलीवुड पार्श्व गायक...



रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 19 फरवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-179 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### ट्रंप ने व्यापारिक साझेदारों के लिए समान टैरिफ नीति अपनाने का लिया संकल्प



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी व्यापारिक नीति को स्पष्ट करते हुए कहा है कि अमेरिका अपने व्यापारिक साझेदारों पर उन्हीं के लगाए गए टैरिफके समान शुल्क लगाएगा 'न अधिक, न कम।' ट्रंप ने कहा, व्यापार में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए हम पारस्परिक टैरिफनीति अपनाएंगे। यदि कोई देश अमेरिका पर टैरिफलगाता है तो हम भी उस पर समान टैरिफ लगाएंगे- न ज्यादा, न कम। उन्होंने यह भी कहा कि वैट प्रणाली (मूल्य संवर्धित कर) का उपयोग करने वाले देशों को भी टैरिफ के दायरे में रखा जाएगा।

### ज्ञानेश कुमार नये मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त



**नयी दिल्ली।** ज्ञानेश कुमार को देश का 26वां मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) नियुक्त किया गया। कानून मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर ज्ञानेश कुमार की मुख्य चुनाव आयुक्त के पद पर नियुक्ति की घोषणा की। वह चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर नये कानून के तहत नियुक्त होने वाले पहले सीईसी हैं। केरल कैडर के 1988 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी ज्ञानेश कुमार पिछले साल मार्च से चुनाव आयुक्त के रूप में काम कर रहे थे।

### इक्विटी बाजार में निकट भविष्य में अस्थिरता दूसरी छमाही में रिकवरी की उम्मीद

**मुंबई।** वित्तीय सेवा क्षेत्र की कंपनी एमके इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने कहा कि भारतीय इक्विटी बाजार निकट भविष्य में अस्थिरता का सामना कर सकते हैं लेकिन चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में सुधार की उम्मीद है। एमके इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने अपने वर्चुअल मीडिया वेबिनार में यह अनुमान लगाया और बताया कि वित्त वर्ष2025 की पहली तिमाही में बाजार में कमजोरी और अस्थिरता बनी रह सकती है लेकिन रोजगार में सुधार, असुरक्षित ऋण में वृद्धि और कल्याणकारी खर्च में तेजी के कारण चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में खपत बढ़ने की संभावना है। दिसंबर 2025 तक निफ्टी के 25,000 अंक के स्तर पर पहुंचने का अनुमान है जबकि दूसरी छमाही तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली कम होने की उम्मीद है।

# प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुगम बनाने में जुटी विष्णुदेव सरकार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश में शासन की पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में सुशासन एवं अभिसरण विभाग ने सेंटर फॉर इफेक्टिव गवर्नेंस ऑफइंडियन स्टेट्स और ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी से प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि, योजनाओं की प्रभावी निगरानी एवं क्रियान्वयन को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि संसाधनों का सही और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से हमने प्रदेश में 'सुशासन एवं अभिसरण विभाग' की स्थापना की है। यह 58वां विभाग न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाएगा बल्कि सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भी मदद करेगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हुए एमओयू से प्रशासनिक पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन और नीति-निर्माण में क्रांतिकारी बदलाव आएंगे।



### पीएम मोदी से मुलाकात कर सकते है सीएम साय

छत्तीसगढ़ में संपन्न हुए नगरीय निकाय चुनाव में मिली सफलता के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात कर सकते है। ज्ञात हो विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा ने 10 के 10 नगर निगमों में कब्जा जमाने में सफलता हासिल की है। जिसके लिए केन्द्रीय नेतृत्व में भी सीएम साय को बधाई दी है।

**ई-गवर्नेंस और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को मिलेगा बढ़ावा**

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि ई-गवर्नेंस, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, शिकायत निवारण तंत्र और योजनाओं की रियल-टाइम मॉनिटरिंग जैसी सुविधाओं को इस पहल से नया आयाम मिलेगा। इस एमओयू से न केवल सरकारी कर्मचारियों और युवाओं के कौशल विकास और क्षमता उन्नयन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि शासन की योजनाओं को अधिक प्रभावी और सुगम बनाया जाएगा।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि भ्रष्टाचार पर सख्त लगाम लगेगी और आम जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के प्राप्त होगा। सीईजीआईएस के फाउंडर कार्तिक मुरलीधरन ने कहा कि हम छत्तीसगढ़ सरकार के साथ मिलकर राज्य की नीतियों और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तकनीकी, विश्लेषणात्मक और रणनीतिक सहयोग देंगे। साथ ही, रणनीतिक बजटिंग और वित्तीय प्रबंधन में शासन को सहयोग करेंगे।

### कैबिनेट की बैठक 22 फरवरी को

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में 22 फरवरी को कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई है। मंत्रालय (महानदी भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष क्रमांक एम-5/20 में यह बैठक पूर्वान्ह 11:30 बजे से होगी।

# भारत कतर के बीच बनी रणनीतिक साझीदारी, व्यापार होगा दोगुना

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत एवं कतर ने अपने दोपक्षीय रिश्तों को 'रणनीतिक साझीदारी' के स्तर पर उन्नत करते हुए आपसी व्यापार को पांच साल में दो गुना करने, भारत में कतर निवेश केन्द्र खोले जाने तथा भारत एवं कतर के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने की आज घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के बीच यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये निर्णय लिये गये। दोनों देशों ने वैश्विक एवं क्षेत्रीय भूराजनीतिक मामलों पर भी विचार विमर्श किया जिनमें हमास एवं इज़रायल के बीच संघर्ष तथा अफगानिस्तान के मुद्दे भी शामिल थे। कतर के अमीर की राजकीय यात्रा के दौरान दो समझौतों और 5 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए जिनमें एक- द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझीदारी के स्तर पर उन्नत करने तथा दूसरा- दोहरे कराधान से बचाव संबंधी करार शामिल हैं। बैठक के बाद विदेश मंत्रालय में सचिव (कांउसलर, पासपोर्ट, वीसा एवं प्रवासी भारतीय मामले) अरुण कुमार चटर्जी ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझीदारी में ऊर्जा, व्यापार एवं निवेश तथा सुरक्षा के क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा दोनों देशों ने बुनियादी ढांचे, बंदरगाह, जहाज निर्माण, फूड पार्क, नवीकरणीय ऊर्जा, रोबोटिक्स एवं आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जतायी है। उल्लेखनीय है कि कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने आखिरी बार मार्च 2015 को भारत का दौरा किया था। जब प्रधानमंत्री मोदी ने फरवरी 2024 में अपनी दूसरी यात्रा की, तो उन्होंने कतर के अमीर को भारत की राजकीय यात्रा के लिए आमंत्रित किया था। कतर के अमीर के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है जिसमें प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और व्यापारिक नेता शामिल हैं। कतर के अमीर का भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री पीएम मोदी की मौजूदगी में आज सुबह राष्ट्रपति भवन में रस्मी स्वागत किया गया।

## शिंदे और फडणवीस के बीच छिड़ा कोल्ड वॉर, 20 विधायकों की सुरक्षा कम की गई

एजेंसी < मुंबई
www.dailypioneer.com



एकनाथ शिंदे और महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस में जारी कोल्ड वॉर का एक और मामला सामने आया है। हाल ही में गृह विभाग ने राज्य के सभी विधायक और प्रमुख नेताओं को दी जाने वाली सुरक्षा की समीक्षा की थी। इस समीक्षा में जिन विधायक और नेताओं को अब गंभीर खतरा नहीं है, उनकी सुरक्षा में कमी करने का फैसला लिया गया है। गृह विभाग के इस फैसले से सबसे ज्यादा शिंदे सेना के विधायक परेशान हैं क्योंकि शिंदे सेना के 20 विधायकों की सुरक्षा कम की गई है। दरअसल, उद्धव ठाकरे से बगावत करने के बाद शिंदे सेना के 40 विधायक और 12 सांसदों को सुरक्षा मुहैया कराई गई थी। कुछ विधायकों को वाय कैटेगरी की सुरक्षा भी दी गई थी, लेकिन अब सुरक्षा का समीक्षा करने के बाद यह तय किया गया है कि जिन विधायक और पूर्व सांसदों को पहले के मुकाबले अब थ्रेट कम हैं, उनकी सुरक्षा कम की जाए।

## शाह ने कश्मीर में नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन पर समीक्षा बैठक की

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के बारे में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की मौजूदगी में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए अब्दुल्ला ने कहा, गृह मंत्री लगातार देश में नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे हैं कि उनका किस तरह और किस हद तक इस्तेमाल किया गया है। इस संबंध में अब जम्मू-कश्मीर की बारी है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री ने बताया कि 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में समीक्षा बैठकें आयोजित की गई। अब्दुल्ला ने कहा, जम्मू-कश्मीर में काफी हद तक इन कानूनों का क्रियान्वयन अच्छा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ मुद्दे रहे हैं और उन पर भी चर्चा की गई अब उन्हें भी ठीक किया जाएगा।

## बिलासपुर हाईकोर्ट ने पीजी काउंसिलिंग पर लगाई रोक, अगली सुनवाई 25 को

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रम प्रवेश प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में एक याचिका लगाई गई। याचिकाकर्ताओं की तरफ से बताया गया कि वे सेवारत डॉक्टर हैं। 2024 की प्रवेश परीक्षा में अच्छी रैंक हासिल की है। नियमों के अनुसार सेवारत श्रेणी के तहत पात्रता के लिए 31 जनवरी 2024 तक तीन साल की सेवा पूरी करना अनिवार्य है, लेकिन काउंसिलिंग के दौरान पता चला कि कई अपात्र उम्मीदवारों को गलत तरीके से सेवारत श्रेणी का लाभ दिया गया है। इस मामले की प्रारंभिक सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की बेंच ने काउंसिलिंग पर रोक लगा दी है। अब मामले की सुनवाई 25 फरवरी को होगी। दरअसल डॉ. यशवंत राव और डॉ. पी राजशेखर ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई है. इसमें बताया कि उन्हें मेडिकल पीजी में प्रवेश के लिए होने वाली काउंसिलिंग के दौरान पता चला कि कई अपात्र उम्मीदवारों को गलत तरीके से सेवारत श्रेणी का लाभ दिया गया। अधिकारियों ने सेवा अवधि की गणना कटऑफ तारीख से आगे बढ़ा दी, जिससे अयोग्य उम्मीदवारों को भी पात्र मान लिया गया। उन्होंने विभाग में इस गड़बड़ी की शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिम्मेदार अधिकारियों ने एक निजी उम्मीदवार को सेवारत श्रेणी में प्रमाणित किया है। जांच में सामने आया कि सेवा अवधि की गणना 31 जनवरी 2024 के बाद तक बढ़ा दी गई। यदि कटऑफ तारीख का पालन किया जाता, तो वह उम्मीदवार पात्र नहीं होता। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता ने भी माना कि शिकायत सही लग रही है। हाई कोर्ट ने पाया कि निजी उम्मीदवार को कटऑफ तारीख के बाद सीट आवंटित की गई। हाईकोर्ट ने काउंसिलिंग पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। साथ ही निर्देश दिया कि यह आदेश केवल व्यक्तिगत रूप से नहीं, बल्कि समान स्थिति वाले सभी उम्मीदवारों पर लागू होगा। महाधिवक्ता को इस आदेश की जानकारी संबंधित अधिकारियों को देने निर्देश दिया गया है।

## अंबिकापुर में डिजिटल भू-प्रबंधन की नई शुरुआत






पायनियर संवाददाता < अंबिकापुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर नगर निगम क्षेत्र में डिजिटल भू-प्रबंधन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए नक्शा परियोजना की शुरुआत की गई। केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह ने मध्यप्रदेश के रायसेन से इस परियोजना का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस पहल के तहत ड्रोन सर्वे के माध्यम से शहरी भू-सम्पत्तियों का सटीक रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा, जिससे संपत्ति विवादों का त्वरित समाधान होगा और भूमि स्वामित्व संबंधी रिकॉर्ड अधिक पारदर्शी बनेंगे। अंबिकापुर के जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, कलेक्टर विलास भोसकर, अपर कलेक्टर सुनील नायक एवं नगर निगम कमिश्नर डी. एन. कश्यप समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने इस अवसर पर कहा कि यह परियोजना शहरी भूमि प्रबंधन को आधुनिक बनाएगी और सम्पत्तियों के स्वामित्व से जुड़ी समस्याओं को जल्द सुलझाने में सहायक होगी। उन्होंने बताया कि ड्रोन तकनीक से सम्पत्तियों का हवाई सर्वे कर फोटो और वीडियो डेटा एकत्र किया जाएगा, जिसे भविष्य में सरकारी दस्तावेजों और भूमि रिकॉर्ड में सटीकता लाने के लिए उपयोग किया जाएगा। यह परियोजना देश के 26 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों के 141 जिलों में लागू की जा रही है, जिसमें छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर, जगदलपुर और धमतरी को इस योजना में शामिल किया गया है। अंबिकापुर नगर निगम को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुना जाना शहरवासियों के लिए गर्व की बात है। सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नक्शा परियोजना से भूमि के हर इंच का सटीक रिकॉर्ड उपलब्ध होगा, जिससे भू-राजस्व संबंधी समस्याएं खत्म होंगी और डिजिटल रिकॉर्ड के चलते पारदर्शिता बढ़ेगी। इससे शहरवासियों को अनावश्यक कानूनी उलझनों से बचाव मिलेगा।

## मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था को कर दिया बर्बाद : खरगे

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार की नीतियों को देश के आर्थिक विकास के दिए दिशाहीन तथा नीतिहीन करार देते हुए कहा है कि इससे देश की अर्थव्यवस्था चौपट हो गई है और देशवासियों का जीवन बर्बाद हो रहा है। खरगे ने कहा इससे अधिक विडंबनापूर्ण कुछ नहीं हो सकता कि मोदी सरकार के वित्त मंत्री यह कहें कि हमारी अर्थव्यवस्था 'अच्छा रिटर्न' दे रही है। इस साल अब तक भारतीय शेयर बाजारों से 45 लाख करोड़ रुपए का सफाया हो चुका है। निफ्टी 50 कंपनियों ने 5 वर्षों में सबसे खराब तिमाही लाभ वृद्धि दिखाई है। अक्टूबर से विदेशी निवेशकों ने 1.56 लाख करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे हैं जिसमें 2025 में लगभग एक लाख लाख करोड़ भी शामिल है जिसके कारण छोटे और मध्यम निवेशकों की संपत्ति खत्म हो गई है। उन्होंने कहा रुपया 87 पर, मतलब व्यापार घाटा आसमान छू रहा है। पिछले 05 वर्षों में आयात 62.21 प्रतिशत बढ़ गया है। मोदी सरकार की व्यापार नीति भारत के लिए विनाशकारी है। निर्यात वृद्धि यूपीए सरकार में 2004-14 में 549.36 मोदी 2014-24 - 24.72 प्रतिशत अप्रैल- नवंबर 2024 तक ही। इस सरकार ने पिछले 10 वर्षों में 10 लाख करोड़ रुपयेका कॉर्पोरेट टैक्स राजस्व माफकर दिया है, इस उम्मीद में कि वे नौकरियां पैदा करेंगे लेकिन कॉर्पोरेट करों में कटौती से लाभान्वित होने वाली 9 में से 8 कंपनियों ने नौकरियां कम कर दी हैं।

**प्रदर्शनकारियों ने कहा- मंत्री अपने कर्तव्य का निर्वाह करने में विफल रहे**

## भगदड़ के विरोध में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, मांगा रेल मंत्री का इस्तीफा

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




युवा कांग्रेस ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में कई लोगों के मारे जाने पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए इस घटना के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को जिम्मेदार बताते हुए प्रदर्शन किया और वैष्णव से तत्काल इस्तीफा देने की मांग की। युवा कांग्रेस के प्रवक्ता वरुण पांडे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदर्शनकारी युवाओं ने जबरन रेल मंत्रालय की तरफजाने का प्रयास किया, लेकिन भारी पुलिस बंदोबस्त के कारण उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने रेल मंत्री का पुतला फूंका और उनसे इस्तीफ़ा मांगा। इस दौरान प्रदर्शनकारी हाथों में बैनर और तख्तियां लिए हुए थे, जिन पर मरने वालों के आंकड़े नहीं छुपाने, भगदड़ नहीं नरसंहार जैसे नारे लिखे हुए थे। पांडे के अनुसार इस दौरान युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब ने प्रदर्शनकारी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह भगदड़ या हादसा नहीं बल्कि नरसंहार है। रेल मंत्री अपने कर्तव्य का निर्वाह करने में विफल रहे हैं इसलिए उन्हें तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। चिब ने कहा, वहां का मंजर दिल दहलाने वाला था, रेलवे प्रशासन की नाकामी के कारण आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक दम घुटने से 18 लोगों की मौत हो गई, जिसमें नौ महिलाएं, चार पुरुष और पांच बच्चे शामिल हैं। श्रद्धालुओं के इस नरसंहार का जिम्मेदार कौन है। इतना बड़ा हादसा हो जाने के बाद भी नैरेटिव बनाया गया कि सब कुछ नियंत्रण में है। जब लोग भगदड़ में मर रहे थे तो रेल मंत्री मौत के आंकड़ें छिपाने में जुटे थे। वैष्णव को नैतिक रूप से अपने पद पर बने रहने का अधिकार नहीं है इसलिए उन्हें जल्द से जल्द इस्तीफा देना चाहिए। दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अक्षय लाकरा ने कहा कि सरकार ने विज्ञापन दिए और लोगों को कुंभ में बुलाया। ऐसे में जब लोग कुंभ जा रहे हैं तो उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी नहीं निभाई। आस्था के पर्व महाकुंभ में जाने के लिए जनता की सरकार से उम्मीद होती है कि उनके लिए आवागमन के उचित प्रबंध हों, पुलिस प्रशासन की तैनाती हो, भीड़ संचालन का बंदोबस्त हो लेकिन मोदी सरकार यह सब व्यवस्था करने में विफल रही है।

## आधी रात को चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करना मोदी-शाह की असभ्यता : राहुल

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर आरोप लगाया है कि उन्होंने आधी रात को नये मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति कर सबको चौंकाया ही नहीं है बल्कि असंवैधानिक कदम उठाकर असभ्य होने का भी परिचय दिया है। गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने नए चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए सोमवार को हुई बैठक में अपनी असहमति यह कहते हुए व्यक्त की थी कि समिति से देश के मुख्य न्यायाधीश को हटाना गलत है और उनकी जगह गृहमंत्री अमित शाह को समिति में रखना अनुचित है। यह मामला न्यायालय में है और बुधवार को इस बारे में उच्चतम न्यायालय को फैसला देना है इसलिए इस मुद्दे को 19 फरवरी तक स्थगित किया जाना चाहिए लेकिन सरकार ने उनकी असहमति पर ध्यान दिए बिना आधी रात को नये चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी और इस कदम को सभ्य नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने कहा अगले चुनाव आयुक्त का चयन करने के लिए समिति की बैठक के दौरान मैंने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को एक असहमति नोट प्रस्तुत किया जिसमें कहा गया है कि एक स्वतंत्र चुनाव आयोग का सबसे बुनियादी पहलू चुनाव आयुक्त और मुख्य चुनाव आयुक्त को चुनने की प्रक्रिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करके और भारत के मुख्य न्यायाधीश को समिति से हटाकर सरकार ने चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर करोड़ों मतदाताओं की चिंता को बढ़ा दिया है।

## दिल्ली में भाजपा के 'दूल्हे' का अब तक पता नहीं : 'आप'

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



आप ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा किए बगैर शपथ ग्रहण की चल रही तैयारियों को लेकर भाजपा पर कटाक्ष करते हुए मंगलवार को कहा कि बारात और मंडप तैयार है, लेकिन भाजपा का दूल्हा कौन होगा, ये किसी को पता नहीं है। 'आप' के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि बारात और मंडप तैयार है, लेकिन भाजपा का दूल्हा कौन होगा, ये किसी को पता नहीं है। उन्होंने पूछा कि भाजपा मुख्यमंत्री का नाम अभी तक तय नहीं कर पाई है या फिर इसके पीछे कोई बड़ा रहस्य है। आमतौर पर तो चुनाव में जीत के बाद पार्टी के विधायक दल की बैठक होती है, उसमें उसका नेता चुना जाता है और वह उपराज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश करता है। यहां भाजपा सारी तैयारियां पहले ही कर रही हैं, लेकिन मुख्यमंत्री कौन बनेगा, इसका कोई अता-पता नहीं है। राय ने कहा, इस देश में अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग पार्टियों की सरकारें बनती रही हैं, लेकिन यह भारत के इतिहास में पहली बार देखा जा रहा है कि बारात तैयार है, मंडप भी तैयार है, उसका निरीक्षण भी हो रहा है, बस दूल्हा कौन होगा, ये किसी को नहीं पता। उन्होंने कहा कि आम तौर पर परंपरा रही है कि चुनाव के पश्चात जो भी पार्टी जीतती है, वह अपने विधायक दल की बैठक करती है, जिसमें विधायक दल का नेता चुना जाता है जो मुख्यमंत्री का दावेदार होता है। वह अपना दावा प्रस्तुत करता है और साथ में राज्यपाल या राष्ट्रपति को अपने मंत्रीमंडल का नाम देता है।

# सीबीआई ने आईएएस अधिकारी सेठी के सरकारी आवास पर मारा छापा

एजेंसी < भुवनेश्वर
www.dailypioneer.com




केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की आठ सदस्यीय टीम ने ब्रिज एंड रूफ कंपनी से जुड़े रिश्वतखोरी मामले में मंगलवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी बिष्णुपद सेठी के सरकारी आवास पर छापेमारी की। सीबीआई की टीम दिल्ली से आज ओडिशा पहुंची। सीबीआई की एक अन्य टीम बालासोर जिले के जलेश्वर स्थित आईएएस अधिकारी के आवास पर भी छापेमारी कर रही है। सीबीआई ने इससे पहले सेठी को रिश्वत मामले में तलब किया, लेकिन वरिष्ठ आईएएस अधिकारी पूछताछ के लिए टीम के सामने पेश हुए थे। इसके अलावा, सात दिसंबर को, सीबीआई टीम ने यहाँ एक होटल में 10 लाख रुपये की नकदी जब्त की और फिर ब्रिज एंड रूफ कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) चंचल मुखर्जी, प्रबंध निदेशक देवदत्त महापात्रा और एक निजी ठेकेदार को बोली निर्धारित करने के मामले में गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई एक भ्रष्टाचार जांच के तहत की गई, जिसमें इन व्यक्तियों पर बोली प्रक्रिया में अनियमितताओं और घोटाले का आरोप लगाया गया है। जब आठ सदस्यीय सीबीआई टीम सेठी के आधिकारिक आवास पर पहुंची। आईएएस अधिकारी ने ब्रिज एंड रूफकंपनी या उसके सीजीएम मुखर्जी के साथ किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीबीआई टीम बिना किसी प्राथमिकी (एफआईआर) या महिला अधिकारियों की मौजूदगी के जबरन उनके आधिकारिक आवास में घुस गई। सेठी और उनकी पत्नी ने छापेमारी को लेकर सीबीआई टीम के साथ तीखी बहस की तथा दावा किया कि यह छापेमारी बिना वारंट जारी किये की गयी है। मीडिया से बात करते हुए सेठी ने सीबीआई अधिकारियों पर उन्हें बेवजह परेशान करने का आरोप लगाया। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ने सीबीआई छापे के पीछे एक साजिश का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनके नाम पर प्राथमिकी दर्ज नहीं है। उल्लेखनीय है कि तीन विभागों में महत्वपूर्ण पदों पर रहे सेठी का तबादला कर सामान्य प्रशासन और लोक शिकायत विभाग में विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) के पद पर तैनात किया गया।

# मिशन जीवनजोत के लिये 15.95 करोड़ रुपये जारी किये: डॉ. कौर

एजेंसी < चंडीगढ
www.dailypioneer.com



पंजाब के सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि सरकार ने मिशन जीवनजोत के तहत बेसहारा बच्चों के लिये चालू वर्ष 2024-25 में 15.95 करोड़ रुपये जारी किये हैं। कैबिनेट मंत्री डॉ. कौर ने बताया कि राज्य सरकार ने आठ जुलाई 2024 से जीवनजोत प्रोजेक्ट शुरू किया था। इस प्रोजेक्ट को जिला स्तरीय टास्क फ र्ोर्स के माध्यम से लागू किया जा रहा है। इसका उद्देश्य भीख मांगने में शामिल बच्चों को बचाना, उनका पुनर्वास करना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है। विभिन्न जिलों में इस अभियान के तहत जुलाई माह से अब तक 268 बच्चों को भीख मांगने से बचाया गया है। मंत्री ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा जुवेनाइल जस्टिस (केयर एंड प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन) एक्ट 2015 के तहत राज्य में सात सरकारी चिल्ड्रन होम और 39 गैर-सरकारी होम पंजीकृत किये गये हैं, जहां अनाथ, बेसहारा और परित्यक्त बच्चों को आश्रय देने की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि सरकार जल्द ही गुरदासपुर और मलेरकोटला में बेसहारा बच्चों के लिये दो नये होम स्थापित करने जा रही है।

# झारखंड उच्च न्यायालय में बहस कर निकले अधिवक्ता सूरज की मौत

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सूरज कुमार का आकस्मिक निधन हो गया। कुमार वह झारखंड उच्च न्यायालय में एक केस की बहस कर कोर्ट रूम से जैसे ही निकले, बेहोश होकर गिर पड़े। इसके बाद साथी अधिवक्ताओं की मदद से उन्हें उठाया गया और झारखंड उच्च न्यायालय स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में सूरज कुमार को पारस हॉस्पिटल ले जाया गया लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।

# पंजाब का जीएसटी आधार बढ़ा: दो वर्षों में 79,000 से अधिक नये करदाता शामिल: चीमा

एजेंसी < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी एवं कराधान मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने यहां बताया कि आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) आधार का विस्तार करने के लिये चलाये गये लक्षित जीएसटी पंजीकरण अभियान के परिणाम स्वरूप वित्तीय वर्ष 2023-24 में 46,338 और दिसंबर 2024 तक लगभग 33,000 नये करदाता शामिल हुये हैं। चीमा ने यहां एक बयान में बताया कि राज्य के जीएसटी विभाग ने जनवरी 2025 में एक और जीएसटीआर पंजीकरण अभियान शुरू किया था, जिसके तहत लगभग 48,000 नये डीलरों का दौरा किया गया और पंजाब भर में लगभग 10,500 योग्य डीलरों को सफलतापूर्वक पंजीकृत किया गया। उन्होंने कहा कि पंजीकरण अभियान के दौरान अधिक से अधिक करदाताओं को जोड़ने के लिये जागरूकता शिविर, बाजारों एवं औद्योगिक संघों के साथ बैठकें तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए), एडवोकेट और अकाउंटेंट जैसे पेशेवरों से चर्चा सहित विभिन्न सामुदायिक भागीदारी के तरीकों का उपयोग किया गया। कर अनुपालन को बढ़ावा देने के लिये उठाये गये कदमों का उल्लेख करते हुये चीमा ने कहा कि विभाग ने 'बिल लाओ इनाम पाओ स्कीम' लागू करने के साथ-साथ युवा पीढ़ी में जागरूकता फैलाने के लिये स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये पहल की है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत जहां कर अनुपालन न करने वाले व्यापारियों पर 8.15 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया, वहीं 'मेरा बिल' ऐप के माध्यम से बिल अपलोड करने वाले 4,106 उपभोक्ताओं को कुल 2.45 करोड़ रुपये के इनाम दिये गये। वित्त मंत्री ने कहा, पंजीकृत डीलरों से कर राजस्व बढ़ाने के लिये विभाग ने सही जीएसटी फाइलिंग और अनुपालन सुनिश्चित किया, जिससे 93 प्रतिशत पंजीकृत करदाता नियमित रूप से समय पर रिटर्न भर रहे हैं। विभाग द्वारा उन्नत डेटा विश्लेषण उपकरणों को एकीकृत करने के लिये आईआईटी हैदराबाद के साथ सहयोग करने के अलावा, कर राजस्व में रिसाव रोकने के लिये निर्णायक जांच मॉडल लागू किये गये और कर चोरी करने वालों पर जुर्माने लगाये गये।

# महाकुंभ में जाने से पहले स्थिति पर नजर रखें, सामान्य स्थिति में ही यात्रा में आगे बढ़ें: यादव

एजेंसी < भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार प्रयागराज महाकुंभ में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार प्रयागराज महाकुंभ के मद्देनजर सीमावर्ती जिलों विशेष रूप से रीवांचल में कुंभ यात्रियों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ यादव ने जारी अपने संदेश में कुंभ यात्रियों, श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपनी यात्रा प्रारंभ करने से पहले भीड़/जाम की स्थिति पर नजर बनाए रखें और आवागमन के रास्तों की जानकारी पहले से ही जुटा लें। अगर सफर में कोई कठिनाई दिखाई दे, तो यात्रा कुछ दिन के लिए स्थगित करें और रोड क्लियर होने पर ही यात्रा पर आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यद्यपि सरकार कुंभ यात्रियों, श्रद्धालुओं के लिए सभी चौक-चौबंद व्यवस्थाएं कर रही है, तथापि श्रृद्धालु कुछ जरूरी सामान साथ लेकर भी चलें, जिससे अगर रास्ते में कहीं रुकना पड़े, तो किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

## मिशन जीवनजोत के लिये 15.95 करोड़ रुपये जारी किये: डॉ. कौर

**चंडीगढ़।** पंजाब के सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने मंगलवार को कहा कि सरकार ने मिशन जीवनजोत के तहत बेसहारा बच्चों के लिये चालू वर्ष 2024-25 में 15.95 करोड़ रुपये जारी किये हैं। कैबिनेट मंत्री डॉ. कौर ने बताया कि राज्य सरकार ने आठ जुलाई 2024 से जीवनजोत प्रोजेक्ट शुरू किया था। इस प्रोजेक्ट को जिला स्तरीय टास्क फोर्स के माध्यम से लागू किया जा रहा है। इसका उद्देश्य भीख मांगने में शामिल बच्चों को बचाना, उनका पुनर्वास करना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है। विभिन्न जिलों में इस अभियान के तहत जुलाई माह से अब तक 268 बच्चों को भीख मांगने से बचाया गया है।

# फायरिंग कर घर में घुसे चार अपराधियों को पुलिस ने हिरासत में लिया

**पटना।** बिहार में पटना के रामकृष्णा नगर थाना क्षेत्र के रामलखन पथ में फायरिंग करते हुए एक मकान में घुसे चार अपराधियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अवकाश कुमार ने यहां बताया कि पुलिस जमीनी विवाद को लेकर रामलखन पथ पर जांच के लिए पहुंची थी। इस दौरान बदमाशों ने चार राउंड गोली चलाई लेकिन पुलिस की तरफसे एक भी गोली नहीं चली। घटना की सूचना मिलते ही चार थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। इसके बाद स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को भी बुला लिया गया। कुमार ने बताया कि जिस मकान में अपराधियों के छुपे होने की सूचना मिली थी उसे और उसके आसपास के घरों में भी तलाशी ली गई। इस दौरान चार बदमाशों को हिरासत में लिया गया। पुलिस हिरासत में लिए गए अपराधियों से पूछताछ कर रही है।



# उपेंद्र कुशवाहा के संसदीय जीवन पर लिखित पुस्तक का विमोचन 28 फरवरी को

एजेंसी < पटना
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो )सुप्रीमो एवं राज्यसभा में सांसद उपेंद्र कुशवाहा के संसदीय जीवन पर लिखित पुस्तक 'संसदीय लोकतंत्र के संघर्षनायकः उपेंद्र कुशवाहा' का विमोचन 28 फरवरी को बिहार विधान परिषद के सभागार में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद कुशवाहा होंगे। पुस्तक के लेखक और राष्ट्रीय लोक मोर्चा बिहार के प्रदेश महासचिव एवं प्रखर प्रवक्ता राम पुकार सिन्हा ने बताया कि इस कार्यक्रम में जाने माने पत्रकार ,साहित्यकार,लेखक, राजनीतिक व समाजवादी विचारक शामिल होंगे। सिन्हा ने बताया कि कुशवाहा ने राज्यसभा, लोकसभा,बिहार विधान परिषद एवं बिहार विधानसभा का प्रतिनिधित्व करने वाले वैसे राजनेता है जिन्होंने संघर्ष कर अपनी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बनाए है। यह पुस्तक आज के जमीनी राजनीतिक कार्यकर्ताओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। राम पुकार सिन्हा की लिखित यह पांचवीं पुस्तक है।

# कांग्रेस के बहकावे में कभी नहीं आयेगा दलित समाज : मायावती

**लखनऊ।** कांग्रेस के नेता एवं पूर्व सांसद उदित राज के विवादित बयान पर पलटवार करते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने कहा कि उनके मानवतावादी संघर्ष का हर स्तर पर तिरस्कार करने वाली कांग्रेस दलित शोषित वर्ग की विश्वसनीय नहीं हो सकती और दलित समाज कभी भी इसके बहकावे में नहीं आयेगा। मायावती ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट किया बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के जीतेजी व उनके देहान्त के बाद भी, करोड़ों शोषित-पीड़ित दलितों/बहुजनों के लिए उनके आत्म-सम्मान एवं स्वाभिमान के मानवतावादी संघर्ष का हर स्तर पर तिरस्कार करने वाली खासकर कांग्रेस पार्टी कभी भी इनकी सोच-नीतियों पर खरी व विश्वसनीय नहीं हो सकती। उन्होने कहा विशुद्ध राजनीतिक व चुनावी स्वार्थ के लिए कांग्रेस 'जय बापू, जय भीम, जय मण्डल, जय संविधान' आदि के नाम पर चाहे जितने भी कार्यक्रम क्यों न कर ले, बाबा साहेब के अनुयाई इनके किसी बहकावे में आने वाले नहीं हैं। वे जागरुक व सतर्क तथा अपने पैरों पर खड़े होने के लिए संघर्षरत हैं।



# पानी के क्षेत्र में पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध : भजनलाल

**उदयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सरकार को प्रदेश को पानी के क्षेत्र में पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध बताते हुए कहा है कि इसके लिए एक वर्ष के कार्यकाल में हमने प्रदेश में जल उपलब्धता बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लेने के साथ अभूतपूर्व कार्य किए हैं। शर्मा एक निजी होटल में जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में पानी एक मूलभूत आवश्यकता है। प्रदेश की आठ करोड़ जनता को पर्याप्त मात्रा में पेयजल और सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने जल स्रोतों का विकास कर उनकी जल संग्रहण क्षमता बढ़ाने सहित कई कदम उठाए हैं।



# केआईआईटी कुलपति ने नेपाली छात्रा की आत्महत्या पर मांगी माफी

एजेंसी < भुवनेश्वर
www.dailypioneer.com

ओडिशा में कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय के कुलपति सरनजीत सिंह ने नेपाल की एक बी.टेक छात्रा की आत्महत्या के बाद विश्वविद्यालय में हुई अप्रिय घटनाओं के लिए माफी मांगी। केआईआईटी के कुलपति ने कहा, सोलह फरवरी की शाम हमारे परिसर में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना से हम बेहद स्तब्ध हैं। उन्होंने केआईआईटी स्टाफके कुछ सदस्यों द्वारा आंदोलनकारी छात्रों के साथ किए गए व्यवहार पर खेद व्यक्त किया और कहा, हम अपने छात्रों से प्यार करते हैं और हमने कभी उनका अपमान नहीं किया है। कुलपति ने कहा कि दो अधिकारियों द्वारा की गई टिप्पणियां बेहद गैरजिम्मेदाराना थीं। उन्होंने स्वीकार किया कि यद्यपि टिप्पणियाँ क्षणिक उत्तेजना में की गई थीं, विश्वविद्यालय उनके कार्यों का समर्थन नहीं करता है। सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय ने दोनों अधिकारियों को सेवा से हटा दिया है और उन्होंने अपने व्यवहार के लिए माफी भी मांगी है। उन्होंने कहा, हम, जो कुछ भी हुआ उसके लिए माफी मांगते हैं और नेपाल सहित सभी छात्रों के प्रति अपना प्यार और स्नेह प्रेषित करते हैं। हम उनसे उतना ही प्यार करते हैं जितना हम भारत और बाकी दुनिया के लोगों से करते हैं। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय ने नेपाली छात्रों से तत्काल प्रभाव से नियमित शैक्षणिक गतिविधियों में शामिल होने का आग्रह किया है। केआईआईटी विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने छात्रों पर हमला करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद दो सुरक्षा स्टाफ सदस्यों को भी बर्खास्त कर दिया। केआईआईटी सूत्रों के अनुसार, नेपाली छात्रों की वापसी की सुविधा के लिए परिसर में एक समर्पित नियंत्रण कक्ष 24×7 चालू है। विश्वविद्यालय ने नेपाली छात्रों के लिए अनिश्चितकाल की घोषणा कर दी थी और उन्हें सोमवार को अपने छात्रावास के कमरे खाली करने को कहा था। छात्रों को उनके देश लौटने के लिए दो बसों में कटक ले जाया गया। इस बीच, पुलिस ने लड़की की आत्महत्या के मामले में आरोपी बी.टेक तृतीय वर्ष के छात्र को गिरफ्तार कर लिया है। और सोमवार को एक स्थानीय अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने सोमवार को इस घटना पर चिंता व्यक्त की और कहा कि उनकी सरकार ने प्रभावित छात्रों को परामर्श देने के लिए नई दिल्ली में नेपाली दूतावास से दो अधिकारियों को भेजा है। उन्होंने उल्लेख किया कि यह सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था की गई थी कि नेपाली छात्रों के पास अपनी पसंद के आधार पर या तो अपने छात्रावासों में रहने या घर लौटने का विकल्प हो। ओडिशा विधानसभा के चल रहे बजट सत्र में केआईआईटी का मुद्दा उठाया गया।

# उमेश-चैम्पियन विवाद में उमेश ने हाईकोर्ट से पक्षकार बनाने की मांग की

एजेंसी < नैनीताल
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड उच्च न्यायालय में चल रहे हरिद्वार खानपुर के निर्दलीय विधायक उमेश शर्मा व पूर्व विधायक प्रणव सिंह चैंपियन मामले में मंगलवार को नया मोड़ आ गया है। विधायक उमेश कुमार की ओर से अदालत में प्रार्थना पत्र दायर कर पक्षकार बनाने और उसका पक्ष सुनने की मांग की गयी है। अदालत ने प्रार्थना पत्र स्वीकार करते हुए सुनवाई के लिए चार मार्च की तिथि तय कर दी है। विधायक उमेश कुमार की ओर से उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता कपिल सिब्बल की ओर से पक्ष रखा गया। विधायक और पूर्व विधायक के बीच हाल ही में हुई गोलीबारी की घटना का न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की पीठ ने स्वतः संज्ञान लिया है। अदालत ने प्रार्थना पत्र पर प्रतिवादियों को आपत्ति दर्ज करने को कहा है। साथ ही सुनवाई के लिए चार मार्च की तिथि तय कर दी है। अदालत ने मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा था कि देवभूमि में बाहुबली प्रदर्शन शर्मनाक व अक्षम्य है और इससे देवभूमि शर्मसार हुई। अदालत का मानना है कि यह सुप्रीम कोर्ट के अश्विनी कुमार उपाध्याय बनाम यूनियन ऑफइंडिया मामले में दिए गए आदेश का उल्लंघन है।

# पटना में अलग-अलग आपराधिक मामले में 66 अपराधी गिरफ्तार

**पटना।** बिहार के पटना जिले में अपराध नियंत्रण एवं अपराधकर्मियों पर अंकुश लगाने के लिए अलग-अलग आपराधिक मामले में 66 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय सूत्रों ने बताया कि अपराध नियंत्रण एवं अपराधकर्मियों पर अंकुश लगाने के लिए पटना जिले से अपराधकर्मी, अभियुक्त,शराब तस्कर, होम डिलेबर, शराब पीने वाले की गिरफ्तारी की गयी है।

# फरीदकोट में बस नाले में गिरी, छह की मौत

**फरीदकोट।** पंजाब के फरीदकोट में कोटकपूरा मार्ग पर के निजी कम्पनी की बस ट्रक से टकरा कर नाले में गिरने से एक बच्चा समेत छह लोगों की मौत हो गई जबकि 25 लोगों के घायल होने की सूचना है। घायलों में दो की हालत गंभीर है। फरीदकोट की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रज्ञा जैन ने बताया कि नाले पर गहरी धुंध होने के कारण से टक्कर के बाद बस खाई में गिरी, जिसमे एक बच्चा समेत छह लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि 25 लोगों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। इनमें दो लोगों की स्थिति गंभीर है। बताया जा रहा है कि बचाव दल के पहुंचने तक यात्रियों को बचाने के लिए स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे।
अभियान जारी है।



# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर समाज के मानदंडों के खिलाफ कुछ भी बोलने की छूट नहीं

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में यूट्यूबर पर सवाल उठाते हुए कहा कि समाज के कुछ मूल्य होते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने शो में रणवीर को आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर लताड़ा है। कोर्ट ने कहा है कि उनके दिमाग में गंदगी है, जो यूट्यूब शो पर उगल दी गई। सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किए हैं, 'समाज के मूल्य क्या हैं? ये पैरामीटर क्या हैं, क्या आप जानते भी हैं'। सुप्रीम कोर्ट ने इन्फ्लुएंसर रणवीर इलाहाबादिया के वकील से पूछा, 'समाज के कुछ स्व-विकसित मूल्य हैं।

## समाज के मानदंडों के खिलाफ कुछ भी बोलने की छूट नहीं

इस मामले के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने रणवीर अल्लाहबादिया को कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी को भी समाज के मानदंडों के खिलाफ कुछ भी बोलने की छूट नहीं है। **सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- अश्लीलता और फूहड़ता के मापदंड क्या हैं?** यूट्यूबर और पॉडकास्टर रणवीर अल्लाहबादिया ने समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में परिवार एवं माता-पिता को लेकर आपत्तिजनक व अभद्र टिप्पणी की थी। वे इस शो में बतौर गेस्ट शामिल हुए थे। उनकी इस अश्लील टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई। सुप्रीम कोर्ट ने अल्लाहबादिया के वकील से पूछा कि 'अश्लीलता और फूहड़ता के मापदंड क्या हैं?

## 'इस तरह के व्यवहार की निंदा की जानी चाहिए'

कोई व्यक्ति अगर सोचता है कि वह इतना लोकप्रिय है, सिर्फ इसलिए क्या वह किसी भी तरह के शब्द बोल सकता है? क्या वह पूरे समाज को हल्के में ले सकता है? क्या धरती पर कोई ऐसा है, जो इस भाषा को पसंद करेगा? सुप्रीम कोर्ट ने अल्लाहबादिया की टिप्पणी पर कहा कि उनके दिमाग में कुछ बहुत गंदा है, जो उगल दिया गया है।

# सीईसी नियुक्ति की अधिसूचना पर कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने नये मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) की नियुक्ति की अधिसूचना को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए इसे केंद्र की मनमानी करार दिया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार हर कदम पर संविधान की भावना को ठेस पहुंचा रही है। पार्टी ने कहा कि जब सीईसी की नियुक्ति से संबंधित मामले की सुनवाई बुधवार को उच्चतम न्यायालय में होनी है तो सरकार को नियुक्ति सम्बन्धी फैसले को एक दिन के लिए स्थगित करने में दिक्कत नहीं होनी चाहिए थी लेकिन वह संविधान को नष्ट करने में लगी है और इसलिए इस तरह के मनमाने कदम उठा रही है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, सरकार ने आधी रात को जल्दबाजी में नये मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है।

# मुख्य चुनाव आयुक्त, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी कानून की वैधता पर सुनवाई आज

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी वर्ष 2023 के जिस नए कानून पर भरोसा जताते हुए ज्ञानेश कुमार को मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया है, उसकी वैधता को चुनौती देने वाली विचारधाराधीन याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय बुधवार को प्राथमिकता से सुनवाई कर सकता है। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ के समक्ष मंगलवार को गुहार लगाते हुए एनजीओ-एडीआर की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने सुनवाई करने करने के लिए दलीलें दीं। उन्होंने दलील दी ,याचिका पर बुधवार को सर्वोच्च न्यायालय में विचार किया जाना चाहिए, क्योंकि यह हमारे लोकतंत्र के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सर्वोच्च प्राथमिकता से विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने दलील देते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार कथित रूप से अनूप बरनवाल मामले में संविधान पीठ के फैसले का मजाक उड़ा रही है। उन्होंने कहा, नए अधिनियम 2023 को हमने और कई अन्य लोगों ने शीर्ष अदालत में चुनौती दी है और यह विचाराधीन है। केंद्र सरकार ने नए 2023 अधिनियम पर भरोसा करते हुए सोमवार 17 फरवरी 2025 को ज्ञानेश कुमार को मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया। हालांकि, पीठ ने अधिवक्ता भूषण से बुधवार को मामले का उल्लेख करने को कहा। इसने यह भी बताया कि न्यायालय ने पहले 2023 कानून के क्रियान्वयन पर रोक लगाने की याचिका को अस्वीकार कर दिया था। इस पर भूषण ने कहा कि मामले को आइटम नंबर 41 के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, इसलिए इसे तब सुनवाई के लिए नहीं लिया जा सकता है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि 2023 के इस कानून ने शीर्ष न्यायालय के पिछले फैसले को प्रभावी रूप से कमजोर कर दिया है।

श्रीमद् भागवत कथाः गोपी उद्धव संवाद, रुख्मणी मंगल विवाह एवं सुदामा चरित्र की कथा का वर्णन

# भगवान पर विश्वास है, तो भगवान हर स्थिति में अपने भक्तों की रक्षा करते हैं: आचार्य बांके बिहारी गोस्वामी

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com








श्रीबालाजी हॉस्पिटल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में मंगलवार को गोपी उद्धव संवाद, रुख्मणी मंगल विवाह एवं सुदामा चरित्र की कथा का आचार्य बांके बिहारी महाराज के द्वारा वर्णन किया गया। कथा व्यास ने कहा कि भगवान पर अटूट विश्वास होना चाहिए, यदि अटूट विश्वास है तो भगवान हर स्थिति में अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। वैसे तो भगवान श्रीहरि के अनेकों अवतार हुए, परंतु कृष्णावतार को पूर्ण परमात्मा कहा जाता है, क्योकि वही एकमात्र अवतार थे जो 64 कलाओं से परिपूर्ण थे। कृष्णावतार में भगवान ने प्रेम भी सिखाया, धर्म मार्ग पर चलना भी सिखाया और व्यक्ति की मृत्यु किस प्रकार होनी चाहिए इसका बोध भी जन मानस को कराया। परंतु भगवान कृष्ण ने जितना प्रेम मैय्या यशोदा, नन्द बाबा एवं गोप-गोपियों को दिया, उससे कहीं ज़्यादा दुख उन्हें कन्हैया के वृन्दावन छोड़ने का, उनके वियोग का हुआ। भागवत पुराण के मुताबिक यह प्रसंग उस समय का है जब श्री कृष्ण कंस वध हेतु वृन्दावन छोड़ मथुरा आए और वही रहने लगे, तब एक दिन उद्धव जब कन्हैया के पास आए तो उन्हें देख कन्हैया रोने लगे।

उद्धव के पूछने पर कन्हैया ने उद्धव को बताया कि उन्हें मैय्या यशोदा, नन्द बाबा सहित सभी गोप-गोपियों की याद आ रही है, परंतु वो मजबूर थे क्योंकि अब वापस वृन्दावन जाना उनकी लीला में नहीं था। तब श्री कृष्ण ने उद्धव से वृन्दावन जाकर उनका संदेश सभी हितैषीजनो को देने का आदेश दिया। उद्धव, गुरु बृहस्पति के शिष्य होने के कारण परमज्ञानी थे, उन्हें वेद, शास्त्रों का सम्पूर्ण ज्ञान प्राप्त था एवं वो कृष्ण को भगवान रूप में ही मानते थे। रुख्मणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुख्मणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर आयोजक मंडली की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण व रुख्मणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। भागवत कथा में महाराज ने गोपी उद्धव संवाद, रुख्मणी मंगल विवाह एवं सुदामा चरित्र कथा सुनकर पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम के दौरान भक्तों द्वारा कृष्ण-रुख्मणी विवाह से जुड़ी मनोहारी झांकी प्रस्तुत की गई। जिसे देख पूरा पंडाल श्रीकृष्ण के जयकारे से गुंजायमान हो उठा। भजन गीतों से सुरों में सभी श्रोता झूमने लगे। कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया।

# मुख्यमंत्री से रायपुर-बिलासपुर की नव निर्वाचित महापौर ने की मुलाकात



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास पर रायपुर एवं बिलासपुर नगर निगम की नव निर्वाचित महापौर मीनल चौबे एवं पूजा विधानी ने मुलाकात की। साय ने उन्हें नव दायित्व के लिए बधाई एवं सफल कार्यकाल हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दोनों ही नगर निगमों की जनता ने भाजपा सरकार के कार्यों पर अटूट विश्वास करते हुए पर अपना पूर्ण विश्वास भाजपा पर जताया है और दोनों ही शहरों में ट्रिपल इंजन की सरकार बनी है। आप दोनों महापौर की जिम्मेदारी है कि नगर के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तन्मयता से कार्य करें। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत उपस्थित रही।

# हार के लिए वोटिंग मशीन नहीं कांग्रेस की करनी है जिम्मेदार : किरण देव

पायनियर संवाददाता ✓ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय चुनावों में कांग्रेस द्वारा अपनी करारी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़े जाने को लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं जगदलपुर के विधायक किरण सिंह देव जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी करनी के कारण लगातार हार रही है, फिर भी उसके नेताओं को अपनी कमियां नजर नहीं आ रही हैं। पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि कांग्रेस हर बार हारने के बाद दोष ईवीएम पर मढ़ देती है, उसे अपनी कमियां और खामियां कभी नजर नहीं आतीं, जिनकी वजह से जनता उसे लगातार नकारती जा रही है। किरण देव ने कहा कि कांग्रेस को किसी भी संवैधानिक संस्था पर भरोसा नहीं है। न्याय पालिका के फैसलों को भी कांग्रेस के नेता नकारने लग जाते हैं। देव ने कहा जनता के फैसले का सम्मान करना न जाने कांग्रेस के नेता कब सीखेंगे? प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि इसी ईवीएम से हुए में मतदानमें कांग्रेस कई चुनाव जीती है, विधानसभा और लोकसभा में उनके सदस्य चुनकर पहुंचे हैं, फिर भला ईवीएम पर दोष क्यों? किरण सिंह देव ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करना कांग्रेस की फितरत बन गई है। कांग्रेस कई प्रदेशों में ईवीएम के जरिए ही सत्तासीन हुई है, तब कांग्रेस के नेताओं के लिए ईवीएम अच्छी थी। श्री देव ने कहा कि कांग्रेस को जनता ठुकराती आ रही है, फिर भी कांग्रेस के नेता मुगालते पाले बैठे हैं, उनमें दम नहीं है कि कह सकें जनता ने हमें नकार दिया है। कांग्रेस की दुर्गति का कारण है उसके नेताओं का अहंकार, जनादेश का अपमान, संवैधानिक संस्थाओं का अनादर करना, अदालती फैसलों का अपमान करना। कांग्रेस जहां जहां सत्ता में रही, वहां जनता के लिए कुछ नहीं किया। देव ने कहा कि अब जनता जागरूक हो चुकी है, उसे थोथी बातों, थोथी घोषणाओं और थोथे नारों से भ्रमित नहीं किया जा सकता, बरगलाया नहीं जा सकता। किरण सिंह देव ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के लोगों ने दुष्प्रचार किया था कि मोदी फिर से सत्ता में आएंगे तो संविधान को बदल देंगे, खत्म कर देंगे।

# कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक, जनदर्शन के आवेदनों पर प्राथमिकता के साथ निराकरण के निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में शासन की योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने समय-सीमा में तथा जनदर्शन में लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने एग्रीटेक परियोजना के तहत किसानों के पंजीयन की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी किसानों के पंजीयन के निर्देश दिए। इसके माध्यम से कृषकों को शासन की योजनाओं का लाभ पारदर्शी ढंग से मिल पाएगा। उन्होंने नियद नेल्लानार योजना के तहत पोर्टल में एंट्री कार्य में भी प्रगति सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा सहकार से समृद्धि योजना के तहत सहकारी समितियों के गठन की प्रगति पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने अधिक से अधिक समितियों के गठन हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों की आय में वृद्धि हो सके। कलेक्टर ने जिले में नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के लिए सभी विकास खंडों में नियमित रूप गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को दिए गए। साथ ही जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही की विभागवार समीक्षा की गई, जिसमें कलेक्टर ने एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित आवेदनों के निराकरण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए।

## राज्यपाल डेका ने असम के राज्यपाल आचार्य से की भेंट



रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका ने गुवाहाटी मे असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य से सौजन्य भेंट की।

## ग्राम पंचायत व साप्ताहिक बाजार कोहकामेटा में नेशनल लोक अदालत का किया गया प्रचार प्रसार

**नारायणपुर।** जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव उत्तरा कुमार कश्यप के मर्गदर्शन में एवं गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव कुमारी प्रतिमा मरकाम मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति नारायणपुर के आदेश अदेशानुसार एवं चंद्र प्रकाश कश्यप रिटेनर अधिवक्त I नारायणपुर प्रबंधन कार्यालय के नेतृत्व मे 08 मार्च को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के संबंध में ग्राम पंचायत कोहकामेटा वासियों को जानकारी दी गई।

# विज्ञान प्रौद्योगिकी व पर्यावरण विषय पर किया गया क्विज का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर एवं शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर के ग्रंथालय विभाग एवं भौतिकी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विज्ञान,प्रौद्योगिकी और पर्यावरण विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु 60 प्रतिभागियों ने पंजीयन करवाया था और क्विज में 54 प्रतिभागी शामिल हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष संजय कुमार पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 की थीम विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना है। यह दिवस हमारे देश के महान वैज्ञानिक सर सी.वी. रमन की खोज जो श्रमन प्रभावश् के नाम से जाना जाता है की स्मृति में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण के क्षेत्र में हुए नवाचार से अवगत कराना तथा उनका सार्थक प्रयोग अपने शैक्षणिक कार्य एवं सामाजिक कल्याण के लिए करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। इस प्रतियोगिता में योजेन्द्र कुमार दीवान बी.ए. तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान तथा दिलीप कुमार बी. ए. तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिन्हें जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा और साथ ही साथ प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता 22 फरवरी 2025 को सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को क्रमशः 1000, 750 और 500 रूपये नगद पुरस्कार सह प्रशस्ति पत्र विज्ञान दिवस के अवसर पर 28 फरवरी को प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इस क्विज प्रतियोगिता में इसरो के वर्तमान अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय एमआरआई मशीन,इन्सुलिन और दूध का घटिया श्रोत जैसे बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए। इस अवसर पर भौतिक विभाग के विभागाध्यक्ष भगवान दास चांडक ने सी.वी. रमन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह दिवस हमारे देश के महान वैज्ञानिकों की खोजो और उनकी उपलब्धियां को याद करने का दिन है। इस प्रतियोगिता का मूल्यांकन महाविद्यालय के लाइब्रेरियन संजय कुमार पटेल के संयोजन में अतिथि व्याख्याता डॉ. मीनाक्षी ठाकुर, डॉ. लंकेश यशवंत भैसारे, हंसराज भाषगौरी, प्रफुल्ल गेडाम, प्रशांत कुमार साहू, कुंभकार के द्वारा किया गया।



# बोर्ड परीक्षा की सभी तैयारी करें सुनिश्चित, राशनकार्ड ई केवाईसी के कार्यो को करें पूर्ण, कलेक्टर अग्रवाल ने समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय सीमा की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में कक्षा पांचवी और आठवीं की परीक्षा के केंद्रीयकृत आयोजन की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को परीक्षा के सुचारू आयोजन की सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में योजनाओं के सैचुरेशन की भी जानकारी ली। साथ ही स्कूली बच्चों के आय, निवास एवं जाति प्रमाण पत्र निर्माण की जानकारी लेकर कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने राशन कार्ड ई केवाईसी, किसान सम्मान निधि, ई केवाईसी, लैंड सीडिंग एवं आधार अपडेशन की प्रगति की भी समीक्षा करते हुए कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, नवीन भगत सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे। कलेक्टर अग्रवाल ने बैठक में ई एचआरएमएस में क्रियान्वयन, फार्मर्स रजिस्ट्री, ई ऑफिस क्रियान्वयन, बॉयोमेट्रिक उपस्थिति, विभागो के लंबित भुगतान, फॉरमर्स रजिस्ट्री, लोकसभा चुनाव के लंबित भुगतान, विभिन्न योजनाओं के सेचुरेशन, पीएम किसान सम्मान निधि, ईकेवायसी, लैंड सीडिंग, आंकाक्षी ब्लॉक के इंडीकेटर, आंगनबाड़ी कार्यकता एवं सहायिका लंबित नियुक्ति, अनुकम्पा नियुक्ति, अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित अधिकारी- कर्मचारियों पर कार्यवाही, कार्यालयों में समय पर उस्थिति एवं लंबित शिकायतों के प्रकरणों आदि की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शैक्षणिक संस्थान के आसपास तम्बाकू उत्पाद के सामग्री प्रतिबंधित करने को कहा। स्कूलों के लिए रंग-रोगन, लघु मरम्मत एवं अन्य कार्यो के लिए जो राशि स्वीकृति की गई है उसे शीघ्र करायें। विभागीय अधिकारी लंबित देयकों का निराकरण करें। यदि बजट की कमी है तो उच्च कार्यालय से मांग करें। कलेक्टर ने बैठक में उल्लास कार्यक्रम की प्रगति एवं अपार आईडी निर्माण के संबंध में भी जानकारी लेकर कार्यो में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

# गरियाबंद और मैनपुर विकासखंड में कुल 86.06 प्रतिशत हुआ मतदान

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत जिले के दो विकासखंड गरियाबंद एवं मैनपुर में सोमवार को हुए मतदान के लिए मतदाताओं में अभूतपूर्व उल्लास एवं उत्साह रहा। दोनों विकासखंड के कुल 136 ग्राम पंचायतों के मतदान केन्द्रों में वोटिंग सम्पन्न हुआ। इनमें मैनपुर के 74 एवं गरियाबंद के 62 ग्राम पंचायत शामिल है। इसके परिणाम स्वरूप गरियाबंद और मैनपुर विकासखंड में कुल 86.06 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके अंतर्गत वनांचल क्षेत्र मैनपुर विकासखंड में 86.42 प्रतिशत एवं गरियाबंद में 85.53 प्रतिशत मतदान हुआ। जिले के दोनों विकासखंड के कुल एक लाख 36 हजार 512 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इनमें मैनपुर के 81 हजार 234 एवं गरियाबंद के 55 हजार 278 मतदाता शामिल है। पंचायत निर्वाचन के पहली चरण के अंतर्गत हुए मतदान दिवस में सुबह से ही लोगों में मतदान के लिए अच्छा खासा उत्साह रहा, जो मतदान समाप्ति तक बना रहा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में पहली चरण के त्रि-स्तरीय पंचायत मतदान कार्य शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न हुआ। मतदान में महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों, दिव्यांजनों सहित सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता रही। उल्लेखनीय है की कलेक्टर अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में सफलतापूर्वक निर्वाचन संपादन के लिए मतदान केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। केंद्रों में पानी, छाया, बैठक व्यवस्था, मतदाता मित्र, व्हीलचेयर सहित आदर्श मतदान केन्द्र आदि की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। इसके फलस्वरूप सोमवार को मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदान के लिए मतदाताओं की लम्बी लाईन लग गई थी। सभी मतदाताओं ने कतार में लगकर बारी-बारी से अपने मताधिकार का प्रयोग किया और यह सिलसिला मतदान समाप्ति तक चलता रहा।

# जनपद सदस्य प्रत्याशी राजकुमारी कमल का जनसंपर्क जारी

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



पलारी जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 15 से राजकुमारी होरीलाल कमल द्वारा अपने ग्राम पंचायत ओड़ान की दो बार की सरपंच रही और दोनों बार ग्राम में निरंतर जन सेवा करते हुए गांव में नल जल से लेकर सीसी रोड, स्वच्छ अस्पताल, एवं आत्मानंद स्कूल सहित 1000 से अधिक राशन कार्ड अपने गांव के ग्रामीणों को बना करके जन सेवा की इरादा को लेकर आगे बढ़ते हुए सोमवार के दिन उन्होंने जनपद सदस्य पद के लिए प्रचार प्रसार कर रही हैं जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 15 से वे ग्राम सेमरिया नवागांव, टीपावन, लकड़िया ओड़ान की जनता के बीच जाकर सघन जनसंपर्क कर रही है और अपना आशीर्वाद व वोट देकर अपने क्षेत्र की जनपद सदस्य बनाने की आग्रह जनता से कर रही है इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उनके साथ मौजूद रहे एवं उनके समर्थन में वोट देने की मांग करते हुए दिखे।

# बाल विवाह रोका गया

**गरियाबंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला बाल संरक्षण इकाई के टीम बाल विवाह रोकने में कामयाबी मिली है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार मैनपुर विकासखंड के एक गांव में बाल विवाह होने की तैयारी चल रही थी। जिस पर 13 फरवरी 2025 को जिला बाल संरक्षण इकाई एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर बालिका की आयु संबंधी दस्तावेज दाखिल खारिज के आधार पर आयु सत्यापन किया गया। जिसमें बालिका की आयु 15 वर्ष 8 माह होना पाया गया। ज्ञात हो कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार विवाह के लिए बालिका की आयु 18 वर्ष एवं लड़के की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना चाहिए। जिला बाल संरक्षण टीम द्वारा बालिका के परिजनों एवं ग्रामीण जनों को समझाईश दी गई कि बालिका के 18 वर्ष पूर्ण होने पर ही विवाह करें। सभी लोगों ने उक्त समझाईश पर सहमति जताई। निर्धारित आयु से कम आयु में विवाह करने या करवाने की स्थिति में सम्मिलित व सहयोगी सभी लोग अपराध की श्रेणी में आते है। इसके लिए 02 वर्ष तक का कठोर कारावास एवं एक लाख रूपये का जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता।

# पंचायत चुनाव : बसना-सरायपाली में 83.80 प्रतिशत मतदान

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत जिले के बसना एवं सरायपाली विकासखंड में प्रथम चरण का मतदान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बिना किसी बाधा के शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ। दोनों ब्लॉकों में मतदाताओं ने बड़ी संख्या में मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बसना और सरायपाली में कुल मतदान प्रतिशत 83.80 दर्ज किया गया, जिसमें पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 83.70 और महिला मतदाताओं का प्रतिशत 83.90 रहा। जनपद पंचायत बसना अंतर्गत 102 ग्राम पंचायतों में तक एक लाख 41 हजार 88 मतदाताओं में से कुल एक लाख 16 हजार 516 (82.58 प्रतिशत) मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जिसमें पुरुष मतदाता 57 हजार 367 (82.31 प्रतिशत) व महिला मतदाता 59 हजार 149 (82.85 प्रतिशत) शामिल है। इसी तरह जनपद पंचायत सरायपाली अंतर्गत 107 ग्राम पंचायतों में एक लाख 41 हजार 618 मतदाताओं में से कुल एक लाख 20 हजार 395 (85.01 प्रतिशत) मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग करते हुए अपनी भागीदारी निभाई। जिसमें पुरुष मतदाता 59 हजार 866 (85.07 प्रतिशत) व महिला मतदाता 60 हजार 529 (84.96 प्रतिशत) शामिल है। मतदान के दौरान क्षेत्र में शांतिपूर्ण वातावरण बना रहा और मतदाता उत्साह के साथ अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचे। ग्रामीण क्षेत्रों में खासकर महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही, जिसने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और सशक्त किया। मतदान केंद्रों पर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे मतदाता निर्भीक होकर मतदान कर सके।

# पर्व स्नान के लिए त्रिवेणी संगम का है विशेष महत्व, प्रशासन द्वारा बनाए गए है विभिन्न कुंड

पायनियर संवाददाता ➤ राजिम
www.dailypioneer.com



विभिन्न पर्वों में स्नान के लिए त्रिवेणी संगम का अलग ही महत्व है। मान्यता है कि पर्वो पर नदी में स्नान से व्यक्ति के जीवन के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। साथ ही व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। संगम में स्नान करने से स्नान और अधिक पुण्यकारी और फलदायी बन जाता हैं। इसके लिए राजिम कल्प कुंभ के दौरान आने वाले वाले पर्व स्नान एवं शाही स्नान के लिए कुण्ड का निर्माण किया गया है। आगामी 21 फरवरी को जानकी जयंती और 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर होने वाले पर्व स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के स्नान के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। प्रशासन द्वारा संत समागम स्थल, नेहरू घाट के पास स्नान कुंड बनाया गया है। कुंड के पास आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ के जवानों को तैनात किया गया है, ताकि स्नान के दौरान होने वाली अनहोनी को टाला जा सके। कुंड के पास ही महिलाओं की सुविधा के लिए अस्थाई चेंजिंग रूम की व्यवस्था की गई है। जिससे महिलाओ को स्नान के बाद कपड़े बदलने में असहजता महसूस न हो। कुण्ड में हमेशा साफ सुथरा पानी रहे इसके लिए आवश्यकतानुसार पानी छोड़ा गया है। प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालु स्नान के लिए भारी संख्या में उमड़ पड़ते है। लगातार बढ़ती हुई भीड़ को देखते हुए इस बार एक लाख से ज्यादा श्रद्धालु पर्व स्नान के लिए राजिम आ सकते है ऐसी संभावनाओं को देखते हुए तैयारियां की गई है।

# जूना अखाड़ा के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न, उमेशानंद गिरी बने अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ➤ राजिम
www.dailypioneer.com



राजिम कुंभ कल्प मेला में 21 फरवरी से 26 फरवरी तक संत समागम का आयोजन होगा। संत समागम में शामिल होने नागा साधु-संतों का आना प्रारंभ हो चुका है। लोमष ऋषि आश्रम में बड़ी संख्या जूना अखाड़ा के नागा साधु, संत पहुंचे हुए हैं। मेला सम्पन्न कराने जूना अखाड़ा में पदाधिकारियों का चुनाव किया गया है। जिसमें उमेशानंद गिरी महाराज को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं गोपाल गिरी महाराज उपाध्यक्ष चुने गए। इसी प्रकार दिगम्बर संतोष गिरी महाराज को संरक्षक, गोकुलगिरी को सचिव, सिद्धेश्वरी पुरी पद्मनीपुरी को कारोबारी, कमलेश्वर नंद सरस्वती को अन्य महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी दी गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियो ने अखाड़े की परम्परा और अनुशासन को बनाये रखने की प्रतिबद्धता जताई, ताकि साधु-संत और भक्तजन सुचारू रूप से अध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर सके। लोमष ऋशि आश्रम में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में नागा संतों, महंतों एवं बड़ी संख्या में भक्तों की मौजूदगी रही। बैठक में मौजूद संत समाज ने धार्मिक परम्पराओ के निर्वाहन के साथ ही भविष्य की योजनाओ पर भी चर्चा की।

# जिला प्रशासन की टीम ने एक दिन में रुकवाये दो बाल विवाह

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी टी जाटवर के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग के बाल संरक्षण इकाई जिले में बाल विवाह रोकने हेतु सक्रिय है। सूचना मिलते ही टीम तुरंत मौके पर जा कर छानबीन करती है और सूचना सही पाये जाने पर समझाईस की कार्यवाही की जाती है। शुक्रवार को सूचना मिली कि पलारी विकासखंड के ग्राम दतान एवं कौवाडीह में बाल विवाह हो रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी के त्वरित कार्यवाही के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास के नेतृत्व में जिला बाल संरक्षण इकाई, चाईल्ड लाईन, एकीकृत बाल विकास परियोजना एवं पुलिस थाना पलारी की संयुक्त टीम गांव गई जहॉ मौके पर शैक्षणिक दस्तावेजो का निरीक्षण करने पर शिकायत सही पाई गई। मौके पर विवाह के कार्यक्रम किये जा रहे थे जिसे संयुक्त टीम ने रुकवाया। टीम ने दोनो गांव में होने वाले विवाहों की जांच की जिसमें गांव दतान में एक 19 वर्षीय बालक तथा ग्राम कौवाडीह में 20 वर्षीय बालक का बाल विवाह होते पाया गया। सभी के यहॉं कथन पंचनामा तैयार किया गया। टीम ने अभिभावको का कथन शपथ पत्र लेकर बालकों का उम्र 21 वर्ष पूर्ण हो जाने पर ही विवाह किये जाने समझाईश दी।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 : अपना प्रतिनिधि चुनने ग्रामीणों ने दिखाया उत्साह

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 अंतर्गत प्रथम चरण में जिले के जनपद पंचायत भाटापारा एवं सिमगा के निर्वाचन क्षेत्रों में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। ग्रामीण सरकार में अपना प्रतिनिधि चुनने मतदाओं ने उत्साह दिखाया। सुबह से ही मतदान केंद्रों में लम्बी- लम्बी कतारें देखने को मिली जिसमें पहली बार वोट डालने वाले युवा खासे उत्साहित थे। मतदान के लिए निर्धारित अंतिम समय अपरान्ह 3 बजे तक था मतदान केंद्र परिसर के अंदर पहुंचने वाले सभी मतदाता मतदान करेंगे। मतदान समाप्ति उपरांत मतदान प्रतिशत की जानकारी देर शाम तक मिलने की संभावना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के मार्गदर्शन में सभी मतदान केंद्रों में मतदान के लिए बेहतर व्यवस्था की गई थी। जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल को जनपद पंचायत भाटापारा एवं अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे को जनपद पंचायत सिमगा के निर्वाचन क्षेत्रों में मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई थी। सोमवार को हुए मतदान में जनपद पंचायत भाटापारा अंतर्गत 227 और जनपद पंचायत सिमगा अंतर्गत 326 मतदान केंद्र शामिल थे। दोनों जनपद पंचायत क्षेत्रों में जिला पंचायत सदस्य सहित कुल 1854 पंचायत प्रतिनिधियों के लिए मतदान हुआ। द्वितीय चरण अंतर्गत 20 फ़रवरी 2025 को जनपद पंचायत कसडोल निर्वाचन क्षेत्र में मतदान होगा।

# सारंगढ़ गोलीकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, छापे के दौरान अवैध हथियार व शराब बरामद

पायनियर संवाददाता ➤ सारंगढ़
www.dailypioneer.com




सारंगढ़ गोलीकांड के मुख्य फरार आरोपी कृष्णा सिंह राजपूत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की तलाश में पुलिस ने व्यापक छापेमारी की। इस दौरान सारंगढ़-बिलाईगढ़ पुलिस ने अवैध गतिविधियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार किया और भारी मात्रा में अवैध हथियार एवं शराब बरामद की। थाना सिटी कोतवाली सारंगढ़ के अपराध क्रमांक 75/25 के तहत दर्ज धारा 296, 191(2), 191(3), 190, 109, 103(1) बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट में फरार आरोपी कृष्णा सिंह राजपूत की तलाश में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कई टीमों का गठन किया गया था। इस कार्रवाई के दौरान आरोपी के साथियों के ठिकानों पर छापेमारी की गई। थाना कोसीर पुलिस ने प्रशांत भारद्वाज उर्फ चिंकी (28 वर्ष) और जनार्दन टंडन (40 वर्ष), दोनों निवासी सिंहनपुर के घर दबिश दी। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से अवैध हथियार बरामद हुए। इस पर थाना कोसीर में अपराध क्रमांक 58/25 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई। इसी क्रम में आरोपी कृष्णा सिंह राजपूत की तलाश के दौरान पुलिस ने उसके अन्य साथी दिलीप यादव उर्फ गब्बर (24 वर्ष), निवासी सिंहनपुर के घर छापा मारा। यहां से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 56/25 धारा 34(2), 59(क) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की गई। इसके अलावा, कृष्णा सिंह राजपूत की पत्नी के भतीजे चमन लहरे (23 वर्ष) के घर छापेमारी के दौरान 50 लीटर महुआ शराब बरामद हुई। इस पर थाना कोसीर में अपराध क्रमांक 57/25 धारा 34(2), 59(क) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी चमन लहरे को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उनकी पूरी आपराधिक पृष्ठभूमि की जांच कर रही है और मुख्य आरोपी कृष्णा सिंह राजपूत की तलाश में लगातार प्रयास कर रही है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अपराध और अवैध गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# कुरूद जनपद पंचायत में दूसरे चरण का मतदान 20 फरवरी को, कलेक्टर ने नियुक्त किया सेक्टर मजिस्ट्रेट




**धमतरी।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत दूसरे चरण का मतदान जनपद पंचायत कुरूद में आगामी 20 फरवरी को होगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नम्रता गांधी ने पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्यों के मतदान के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तहसीलदार धमतरी सूरज बंछोर, नायब तहसीलदार विवेक चन्द्राकर और जितेन्द्र कुमार डहरे को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। यह आदेश मतदान दिवस तक प्रभावशील रहेगा।

# शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में 36 वीं वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, बलौदाबाजार में 14 एवं 15 फरवरी को 36 वीं वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वासु वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्जवलन कर छात्राओं को वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में बड़-चढ़ कर किस्सा लेने को कहा गया। प्राचार्य ने छात्राओं को कहा कि हमें शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए जीवन में खेल का महत्व बताया। यह केवल शारीरिक ताकत को नहीं बढ़ाता बल्कि अनुशासन, टीम वर्क, आत्मविश्वास जैसी महत्वपूर्ण क्षमताओं का विकास करता है और व्यक्तित्व को निखारता है। प्राचार्य डॉ. वासु वर्मा अपने समय में एक अच्छी एथलीक रही। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. सुलेखा राउत ने कहा कि खेलों में भाग लेने से हम अपने शरीर को स्वस्थ रखते है साथ ही मानसिक संतुलन भी बनाएं रखते है। किसी भी खेल में सफ्लता पाने के लिए कठोर मेहनत, समर्पण और निरंतर प्रयास की आवश्यकता रहती है। हमें जीवन में संघर्ष और सफलता की अहमियत सिखाता है। खेल से हम शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं मानसिक रूप से सशक्त और जीवन में सफलता प्राप्त करते है। वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में कुल 19 खेलों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्टॉफ विरूद्ध खिलाड़ियों के मध्य रस्सा खिंच प्रतियोगिता कराया गया जिसमें दोनों टीमों को सामुहिम रूप से ट्रॉफी प्रदान किया गया। वार्षिक प्रतियोगिताओं के परिणाम में 100 मी. दौड़- प्रथम टुकेश्वरी यादव, द्वितीय टाकेश्वरी ध्रुव, 200 मी. दौड़- प्रथम टाकेश्वरी ध्रुव, द्वितीय खिलेश्वरी, 400 मी. दौड़- प्रथम सुभद्रा पैकरा, द्वितीय खिलेश्वरी, 800 मी. दौड़- प्रथम श्वेता पैकरा, द्वितीय मोनिका कैवर्त्य, 1500 मी. दौड़- प्रथम आरती ध्रुव, द्वितीय गायत्री साहू, 5000 मी. दौड- प्रथम गायत्री साहू, गोलाफेंक- प्रथम सानिया महिलांगे, द्वितीय टुकेश्वरी यादव, तवाफेंक- प्रथम सानिया महिलांगे, द्वितीय कविता भारती, ऊँचीकूद- प्रथम सानिया महिलांगे, द्वितीय टुकेश्वरी यादव, लम्बीकूद- प्रथम टुकेश्वरी यादव, द्वितीय मोनिका कैवर्त्य , कैरम- प्रथम शारदा कंवर, द्वितीय मानसी कोसले, चायनिज चेकर- प्रथम प्रतिक्षा पैकरा, द्वितीय मधु साहू, फुगड़ी- प्रथम आरती ध्रुव, द्वितीय टाकेश्वरी ध्रुव, भालाफेंक- प्रथम टाकेश्वरी ध्रुव, द्वितीय झलेश्वरी यादव, चम्मच दौड़- प्रथम आशा बंजारें, द्वितीय आरती जांगडे, स्लोसायकल रेस- प्रथम सानिया महिलांगें, द्वितीय प्रतीक्षा पैंकरा, मटका फोड़- प्रथम मीनू साहू, द्वितीय दर्शिता साहू, बलून रेस- प्रथम सविता पैकरा, द्वितीय झलेश्वरी यादव, कुर्सी दौड़- प्रथम भुनश्वरी साहू, द्वितीय ढालेश्वरी निषाद, प्रतियोगिता के उपरांत विजयी छात्राओं को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। समपूर्ण जानकारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ. सुलेखा राउत द्वारा दी गई।

# पुलिस ने चरित्र शंका में अपनी पत्नी का गला घोंटकर हत्या करने वाले आरोपी पति को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



थाना तिल्दा जिला रायपुर से सूचना मिला कि ग्राम भटभेरा निवासी कल्याणी निषाद उम्र 21 वर्ष की मृत्यु सीएचसी तिल्दा में हो गई है। कि सूचना पर मृतिका का शव पंचनामा विधिवत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट से कराया गया। मृतिका के गले में चोट का निशान मिलने से पीएमकर्ता डाक्टर द्वारा मृतिका की मृत्यु के सम्बन्ध में शॉर्ट पीएम पर (मानव वध) लेख किया गया। जिस पर थाना सुहेला पुलिस टीम द्वारा तिल्दा पहुंचकर मृतिका के माता, पिता एवं अन्य परिजनों का बयान लिया गया। घटना के संबंध में मृतिका के परिजनों से विस्तृत पूछताछ एवं प्राप्त शार्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर मृतिका के पति तेजराम को अभिरक्षा में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा मृतिका की चरित्र पर शंका कर मृतिका का गला दबाकर हत्या करना स्वीकार किया गया। आरोपी ने पूछताछ पर यह भी बताया कि घटना के पश्चात आरोपी द्वारा इलाज कराने के बहाने मृतिका को तिल्दा लेकर गया था। कि प्रकरण में जांच के आधार पर आरोपी के विरुद्ध थाना सुहेला में अपराध क्र. 35/2025 धारा 103 बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही करने में थाना सुहेला से निरीक्षक नरेश दीवान, सउनि वीरेंद्र सिंह, प्रआर पुरेंद्र साहू, आर. मुकेश वर्मा, बालेश्वर भगत का सराहनीय योगदान रहा।

# बालोद नगर पालिका का उपाध्यक्ष कौन, ओबीसी अध्यक्ष के बाद क्या सामान्य को दी जा सकती है कमान, पीआईसी में किसे मिलेगी जगह

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

नगरपालिका बालोद में रिकार्ड जीत के साथ ही भारतीय जनता पार्टी की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी व 10 पार्षद चुनकर आ आए हैं। अब नई परिषद में उपाध्यक्ष के पद पर सामान्य या ओबीसी वर्ग इसे लेकर इसे लेकर भाजपा में सुगबुगाहट शुरू हो चुकी है। 20 वार्ड में 10 भाजपा के पार्षद चुनकर आए हैं। दो निर्दलीय व 8 कांग्रेस के हैं। ऐसे में भाजपा के पार्षद ज्यादा है। उसी में उपाध्यक्ष बनने मंथन शुरू हो गया। बता दे कि बालोद नगर पालिका के चुनाव में सामान्य सीट पर भाजपा ने ओबीसी कैंडिडेट को मौका दिया। प्रतिभा चौधरी ओबीसी वर्ग से आती हैं और चुनाव जीतने भी सफल रही। दरअसल जहां अनारक्षित सीट होती है (जनरल) वहां से कोई भी चुनाव लड़ सकता है, इसीलिए दोनो राष्ट्रीय दल भाजपा कांग्रेस ने जनरल सीट पर ओबीसी वर्ग की प्रत्याशी को मैदान में उतारा। चुनाव में बालोद नगर पालिका की सीट सामान्य महिला के लिए आरक्षित थी।




**सामान्य के पाले में जा सकता उपाध्यक्ष का पद**-राजनीति में भाजपा का प्रयोग और उसके सकारात्मक परिणाम को देखते हुए उपाध्यक्ष का पद सामान्य के पाले में जाने का जोर अधिक चल रहा है। क्योंकि अनारक्षित महिला सीट में ओबीसी अध्यक्ष के चुनकर आने के बाद उपाध्यक्ष की कुर्सी पर सामान्य को बैठाकर भाजपा संगठन वोट समीकरण को संतुलित करने का प्रयास करना चाहेगा। ज्यादातर लोगों का मानना है कि सामान्य वर्ग का चेहरा पार्टी की योजना के लिए बेहतर होगा। अभी भाजपा पार्षदों में पांचवी बार चुनकर आए कमलेश सोनी व तीसरी बार के पार्षद राजू पटेल की दावेदारी अधिक बन रही है। वहीं पहली बार चुनकर आए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी भी इस पद के दावेदार माने जा रहे है। और ऐसा हो भी सकता है, क्योंकि भाजपा में विधानसभा, लोकसभा चुनाव के बाद निकाय चुनाव में प्रत्याशी चयन से लेकर पद देने तक में फैसलों ने चौकाया हैं।

**उपाध्यक्ष के नाम पर सरप्राइज का अंदेशा**-बीजेपी की हालिया राजनीति को देखने वाले लोग पार्टी की निर्णय प्रक्रिया से वाकिफहैं। अधिकांश राज्यों में पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने नतीजों के बाद सीएम का नाम तय किया और लगभग सभी नाम आश्चर्यजनक निर्णय थे। इसी तरह से कहा जा सकता है कि बालोद नगर पालिका में भी उपाध्यक्ष का नाम हाईकमान द्वारा किया जाएगा। गौरतलब हो कि नवनिर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 26 फरवरी के बाद तय माना जा रहा है। इसके अनुसार शपथ ग्रहण समारोह के बाद ही उपाध्यक्ष का चुनाव होना है। इसके लिए बाहर पर्यवेक्षक भी आएंगे।

**कौन बनेगा सभापति..?**-बालोद नगर पालिका के सभापति की कुर्सी पर भी सब की निगाहें हैं। सभापति कौन बनेगा। नियमानुसार अध्यक्ष के चार्ज संभालने के सात दिन के भीतर काउंसिल के गठन का प्रावधान है। पार्टी किन नामों को प्राथमिकता दे सकती है और इसकी क्या वजह है। पीआईसी में कौन शामिल होगा। क्योंकि 20 वार्ड में से 10 पर भाजपा की जीत हुई है। ऐसे में सभी पार्षदों को संतुष्ट करना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती हो सकती है। इस दौरान कई बिंदुओं का भी ख्याल रखा जाएगा। जातिगत समीकरण साधने की कोशिश की जाएगी। साथ ही इस पूरी कवायत में अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी का सुझाव और बातें मायने रखेगी। उनके हिसाब से ही पार्टी निर्णय लेगी।

**ये है सभापति की दौड़ में अव्वल**-जानकारों का कहना है कि कमलेश सोनी और राजू पटेल का नाम सभापति की दौड़ में सबसे ऊपर है, उसकी वजह है कि दोनो क्रमशः 4 व 2 बार पार्षद रह चुके हैं। कमलेश सोनी काउंसिल के सदस्य भी रह चुके हैं। इसलिए भी वो इस पद के सबसे प्रबल दावेदार हैं। अन्य दावेदार दीपक लोढ़ा, सुनीता मनहर, गोमती रात्रे, गिरिजेश गुप्ता व गोकुल कुमार है। ये सभी पहली बार चुनाव जीते है। कमलेश सोनी और राजू पटेल ओबीसी वर्ग से आते हैं। भाजपा इसी वर्ग को साधने की कवायद में जुटी है। फिलहाल उनकी राजनीति इसी वर्ग के इर्द-गिर्द घूम रही है। यदि ऐसा हुआ तो कमलेश और राजू पटेल सभापति पद के प्रमुख दावेदार होंगे।

# मां शारदा बाल निकेतन में विदाई समारोह सम्पन

## उच्च शिक्षा ग्रहण कर करेंग अपने माता-पिता का नाम रोशन -रमन अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



मां शारदा बाल निकेतन हाई स्कूल में कक्षा दसवीं में अध्यनरत छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल एवं विद्यालय के व्यवस्थापक प्रमोद केशरी के द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं धूप दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर रमन अग्रवाल ने कहा कि बेहतर शिक्षा के लिए मां शारदा बाल निकेतन की हमेशा एक अलग पहचान रही है मैं सभी विद्यार्थियों के लिए उज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना-करता हूं। कक्षा दसवीं के बाद विद्यार्थी अलग-अलग विषयों की पढ़ाई करके अपने जीवन के लक्ष्य पर आगे बढ़ेंगे और उच्च शिक्षा ग्रहण कर अपने माता-पिता के नाम रोशन करेंगे।

प्रमोद केशरी ने कहा कि विद्यार्थियों के भावी जीवन की सफलता के लिए मैं प्रेरित करता हूं। इस दौरान कक्षा नवमी के विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया था और उन्होंने उपहार स्वरूप उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट की। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने कहा कि आज इस विदाई के मौके पर मेरे दिल में मिश्रित भावनाएं हैं। एक ओर मैं उत्साहित हूं क्योंकि अब मैं अपने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत करने जा रहा हूं और दूसरी ओर मैं उदास हूं क्योंकि मुझे अपने दोस्तों और शिक्षकों से विदा लेना है। इस स्कूल ने मुझे न केवल शिक्षा दी है बल्कि जीवन के महत्वपूर्ण सबक भी सिखाए हैं। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य नीलम पाण्डेय, प्रधानाचार्य निशा श्रीवास्तव एवं शिक्षको में रामानुज ठाकुर, धीरज कश्यप, सुजल कांस्यकार, कमेश सिंह एवं शिक्षिका सीमा मेहता संध्या कश्यप, किरण कुशवाहा, सुनीता कुमारी, प्रतिभा कुमारी सहित सागर मोती फाउंडेशन के सदस्य अनूप कश्यप उपस्थित रहे। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं संचालन प्रियांशु केशरी एवं कक्षा 'नवमीं के छात्र छात्राओं के द्वारा किया गया।

# प्रतिभा पब्लिक स्कूल में 'जीवन विज्ञान विषय पर हुई कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्थानीय प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में अणुव्रत सोसाइटी कार्यालय रायपुर द्वारा "जीवन विज्ञान विषय" एक सारगर्भित सभा आयोजित की गई थी।. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रमेश, कमल बैंगानी, ललिता धारीवाल,तथा गणमान्य अतिथि के रुप मे मुस्ताक हुसैन खान, कनक जैन, डॉ आभास अग्रवाल, अतिथि विशेष प्राचार्य नरहरि पटनायक प्रतिभा पब्लिक स्कूल प्राचार्य राजेंद्र चौधरी, बी एड् कॉलेज ऑफ एजुकेशन बालसी प्राचार्य विजय प्रधान प्रतिभा आई टी आई बालसी एवं शिक्षक शिक्षिकाएं के साथ अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित हुए। सभी शिक्षकों से मुख्य अतिथियों का परिचय उप प्राचार्य नासिर खान द्वारा किया गया. उसके पश्चात अतिथियों का स्वागत तिलक के माध्यम से मनीषा बग्गा और मुस्कान तिवारी द्वारा किया गया. रमेश के नेतृत्व में जीवन विज्ञान के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई. उनके अनुसार हम ध्यान और योग के माध्यम से अपने जीवन में मन की पवित्रता, मानसिक संतुलन और प्राण ऊर्जा की शक्ति को बढ़ा सकते हैं जो हमारे जीवन के चहुमुखी विकास के लिए अति आवश्यक है इसके माध्यम से हम बच्चों को उनके जीवन के उद्देश्य के प्रति जागरूक कर सकते हैं और एक सफल और अच्छा इंसान बन सकते हैं. सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम का पूरा आनंद उठाया और उसे अपने जीवन में लागू करने का संकल्प भी लिया. संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन नासिर खान ने किया।



# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के शेष दो चरणों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा के बैठक में नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की समीक्षा करते हुए नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के प्रथम चरण के चुनाव सफलतापूर्वक संचालन कराने सभी अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि 20 एवं 23 फरवरी को द्वितीय एवं तृतीय चरण का चुनाव होना है पूर्व के दो चुनाव की भांति शांतिपूर्वक एवं सफलतापूर्वक चुनाव कार्य सम्पन्न कराने आवश्यक मार्गदर्शन दिए। बीजापुर माओवाद प्रभावित क्षेत्र है उनके बावजूद बेहतर प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था के जरिए चुनाव कार्य शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। आगामी दोनो चरणों के चुनाव में अधिकारियों को चुनाव सम्पन्न कराने पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों की नियुक्ति करने के निर्देश दिए। वहीं मतदान कर्मियों को मिले दायित्वों को निर्वहन करते हुए सुरक्षा संबंधी मामलों में गंभीरतापूर्वक कार्य करने एवं सुरक्षा मामलों में किसी भी प्रकार का कोताही नहीं बरतने तथा मतगणना अभ्यर्थियों को विश्वास में लेकर निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्वक करने को कहा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार सहित जिला स्तरीय अधिकारी, एसडीएम डिप्टी कलेक्टर मौजूद थे।

# श्री जी मातृ-शक्ति सेवा समिति चांपा का शुभारंभ एक अनोखे कार्यक्रम के साथ हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

एक सुखी और संतुलित आहार एवं सफल जीवन का आधार हैं, भोजन के साथ-साथ स्वस्थ और निरोगी काया! सांसारिक सुख, प्रगति हो या फिर आध्यात्मिक बिना अच्छे आहार के शरीर ठीक नहीं रह सकता। इसीलिए गृहस्थ हो या ब्रम्हचर्य जीवन के चार पुरुषार्थ हैं-धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। सामान्य जीवन का पालन करते हुए मनुष्य अपना आहार और विहार ठीक रखता हैं। नगर के हृदय स्थल पर बसा लायंस चौक-चौराहों पर इसी पावन उद्देश्य को लेकर मातृ शक्ति सेवा समिति चांपा द्वारा उत्सव भोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कोई भी व्यक्ति प्रायोजक सहयोग राशि देकर अपने या अपने किसी संबंधी परिवार जनों को समर्पित एक भोज का आयोजन कर सकता हैं। प्रगतिशील स्वर्ण एवं रजत समिति चांपा के सचिव शशिभूषण सोनी ने बताया कि इस कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत अधिवक्ता विजयलक्ष्मी सोनी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर 101 भोजन थाली बांटकर लायंस चौक-चौराहों पर किया गया। चांपा नगर पालिका परिषद के नव-निर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप कुमार नामदेव जी ने कार्यक्रम की शुरुआत की और महिला समिति को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया हैं। श्री जी मातृशक्ति सेवा समिति चांपा का कार्यक्रम परमार्थ सेवा कार्य। नाम के अनुरूप कार्य को परिभाषित करते हुए श्रीजी मातृशक्ति महिला समिति द्वारा एक अनोखे कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। उत्सव भोज जिसमें कोई भी प्रायोजक सहयोग राशि देकर अपने या अपने किसी संबंधी परिवारजन को समर्पित एक भोज का आयोजन कर सके ऐसा एक अनोखा कार्यक्रम में नपाध्यक्ष प्रदीप नामदेव, वार्ड नंबर 5 के पार्षद महेंद्र तिवारी, भाजपा के मंडल अध्यक्ष संतोष थवाईत, पूर्व पार्षद शशिप्रभा सोनी, के अलावा बड़ी संख्या में सेवाभावी कार्यकर्ता, नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

# जन भावनाओं को ध्यान में रखकर करें बेहतर कार्य-रामविचार नेताम

## नगर पालिका अध्यक्ष सहित सभी पार्षदों ने की मुलाकात



पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

रामानुजगंज विधानसभा के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम का आगमन लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह में हुआ जहां उनके समर्थकों ने भव्य स्वागत करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष सहित सभी पार्षदों ने भेंट मुलाकात कर उनसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की। नेताम ने सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए कहा कि इस नगर की जनता धन्य है जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी के बेहतर नीति एवं रीति पर विश्वास करते हुए अपना मत प्रदान किया है। अब जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस नगर में बेहतर विकास के कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष सहित सभी पार्षदों को इस बात का ध्यान रखना होगा कि जन भावनाओं के अनुरूप ही कार्य होना चाहिए किसी भी प्रकार के कोई प्रतिकूल कार्य करके जन भावनाओं को ठेस ना पहुंचा जाए इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता कन्हैया लाल अग्रवाल नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल सहित सभी पार्षद एवं पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# अवैध कारोबार के खिलाफ जनता ने थाना चांपा का घेराव कर पुलिस हाय हाय के लगाए नारे..

## पुलिस के सह में नगर में हो रहा अवैध कारोबार

पायनियर संवाददाता ➤ चांपा
www.dailypioneer.com



बीती रात हुई चाकू बाजी की घटना के बाद से वार्ड नंबर 1,2,3,4 के पार्षदों व वार्डवासियों ने थाना चांपा का घेराव कर दिया है। जिसको लेकर जनता में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है जिसके चलते कल दिन भर शहर में तीन तमाशा चलता रहा, जिसके बाद रात में भी मामला तुल पकड़ने लगा है जहां चांपा के वार्ड वासी सैकड़ों की संख्या में थाना पहुंचे जिसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत करनी चाही परंतु भीड़ के साथ पुलिस के दुर्व्यवहार पूर्ण बात करने से नाराज भीड़ ने वही थाना परिसर में बैठ कर पुलिस हाय हाय का नारा लगाने बैठ गए, इसके बाद भी पुलिस शिकायत का इंतजार कर रही है। यह गंभीर विषय है जिसमे अब जनता को सोचना यह पड़ेगा कि अपराध घटने के बाद भी पुलिस कार्यवाही करने के बजाय शिकायत का इंतजार कर रही है तो वही जनता के बीच से एक सवाल आया कि क्या बाकी की जगह कार्यवाही करने के लिए कौन शिकायत करता है जिसके बाद कार्यवाही की जाती है। रात में काफी लंबे समय तक थाना चांपा में चल रहा था हंगामा, उसके बाद भी पुलिस चुप्पी साधे बैठी हुई थी यह समझ से परे है। इसका दोषारोपण क्या जिला के मुखिया पुलिस अधीक्षक को किया जाना चाहिए जिसके वजह से चांपा पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है। क्या पुलिस के सह में फलफूल रहा नगर में अवैध कारोबार वार्ड वासियों ने बताया कि पुलिस द्वारा उचित कार्यवाही नहीं करने की वजह से मौहल्ले वाले के साथ थाना चांपा पहुंचे थे पर पुलिस द्वारा हमारे साथ दुर्व्यवहार पूर्वक बर्ताव किया जिसके कारण थाना चांपा परिसर में धरना में बैठे हुए हैं अब जब तक पुलिस कोई ठोस कदम नहीं उठाती तब तक धरना जारी रहेगा।

# मतदाताओं का जताया आभार, कहा आपके एक- एक वोट मेरे लिए अनमोल है...

पायनियर संवाददाता ➤ चांपा
www.dailypioneer.com



नगरपालिका चांपा के वार्ड नंबर 16 में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और समाजसेवी दुर्गा कुर्रे ने अपने प्रतिद्वंदी भाजपा के लक्ष्मीन बाई को 01 वोट से पछाड़कर परास्त कर दिया, वार्ड में कुल 1323 वोट पड़े जिसमें कांग्रेस के दुर्गा कुर्रे को 636, भाजपा को 635, निर्दलीय को 46 और इनमें से कोई नहीं (नोटा) में 06 वोट पड़े इस तरह 01 वोटों के अंतर से दुर्गा कुर्रे विजयश्री को प्राप्त कर सबको चौका दिए। गौरतलब है कि दुर्गा कुर्रे का पूरा परिवार तीन पीढ़ियों से कोटाडबरी क्षेत्र में राजनीति और सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं। वे शांत, मिलनसार और जुझारू और कुशल संगठनकर्ता जनप्रतिनिधि में रूप में देखे जाते हैं। मतगणना स्थल पर वे स्वयं सहयोगियों के साथ पहुंचे थे, जहां निकलने वाले शुरुआती राउंड में वे पीछे चल रहे थे जिससे निराश भी थे लेकिन अंतिम राउंड में उन्हें प्रतिद्वंदी ने केवल 01 वोट ज्यादा मिला और विजेता घोषित हुए तब जाकर उनके और समर्थकों में खुशी का माहौल बना, वार्ड पार्षद के रूप मे विजित होने की खबर से वार्ड वासियों ने उनका जमकर स्वागत किया।

# बेमेतरा जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 : प्रथम चरण में हुआ 80.06% मतदान

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के प्रथम चरण में बेमेतरा जिले में कुल 80.06% मतदान दर्ज किया गया। यह निर्वाचन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और लोगों ने बड़ी संख्या में अपने मतदान अधिकार का उपयोग किया। जिले के दोनों जनपद पंचायतों, बेमेतरा और नवागढ़ में, लोगों का मतदान के प्रति उत्साह देखा गया। बेमेतरा जनपद पंचायतः 80.64% मतदान बेमेतरा जनपद पंचायत में कुल 108 ग्राम पंचायतों के लिए मतदान हुआ, जहां 152,768 कुल मतदाता थे। इनमें से 123,196 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 80.29त्न और महिला मतदाताओं का प्रतिशत 81% रहा, जो यह दर्शाता है कि महिलाओं ने इस बार मतदान में पुरुषों से भी अधिक सक्रिय भागीदारी दिखाई। नवागढ़ जनपद पंचायतः 79.50% मतदान नवागढ़ जनपद पंचायत में 111 ग्राम पंचायतों के लिए मतदान संपन्न हुआ,



जिसमें कुल 156,196 मतदाता पंजीकृत थे। इनमें से 124,173 मतदाताओं ने मतदान किया। नवागढ़ में पुरुषों का मतदान प्रतिशत 79.42% रहा, जबकि महिलाओं का प्रतिशत 79.58% दर्ज किया गया। कुल मतदान का आंकड़ा बेमेतरा जिले में प्रथम चरण में कुल 219 ग्राम पंचायतों में मतदान हुआ। जिले में 308,964 मतदाताओं में से 247,369 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल मतदान प्रतिशत 80.06त्न दर्ज किया गया, जिसमें पुरुष मतदाता 79.85% और महिला मतदाता 80.28त्न शामिल हैं। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से अधिक रहा, जो महिलाओं की बढ़ती राजनीतिक जागरूकता और सहभागिता को दर्शाता है। शांतिपूर्ण चुनाव का माहौल निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान बेमेतरा जिले में कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई और चुनाव पूरी तरह से शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। जिला प्रशासन और पुलिस बल ने मिलकर सुचारू चुनाव संपन्न कराने के लिए व्यापक व्यवस्था की थी। जिला प्रशासन ने मतदाताओं को जागरूक करने और अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए। इस कारण मतदान का प्रतिशत अपेक्षाकृत अच्छा रहा। मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी और प्रत्येक मतदान केंद्र पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के सख्त इंतजाम थे। चुनाव का महत्व और आगे की राह यह निर्वाचन ग्रामीण विकास और स्थानीय प्रशासन की दिशा तय करने के लिए महत्वपूर्ण है। त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था में ग्राम पंचायतों का प्रमुख स्थान है, जहां से स्थानीय विकास और ग्रामीण जनता की समस्याओं के समाधान की पहल होती है।

## नाम परिवर्तन

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं, Rahiyan khan s/o Mohammad Ahmad khan निवासी इंदिरापारा भिलाई-3 तह. भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना पुराना नाम Rahiyan khan s/o Mohammad Ahmad khan बदल लिया है, इसलिए भविष्य में मुझे मेरे नए नाम Md Rhiyan Khan s/o Mohammad Ahmad khan से पहचाना जाना चाहिए, जो सभी सरकारी दस्तावेजों और अन्य दस्तावेजों में है।

## कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक-07

### // निविदा आमंत्रण सूचना //
### // प्रथम निविदा//

क्रमांक 61/जोन क्र.-07/न.पा.नि./2025 — रायपुर, दिनांक 17/02/2025

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु छ.ग.शासन लोक निर्माण विभाग, श्रम आयुक्त कार्यालय ई.पी.एफ. कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम में एकीकृत ठेकेदारों से कलेक्टर दर पर शासन द्वारा निर्धारित पी.एफ. 13.00 प्रतिशत एवं ई.एस.आई.सी. 3.25 प्रतिशत जोड़कर दरें निर्धारित प्रपत्रों में तीन लिफाफा पद्धति पर लिफाफा ''अ'' में अमानती राशि तथा लिफाफा ''ब'' में सीलबंद निविदाएं नियमानुसार पृथक-पृथक लिफाफे में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से सीलबंद निविदाएं जोन कमिश्नर जोन क्र. 07 नगर पालिक निगम रायपुर के पते पर आमंत्रित की जाती है। कार्य की अमानत राशि का एफ.डी.आर. आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से मान्य होगा। निविदा का विवरण निम्नानुसार है।

01. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि — दिनांक 07/03/2025 — संध्या 5.30 बजे तक।
02. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि — दिनांक 12/03/2025 — संध्या 5.00 बजे तक।
03. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि — दिनांक 13/03/2025 — प्रातः 11.00 बजे तक।

**कार्य का विवरण निम्नानुसार है:-**

| क्र. | कार्य विवरण | निविदा फार्म | आगणित राशि | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | समया वधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन क्रमांक 07 अंतर्गत शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड क्र. 23 अंतर्गत स्वीमिंग पुल एवं उद्यान की साफ-सफाई हेतु प्लेसमेंट के माध्यम से 05 सफाई कर्मचारी रखे जाने का कार्य। | B | 763623 | 8000 | 750 | लो.नि.वि. में एकल पद्धति से 'डी' श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म | 12 माह |

**नियम एवं शर्ते :- (भाग 1)**

01. निविदा संबंधित समस्त दस्तावेज तीन लिफाफा पद्धति पर आमंत्रित होकर तद्नुसार ही प्रस्तुत की जानी होगी। **प्रथम लिफाफा** में राष्ट्रियकृत बैंक की ई.एम.डी./एफ.डी.आर./शपथ पत्र/ एवं समस्त दस्तावेज, **दूसरे लिफाफे** में सिर्फ निविदा प्रपत्र सील बंद कर **दोनों लिफाफों को तीसरे लिफाफे** में सील बंद कर निविदा रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करना होगा। 02. निविदा संबंधी समस्त अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम को होगा। विस्तृत जानकारी जोन कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 03. जीवित पंजीयत होना अनिवार्य है। 04. GST. 05. GST RI. last 3month. 6. ITR last 3 years. 7. Bank Solvency Certificate. 08. Pan card संबंधी दस्तावेज भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**नियम एवं शर्ते :- (भाग 2)**

1. नये पंजीकृत ठेकेदार/फर्म हेतु GST Reg. तिथि के अनुसार GST Return last Month का देना होगा।
2. नये पंजीकृत ठेकेदार/फर्म पंजीयन तिथि के अनुसार I.T.R. एक साल का मान्य होगा।
3. निविदा फार्म कार्यालय में उपलब्ध होगी। शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।

*घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।*

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक 07
नगर पालिक निगम, रायपुर

## संपादकीय

# मोदी की अमेरिका यात्रा महत्वपूर्ण कदम

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की हालिया अमेरिका यात्रा ट्रप द्वारा टैरिफ बढ़ाने की जिद के बावजूद उल्लेखनीय व असाधारण कदम है। अमेरिका का राष्ट्रपति पद संभालने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने उल्लेखनीय वैश्विक छाप छोड़ी है। अपने 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के माध्यम से उन्होंने विश्व मंच पर अमेरिका को पुन: स्थापित किया है और वर्तमान विश्व व्यवस्था बदलने का लक्ष्य बनाया है। टैरिफ बाधायें लागू करने तथा आवश्यकता पड़ने पर सीधी कार्रवाई करने की उनकी योजनाओं ने भारत समेत अनेक अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव डाला है जो अमेरिका को निर्यातों पर अत्यधिक निर्भर हैं। लेकिन इस दिशा में कुछ राहत दिखती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया अमेरिका यात्रा की भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने की दिशा में मील के महत्वपूर्ण पत्थर के रूप में प्रशंसा की गई है। व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात के बाद दोनों नेताओं ने समग्र चर्चा से व्यापार, रक्षा, ऊर्जा व तकनीक पर अनेक समझौतों को अंजाम दिया। टैरिफ पर पहले से व्याप्त तनावों के बावजूद जिसमें राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत को 'टैरिफ किंग' बता दिया था, वर्तमान शिखर वार्ता ने एक सहयोगी भावना प्रकट की है। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक दूना कर 500 बिलियन डालर पहुंचाने का लक्ष्य रखा। इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आगामी द्विपक्षीय व्यापार समझौते की कल्पना की गई है जिसका उद्देश्य ड्यूटी घटाना तथा बाजार पहुंच बढ़ाना है। इसके साथ ही अमेरिका ने भारत के नाभिकीय ऊर्जा



क्षेत्र में निवेश बढ़ा कर आर्थिक संबंध और गहरे करने का संकेत भी दिया है।

चर्चा में रक्षा सहयोग को प्रमुख स्थान मिला है। अमेरिका ने भारत को उत्कृष्ट एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू जेटों का प्रस्ताव किया जो सैनिक सहयोग में महत्वपूर्ण कदम होगा। यह प्रस्ताव दस-वर्षीय रक्षा सहयोग योजना का हिस्सा है जिसमें अमेरिका ने भारत की रक्षा क्षमतायें बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई है। यह पहल रणनीतिक साझेदारी का संकेत है जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय स्थायित्व बनाए रखना तथा लगातार उभरते खतरों का सामना करना है। तकनीकी और खोजी साझेदारियों का विस्तार करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने का संवाद राजनेताओं के दायरे से बाहर जा कर तकनीकी क्षेत्र के प्रमुख व्यक्तियों को प्रभावित करता है। 'स्पेसएक्स' के सीईओ इलोन मस्क के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बैठक में अंतरिक्ष खोज तथा तकनीकी प्रगति में परस्पर हितों को रेखांकित किया गया। इन चर्चाओं में अंतरिक्ष तकनीक, गतिशीलता समाधानों तथा भारत में स्टारलिंक उपग्रह इंटरनेट सेवाओं को शुरू करने के बारे में बातचीत हुई। इन संवादों से आर्थिक प्रगति तथा सामाजिक लाभ के लिए साझा दृष्टिकोण विकसित करने पर सहमति बनी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस अमेरिका यात्रा से वैश्विक मुद्दों पर भारत की स्पष्ट स्थिति भी सामने आई। अमेरिका के साथ संबंधों को मजबूत करते हुए भी भारत खासकर रूस के साथ संबंधों में अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखता है और उसने यूक्रेन युद्ध के बारे में भी ऐसा ही दृष्टिकोण सामने रखा है। इस संतुलित दृष्टिकोण के चलते भारत जटिल अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने में सफल होता है। अमेरिका की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा ने भारत-अमेरिका संबंधों के लिए एक सकारात्मक आयाम पेश किया है। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच हुई चर्चाओं और समझौतों में विभिन्न क्षेत्रों में भविष्य में सहयोग बढ़ाने की संभावना उजागर हुई है। इन समझौतों और चर्चाओं से ऐसी साझेदारी का मार्ग प्रशस्त हुआ है जिससे दोनों देशों के रणनीतिक व आर्थिक लक्ष्य पूरे होंगे। आशा है कि इस यात्रा से मोदी और ट्रंप के बीच पहले से मौजूद व्यक्तिगत मैत्रीपूर्ण संबंध और मजबूत होंगे जिनका लाभ दोनों देशों की जनता को मिलेगा।

# सिख नेतृत्व का संकट

'सिखवाद' को पुनर्जीवित करने के लिए पूरे सिख समुदाय को सामूहिक प्रयास करने होंगे। इसके साथ ही उसके नेतृत्व को इस पवित्र मिशन के लिए अपना विकास करना होगा।



इकबाल सिंह लालपुरिया
(लेखक, एक अल्पसंख्यक संगठन से संबद्ध हैं।)



**'सिखवाद' के** समाप्त होने का खतरा स्वीकार करना मानवीय दृष्टिकोण से असंभव है। सिख धर्म के गरिमापूर्ण इतिहास तथा उसके महान सिद्धान्तों पर गौर किए बिना ननकाना साहिब, पंजा साहिब और खालसा राज लाहौर की राजधानी समेत अधिकांश धार्मिक स्थलों को छोड़ देने के बाद वर्तमान स्थिति पैदा हुई जिसमें सिख नेताओं ने बिना किसी लिखित समझौते के तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व में भारत में शामिल होने का फैसला किया। यह निर्णय कांग्रेस नेतृत्व का हिस्सा होने के बावजूद किया गया जिससे लाखों लोगों की मौतें और संपत्ति का नुकसान हुआ। सिखों का विश्वास था कि 1948 और 1956 में शिरोमणि अकाली दल के विलय के बाद कांग्रेस नेताओं ने उनको धोखा दिया। बहुसंख्य सिख नेतृत्व सत्ता का भूखा था और इसके बावजूद वह कांग्रेस के साथ बना रहा। बाकी सिख नेताओं ने राजनीतिक आंदोलन शुरू किए जिनमें भाषा से लेकर राज्य का दर्जा तक शामिल थे। आनंदपुर साहिब प्रस्ताव के अंतर्गत उन्होंने राज्यों के लिए अधिक शक्तियों की मांग की तथा स्वतंत्र 'खालिस्तान' राज्य तक की मांग कर डाली। इसके लिए विभिन्न नेताओं ने गुरुद्वारों के पैसों और उनके परिसरों का प्रयोग किया।

सिख समुदाय के भीतर लाभ प्राप्त करने के लिए उन्होंने दूसरों को हाशिए पर धकेलने और उन पर दोषारोपण से भी हिचक नहीं दिखाई। इन आंदोलनों के परिणामस्वरूप हजारों निरपराध लोगों की जानें गईं तथा संपत्ति का नुकसान हुआ जिससे राज्य के रूप में पंजाब संकट में फंसा रहा। 'अकाली' नाम से जाने जाने वाले सिख नेतृत्व ने अंतत: पंजाब में 1967 से राजनीतिक सत्ता प्राप्त कर ली और वह अनेक अवसरों पर केन्द्र सरकार में भी साझीदार रहा। लेकिन इन आंदोलनों के कारण पंजाब में शांति और समृद्धि को नुकसान पहुंचा तथा गुरु नानक के शिष्यों के रूप में सिखों की छवि को भी नुकसान हुआ। इससे उनको अतिवादियों, राष्ट्र-विरोधियों या आतंकवादियों के रूप में न केवल भारत, बल्कि विदेशों में भी देखा गया। इस दाग के कारण निर्दोष होते हुए भी भारत में रहने वाले हर सिख को नुकसान उठाना पड़ा। सिख गुरु साहिबान ने मंजियों, मसनदों, निर्मलों तथा उदासियों के माध्यम से धार्मिक उपदेशों और प्रचार का संगठन किया। इससे 'सिखवाद' देश के हर हिस्से और विदेशों तक फैला। लेकिन महाराणा रंजीत सिंह के निधन के बाद अंग्रेजों ने गुरुद्वारों पर कब्जा कर लिया। इसके बाद उन्होंने सिखों को ईसाई बनाना शुरू किया जिसकी शुरुआत महाराजा दलीप सिंह से हुई।

1920 से 1925 तक अनेक सिखों के बलिदान तथा संपत्ति के नुकसान के बाद 'गुरुद्वारा सुधार' लहर शुरू हुई जिससे सिखों को अपने धार्मिक स्थलों के प्रबंधन तथा सामुदायिक लक्ष्यों के लिए दान देने का अवसर मिला। ऐसे में सिखवाद के शोध, शिक्षा और प्रचार को एजेंडा बनाया जाना चाहिए था, पर नेताओं ने अलग निर्णय कर राजनीति और स्वतंत्रता संग्राम के लिए कांग्रेस में शामिल होने का फैसला किया। ऐसे में सिख सिद्धान्तों के प्रचार को अनदेखा किया गया। इससे गुरुद्वारों से सामुदायिक बैठक, सेवा और धर्मापदेश केन्द्रों की अवधारणा गायब हो गई और वे कवेल कर्मकांडों का स्थान बन गए जिन पर गुरु साहब ने प्रतिबंध लगाया था। ये समुदाय के भीतर नेतृत्व या राजनीति का भी मंच बन गए। इस प्रकार शिक्षण, समानता, ध्यान व सेवा का स्थान बनने के बजाय बिना किसी निर्देशन या एकता के गांवों के स्तर पर गुरुद्वारे ग्रामीणों को एक परिवार की तरह बांधे रखने या उनमें ऐसे मूल्य पैदा करने में विफल रहे जिनकी पैरोकारी गुरु ने की थी। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के पास सिख धर्म को उनके राज्यों के अन्य हिस्सों, देश के दूसरे हिस्सों तथा सारी दुनिया में ले जाने की कोई योजना नहीं थी। उन्होंने सिख भाईचारे के आधार पर सिखों को एकजुट करने के बजाय राजनीतिक सोच के आधार पर सिखों में विभाजन का काम किया। हालांकि, एक धर्म की दूसरे से तुलना करना असंभव है, पर दूसरों से सीखा जा सकता है। दूसरे धर्मों की आलोचना करना संभव है, पर उनके प्रचारकों, उनकी जीवनशैली, ज्ञान, अनुशासन एवं विनम्रता से सीखा जाना चाहिए। सिख धर्म में हर धार्मिक सेवा पैसा कमाने का माध्यम बन गई जिसमें पथि से अखंड पाठ, अरदास, धादी, कथा, विवाह और अंतिम संस्कार तक शामिल हैं। 'निर्मल पथ; के स्वर्णिम सिद्धान्तों को खोने के बाद अब सिखों का सम्मान केवल उनके मुफ्त लंगरों व समाज सेवा के लिए होता है जिसे गुरुओं ने उनके खून और डीएनए में मिला दिया है। सिख शिक्षण संस्थायें सर्वोत्तम में शामिल नहीं हैं और उनका पंजाब व अन्य क्षेत्रों में विस्तार भी नहीं है। मानक शिक्षा के अभाव में सिख नौकरशाही और न्यायपालिका से बाहर हो गए हैं जो लोकतंत्र के प्रमुख आधार हैं।

कुप्रबंधन और सम्मान गिरने के कारण अब सिख समुदाय ने भी इन संस्थानों में दिलचस्पी लेनी बंद कर दी है। 1951-52 से 1972 या 1977 तक मतदान पैटर्न को देखने से पता चलता है कि सिख अकाली पार्टी पंजाब राज्य में सरकार बनाने या स्वयं को लोकसभा और राज्यसभा में महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में स्थापित करने में विफल रही। आपरेशन ब्लू स्टार, वुड रोज़, ब्लैक थंडर तथा हजारों सिखों के मारे जाने के बाद सिखों ने पंजाब से निर्णायक रूप से कांग्रेस को पराजित करने तथा अकालियों को सत्ता में लाने का फैसला किया। लेकिन अनेक नेताओं को मौका देने के बाद बहुसंख्य सिखों ने अकालियों से दूरी बना ली। सामुदायिक मुद्दे उठाने में विफलता तथा 2017 में कथित रूप से सिख-विरोधी बलों का साथ देने के कारण अकाली अब पंजाब में प्रमुख विपक्षी शक्ति नहीं रह गए हैं।

व्यक्तिगत लाभ के लिए गुरुद्वारों के पैसे के प्रयोग के आरोप सोशल मीडिया व अखबारों में सामने आने के बाद हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनावों से सिखों का मोह भंग बड़े पैमाने पर सामने आया। इनमें 15 लाख से अधिक सिखों की जनसंख्या के केवल 2.46 लाख ने वोट दिए। पंजाब में भी 1.60 करोड़ सिख जनसंख्या में से 30 लाख से भी कम मतदाता पंजीकृत हैं। दिल्ली में सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की स्थिति चिंताजनक है। आल इंडिया गुरुद्वारा एक्ट का प्रस्ताव 1956 में ही किया गया था, पर इसे लागू नहीं किया गया। इसका कारण पंजाब के गुरुद्वारों के प्रबंधन में बाहरी सिखों के प्रभाव की आशंका है। उल्लेखनीय है कि 1982 के गाद से पंजाब छोड़ कर विदेशों में राजनीतिक शरण लेने वालों ने सिख धर्म का प्रसार करने के बजाय भारत सरकार पर आरोप लगाने और घृणा फैलाने का काम किया है। पंजाब क विकास में भी उनका योगदान नहीं दिखता है। इन स्थितियों को देखते हुए समृद्ध व उपलब्धियां प्राप्त सिखों को सिख धर्म को और नुकसान से बचाने के प्रयास करने चाहिए। इसके लिए शिक्षा को प्रोत्साहन देने के साथ आंदोलनों से दूरी बनाते हुए भारत सरकार तथा बहुसंख्यक समुदाय से संबंध सुधारने चाहिए।

बिना कोई देर किए उनके सहयोग से सिख धर्म को पुनर्जीवित किया जाना चाहिए। इसके लिए सिख संगठनों व संस्थानों के सहयोग से सिख भाईचारा मजबूत करने तथा राजनीति से दूर रहने के प्रयास करने चाहिए। इससे सिख समूहों के बीच संवाद, समन्वय तथा सामूहिक कार्रवाइयों को प्रोत्साहन मिलेगा जिससे वे समुदाय के समक्ष आ रही चुनौतियों का सामना करने तथा सिख धर्म का प्रभाव बढ़ाने के लिए अपने संसाधनों व विशेषज्ञता का प्रयोग कर सकेंगे। इसके साथ ही सिख शिक्षण संस्थानों को पुनर्जीवित करने, मानक शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा सिखों को नौकरशाही व न्यायपालिका में काम के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इससे समुदाय के सम्मान को पुनर्जीवित करने तथा उसकी संस्थाओं में विश्वास बहाल करने में सहायता मिलेगी। अंतत: सिखवाद को पुनर्जीवित करने के लिए सिख समुदाय, इसके नेताओं और संगठनों को सामूहिक प्रयास करने होंगे। इसके लिए पवित्र लक्ष्य के आधार पर स्वयं में परिवर्तन करने, विकसित होने और काम करने की इच्छाशक्ति जरूरी है।

# इंद्रियों पर नियंत्रण आवश्यक

"हममें से कई लोग क्षणभंगुर इच्छाओं के आगे झुक जाते हैं, जिससे व्यक्तिगत पतन होता है।"

अजीत कुमार विश्नोई
(लेखक आध्यात्मिक विचारक हैं)



**स्वामी विवेकानंद** से एक युवा पश्चिमी महिला ने विवाह करने की इच्छा जताई। उन्होंने उससे कारण पूछा। फिर, उन्होंने बहुत ही मजाकिया जवाब दिया और माफ़ी मांगी। इसी तरह, एक युवा और सुंदर महिला एक प्रसिद्ध वैज्ञानिक के पास गई। वह उनकी बुद्धिमानी और उनके जैसे रूप वाला बच्चा चाहती थी। उन्होंने यह कहकर माफ़ी मांगी कि ऐसी संभावना है कि बच्चा उनके जैसे रूप और उनकी बुद्धिमानी वाला पैदा हो। हम उन्हें इसलिए याद करते हैं क्योंकि इस तरह का संयम दिखाना बहुत ही असामान्य है। बल्कि, यह आम बात है कि लोग अपने जीवनसाथी को धोखा देने के अवसर तलाशते हैं; वे कई प्रयास करते हैं, फिर चाहे उन्हें थाली में परोसा जाना ही क्यों न हो। परिणाम व्यक्ति के पतन से शुरू होने वाली सज़ा है। हमारे पास दस इंद्रियाँ हैं। पाँच ज्ञान-संग्रह करने वाली इंद्रियाँ हैं, जो आँख, कान, नाक, त्वचा और जीभ हैं। फिर, पाँच कार्यशील इंद्रियाँ हैं, जो वाणी, हाथ, पैर, जननांग और गुदा हैं। मैं विस्तार से बताऊँगा कि संयम का अभ्यास कैसे और क्यों किया जाना चाहिए। आँखों से शुरू करते हुए, हमारी आँखें सबसे ज़्यादा क्या देखना चाहती हैं? कुछ बहुत ही सुंदर। यह तब तक ठीक है जब तक यह कोई सुंदर फूल, झील या पहाड़ जैसा कुछ हो। जब यह नग्नता देखने जैसा अपमानजनक हो, तो इससे बचना चाहिए। दुर्भाग्य से, इस संबंध में मन बहुत बेकार है; यह हमें नीचे खींचता है। जीभ एक और अपमानजनक इंद्रिय है; यह स्वादिष्ट खाद्य पदार्थों की ओर झुकती है, जो नुकसान पहुंचा सकती है। आप बहुत अधिक नमक या चीनी खाने को कैसे समझाएंगे, जो बहुत कम लाभ पहुंचाता है और बहुत नुकसान पहुंचाता है? हानिकारक मांसाहारी व्यंजन खाने का क्या



कारण है, सिवाय उनके स्वाद के, जब शाकाहारी व्यंजनों में बहुत सारे विकल्प उपलब्ध हैं? यहां भी, मन ही दोषी है। इसके अतिरिक्त, भौतिक बुद्धि उचित ठहराती है। संयम को मूर्खता माना जाता है। हम सबसे अधिक क्या सुनना चाहते हैं? क्षमा करें, गंदे चुटकुले। फिर, लोग उन लोगों के साथ दोस्ती करना पसंद करते हैं जो कुछ आर्थिक लाभ के लिए चंद्रमा की सराहना करेंगे। गीतों में भी, कुछ लोग अजीब तरह से उदास गाने सुनना पसंद करते हैं, या जो उत्तेजित करते हैं। लोगों को एहसास होता है कि इस तरह की आदत से हम खुद को अगले जीवन के लिए भी दोषी ठहराते हैं। दीर्घ कृष्ण चेतावनी देते हैं, कान, आँख, स्पर्श इन्द्रिय, जीभ और नाक मन के साथ अगले शरीर में जाते हैं। (15.7) हम नाक के मामले में अधिक संयमित हैं- दुर्गंध दूर भगाती है। लेकिन कुछ लोग बासी भोजन खाते हैं; वे तामसी होते हैं। (18.10) त्वचा आम तौर पर सभी की मित्र होती है; हमें गर्मियों में ठंडी सुख-सुविधाएँ और सर्दियों में गर्म वातावरण पसंद होता है।

कामकाजी इन्द्रियों की ओर मुड़ते हुए, वाणी सबसे खराब अपराधी है। आपको क्या लगता है कि सबसे अधिक नुकसान किससे होता है? इसका अनुमान लगाना बहुत आसान है; यह अनुचित रूप से या क्रोध में कही गई बात है। जब प्रतिक्रिया गंभीर होने वाली हो, तो गाली देने का क्या कारण है? लेकिन लोग खुद पर नियंत्रण नहीं रखते। अच्छे से अच्छे आदमी भी कमजोर क्षण आते हैं जब वे फिसल जाते हैं। भगवान कृष्ण ने सलाह दी है, जो दूसरों से उत्तेजित नहीं होता और जो दूसरों से उत्तेजित नहीं होता, वह मुझे प्रिय है। (12.15) जननांग सबसे अधिक परेशानी देते हैं जब तक कि उन्हें कम उम्र से नियंत्रित न किया जाए। खुद को गाली देना बहुत आसान है, लेकिन यह बहुत नुकसानदायक है। संयम की आवश्यकता है, इसलिए ब्रह्मचर्य का पालन करना बहुत जरूरी है। भगवान ने यौन सुख की अनुमति दी है, जो धर्म के विरुद्ध नहीं है (नैतिक सिद्धांतों के भीतर)। (7.11) क्यों न संयमित होकर श्रेष्ठ भावना का आनंद लिया जाए!

## आप की बात

### मोबाइल फोन का दुरुपयोग

**एक शोध** के अनुसार, ब्रिटेन में 60 फीसदी लोग टॉयलेट में बैठकर स्मार्टफोन का इस्तेमाल करते हैं। यह एक चौंकाने वाला आंकड़ा है, जो हमें अपने मोबाइल फोन के इस्तेमाल के तरीके पर विचार करने के लिए मजबूर करता है। वैज्ञानिकों ने खुलासा किया है कि शौचालय में बैठकर फोन पर स्क्रॉल करने से आपको टेक्स्ट नेक की समस्या क्यों हो सकती है। दरअसल, बहुत लंबे समय तक अस्वाभाविक कोण पर सिर को आगे की ओर झुकाने से गर्दन में दर्द और सूजन आ सकती है, जिसे टेक्स्ट नेक के रूप में जाना जाता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग टॉयलेट में दस मिनट तक अपने फोन को देखते थे, उनकी गर्दन को हानिकारक कोण पर मोड़ने की आशंका उन लोगों की तुलना में कहीं अधिक थी, जिन्होंने गैजेट को कहीं और छोड़ दिया था। पिछले अध्ययनों से पता चला है कि यूके में 48 प्रतिशत तक लोगों को गैजेट के इस्तेमाल की वजह से गर्दन में गंभीर दर्द और सूजन की समस्या पेश आ रही है। यूके में छोटे बच्चे और किशोर रोजाना औसतन 3.75 घंटे स्मार्टफोन से चिपके रहते हैं। वयस्क इससे भी अधिक समय मोबाइल को देखते हैं, जो कई बार औसतन रोजाना पांच घंटे से भी अधिक होता है। इसकी वजह से उन्हें टेक्स्ट नेक की परेशानी उठानी पड़ रही है। इस समस्या से बचने के लिए, हमें अपने मोबाइल फोन के इस्तेमाल के तरीके पर विचार करना होगा।

**-सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### सकारात्मक संकेत

**दिल्ली के** विधानसभा चुनाव में प्रदूषित यमुना का मुद्दा प्रमुख रूप से उभरा था। शीशमहल के साथ यमुना का मुद्दा भी केजरीवाल सरकार के हार का कारण बना था। दिल्ली वालों के लिए यह सुकून का बात है कि यमुना की सफाई करने का अभियान उप राज्यपाल के आदेश अनुसार जोरदार तरीके से चलाया जा रहा है। आधुनिक मशीनों के द्वारा यमुना नदी एवं घाट की सफाई अभियान शुरू किया गया है। दिल्ली नगर निगम के द्वारा भी अतिक्रमण के मुद्दे पर भी बड़े पैमाने पर योजनाएं बनाई जा रही है ताकि दिल्ली के फुटपाथों को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए. इसके साथ ही नई सरकार के लिए 100 दिन का मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। दिल्ली वालों के लिए नई सरकार की यह सकारात्मक संकेत लाभदायक होंगे और सभी मुद्दे जिनको पिछली सरकार नहीं कर पाई थी, नए सरकार पूरा करेगी। हम हमेशा करते हैं कि नई सरकार प्राथमिकता के आधार पर दिल्ली की जनता को समस्याओं से से मुक्ति दिलाएगी। लोग दलों को वोट इसलिए देते हैं कि सत्ता में आने पर वे उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। जबकि होता इसके विपरीत है। कई राजनेता पद पाने के बाद अपने को समृद्ध करने में लग जाते हैं। बाद में चुनाव में जनता उनसे बदला लेती है।

**-वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### प्रदूषण पर रोक लगे

**डीजे की** तेज आवाज कान फोड़ तो होती ही है साथ ही हृदय पर भी प्रेशर डालती है। सरकार डीजे पर प्रतिबंध लगाए या इसकी आवाज को कानूनन सीमित करे। हम कह तो नहीं सकते कि डीजे की तेज ध्वनि से घटना घटी या वास्तविक हार्ट अटैक आया किन्तु इंदौर की बेटी विदिशा में महिला संगीत में नृत्य करते हुए स्टेज पर गिर गई और उसकी दुखद मृत्यु हो गई. श्योपुर में दूल्हे ने डांस किया और घोड़ी पर बैठा और बेहोश हुआ तब लोगों ने संभाला किन्तु उसकी भी दुखद मृत्यु हो गई। वैसे आजकल हार्ट अटैक से जवान लोगों की मृत्यु के समाचार अक्सर मीडिया में आते रहते हैं। यहाँ तक कि कतिपय तो स्कूल विद्यार्थी की भी अटैक की खबरें पढ़ी-सुनी हैं। चूँकि लाइफ स्टाइल भी बदल गई है, भाग-दौड़ की जिंदगी, नौकरी, पढ़ाई व अन्य तनाव बच्चों से लेकर युवाओं तक को झेलने पड़ रहे हैं। देश का कोई शहर ऐसा नहीं है जहाँ धूल, ध्वनि और धुएं का प्रदूषण विद्यमान न हो। बड़ी-बड़ी अट्टालिकाएँ, विकास के नाम पर कटते हरे-भरे पेड़ वाहनों की भरमार और उनसे फैलती धूल, धुएं और ध्वनि आदि का प्रदूषण लोगों में नई-नई बीमारियां पैदा कर रहा है। इन सब तरह के प्रदूषण से पर्यावरण की शुद्धता कम हो रही है। तब श्वांस की बीमारियों का फैलाना स्वाभाविक है। अत: प्रदूषण को कैसे कम किया जाना चाहिए।

**-शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### मान की बेतुकी बात

**एक समय** दिग्विजय सिंह अपने बेतुके बयानों के लिए जाने जाते थे। केजरीवाल ने बेतुकेपन के साथ झूठ को मिलाकर दिग्विजयसिंह को पीछे छोड़ दिया। अब पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान कह रहे हैं कि अनुचित तरीके से अमेरिका गए हुए लोगों को अमेरिका द्वारा वापस करने पर उन्हें अमृतसर एयरपोर्ट पर लाने से पंजाब की बदनामी और अपमान होता है। ये तो अनुचित तरीके से रोजगार के लिए गए थे लेकिन यदि किसी भगोड़े आतंकवादी को भी प्रत्यर्पण द्वारा भारत लाया जाए तो जिस राज्य में प्रवेश करेगा उसकी बदनामी या अपमान हो जाएगा ? कैसे? तो क्या इन्हें भारत लाया ही न जाए? एयरपोर्ट केंद्र सरकार का है। क्या राज्य में स्थित एयरपोर्ट का उपयोग करने के लिए केंद्र राज्य की अनुमति या सहमति प्राप्त करे? बड़ी बेतुकी बात है। आम आदमी पार्टी के नेताओं को ध्यान देना चाहिए कि अतार्किक बातें और झूठ दिल्ली में उनकी सरकार जाने का एक बड़ा (एकमात्र नहीं) कारण था। अब पंजाब में इस प्रवृत्ति से बचा जाना चाहिए। अन्यथा आम आदमी पार्टी जनता से दूर होती जाएगी।

**-ललित दुबे,** रतलाम

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# अर्जुन्दा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निरीक्षण के दौरान दंत चिकित्सक के अनुपस्थित पाए जाने पर जिंप सीईओ डॉ. कन्नौजे ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

## जिला पंचायत सीईओ डॉ. कन्नौजे ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अर्जुंदा का आकस्मिक निरीक्षण

- **अस्पताल के अधिकारी-कर्मचारियों को मरीजों से आत्मीय व्यवहार एवं उनका समुचित इलाज करने के दिए निर्देश-**
- **मधुमक्खी से काटने से भर्ती एक बच्ची के बेहतर इलाज के दिए निर्देश**

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने मंगलवार को गुंडरदेही ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अर्जुन्दा का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लेबर रूम, महिला वार्ड, पुरूष वार्ड, ओटी, दवाई स्टोर रूम, लैब, ड्रेसर रूम, वैक्सीन रूम तथा विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। डॉ. सजंय कन्नौजे ने प्रभारी खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं अस्पताल के अधिकारी-कर्मचारियों से अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों से मधुर एवं आत्मीय व्यवहार करने तथा उन्हें समुचित इलाज मुहैया कराने के निर्देश भी दिए। इस दौरान डॉ. सजंय कन्नौजे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रतिदिन आईपीडी एवं ओपीडी की संख्या के अलावा अस्पताल में संस्थागत प्रसव आदि के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने अस्पताल के लैब में होने वाले टेस्ट तथा टेस्ट रिपोर्ट को प्रदान करने की अवधि के संबंध में जानकारी दी।

डॉ. कन्नौजे ने प्रभारी खण्ड चिकित्सा अधिकारी से अस्पताल में संचालित 'जेनेरिक मेडिकल स्टोर' में उपलब्ध दवाईयों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने 'जेनेरिक मेडिकल स्टोर' में समुचित मात्रा में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।

### खिड़कियों में जाली लगाने के निर्देश

इस दौरान सीईओ डॉ. सजंय कन्नौजे ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डॉ. कन्नौजे ने वार्ड नंबर एक में मधुमक्खी काटने से अस्पताल में भर्ती मरीज से बातचीत कर उनका हालचाल पूछा। उन्होंने मौके पर उपस्थित डॉक्टरों को उसका समुचित इलाज करने हेतु निर्देशित भी किया। उन्होंने महिला वार्ड में एक बच्ची को मधुमक्खी काटने से एडमिट होने पर उनका बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए। डॉ. सजंय कन्नौजे ने अस्पताल में समुचित साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा महिला एवं पुरूष वार्ड के खिड़कियों में जाली लगाने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में पदस्थ दंत चिकित्सक डॉ. देवेश साहू के अनुपस्थित पाए जाने पर डॉ. कन्नौजे ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर अपने कार्य में उपस्थित होकर निर्धारित समयावधि में उपस्थित होकर निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने की समझाईश दी।

# विजय सिन्हा की विजय रैली में शामिल होंगे सांसद विजय बघेल

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विजय की विजय रैली 19 फरवरी को बेमेतरा नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय सिन्हा नवनिर्वाचित भाजपा पार्षदों की विजय रैली दिनांक 19 फरवरी दिन बुधवार को माता भद्रकाली मंदिर प्रांगण बाजार पारा से प्रारंभ होकर गौरव पथ होते हुए सिंघौरी से दुर्गा मंदिर भक्तमाता कर्मा चौक से गस्ती चौक पुराना बस स्टैंड होते हुए नया बस स्टैंड से गार्डन रोड सवाना बाई के घर से सिंधी कॉलोनी ब्राह्मण पारा से विधायक निवास में पहुंचकर समाप्त होगी। रैली में दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल ,खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, नगर पालिका के प्रभारी पूर्व सांसद प्रदीप गांधी; प्रदेश मंत्री अवधेश चंदेल, पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्वजिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, किसान नेता योगेश तिवारी, चुनाव संचालक हर्षवर्धन तिवारी सहित वरिष्ठ भाजपा नेता रैली में शामिल होगे । मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू ने बेमेतरा नगर पालिका की प्रबुद्ध जनता और भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारियों समस्त कार्यकर्ताओं से माता भद्रकाली प्रांगण में अधिक से अधिक संख्या में दोपहर 3 बजे उपस्थित होने की अपील की है ।

### पहले चरण का मतदान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ

**दल्लीराजहरा ।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत जिले में पहले चरण का मतदान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पहले चरण के अंतर्गत जिले के डौण्डीलोहारा एवं डौण्डी विकासखण्ड के सभी मतदान केन्द्रों में बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण ढंग से एवं निर्विघ्न रूप से मतदान संपन्न हुआ। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि पहले चरण के अंतर्गत जिले के दोनों विकासखण्डों में संपन्न मतदान का कुल प्रतिशत 81.93 रहा। जिसमें डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के 120 ग्राम पंचायतों में 01 लाख 59 हजार 237 मतदाताओं में से 01 लाख 32 हजार 232 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार डौण्डीलोहारा विकासखण्ड में मतदान का प्रतिशत 83.04 रहा। इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के 62 ग्राम पंचायतों में 81 हजार 66 मतदाताओं में से 64 हजार 646 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार डौण्डी विकासखण्ड में मतदान का प्रतिशत 79.74 रहा। इस तरह प्रथम चरण के अंतर्गत डौण्डीलोहारा एवं डौण्डी विकासखण्ड के कुल 182 ग्राम पंचायतों में 02 लाख 40 हजार 303 मतदाताओं में से 01 लाख 96 हजार 878 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

# कल्पना योगेश तिवारी का जोरदार जनसंपर्क 1 नंबर दो पत्ती छाप में भारी मतों से जिताने की अपील

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 की प्रत्याशी कल्पना योगेश तिवारी ने अपने जनसंपर्क अभियान को तेज कर दिया है। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में उनका भव्य स्वागत किया जा रहा है, जिला पंचायत सदस्य हेतु चुनाव आयोग द्वारा उन्हें 'दो पति छाप' चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। प्रत्याशी द्वारा मतदाताओं से अपील की कि 1 नंबर मोहर लगाके उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं, ताकि सभी गांवों का समुचित विकास हो सके।

**सभी गांवों का होगा समग्र विकास-** कल्पना योगेश तिवारी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि अगर वे जिला पंचायत सदस्य बनती हैं, तो क्षेत्र के सभी गांवों का तेजी से विकास होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि भाजपा की सरकार गांव-गांव तक विकास कार्यों को पहुंचाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता होगी ङ्क गांवों में पक्की सड़कें और अच्छी यातायात सुविधा शुद्ध पेयजल एवं नल-जल योजना का विस्तार शिक्षा के क्षेत्र में सुधार, स्कूलों का विकास एवं स्मार्ट क्लास की व्यवस्था किसानों के लिए सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और फसल बीमा योजना का लाभ युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर और स्वरोजगार योजनाओं को बढ़ावा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए विशेष योजनाएं स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, हर गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गरीब और जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के गांव-गांव में मिल रहा समर्थन, भाजपा की ऐतिहासिक जीत तय अपने जनसंपर्क अभियान के तहत कल्पना योगेश तिवारी ने ग्राम देवादा, सांकरा, हसदा, नेवनारा सहित कई गांवों में ग्रामीणों से मुलाकात की। ग्रामीणों ने उन्हें पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया और भाजपा की जीत सुनिश्चित करने की बात कही। इस अभियान में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से ङ्क रेवा राम साहू, लेखराम साहू, विजय साह, भुवन लाल साहू, पोषण साहू, प्रेमलाल साहू, हेमा वर्मा, मनोज साहू, होला लाल साहू, पुरुषोत्तम साहू, मनीराम साहू, पुनाराम साहू, भोला धनकर, हेमचंद साहू, तोरण साहू, बलराम यादव, मुकेश देवांगन, पंचराम निर्मलकर, वेद प्रकाश यादव, धनेश्वरी टैंकर, पंचनंधानकर, गायत्री साहू, उषा साहू, ललिता नांकर, लक्ष्मी धनकर, मीनाक्षी कर, शांति साहू सहित कई स्थानीय नेता और भाजपा कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं।

# बालोद जिले में पहले चरण का मतदान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com





त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत बालोद जिले में पहले चरण का मतदान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पहले चरण के अंतर्गत 17 फरवरी को डौण्डीलोहारा एवं डौण्डी विकासखण्ड के सभी मतदान केन्द्रों में बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण ढंग से एवं निर्विघ्न रूप से मतदान संपन्न हुआ। इन दोनों विकासखण्डों के सभी मतदान केन्द्रों के निर्धारित समय सुबह 07 बजे से मतदान प्रारंभ हो गया। मतदान अधिकारियों के द्वारा निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति में मतदान का कार्य नियत समय में आरंभ कर दिया गया। पहले चरण के अंतर्गत जिले के डौण्डीलोहारा एवं डौण्डी विकासखण्ड में संपन्न मतदान के दौरान सभी वर्ग के मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लेते हुए पूरे जोश एवं उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केन्द्रों में पुरूष एवं महिला मतदाताओं के अलावा बुजुर्ग, दिव्यांग, युवा आदि सभी वर्ग के मतदाताओं ने सुबह से ही उपस्थित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं रिटर्निंग आफिसर डॉ. संजय कन्नौजे ने दोनों विकासखण्डों के विभिन्न मतदान केन्द्रों में पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने डौण्डी विकासखण्ड के मतदान केन्द्र पथराटोला में पहुँचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पीठासीन अधिकारी एवं मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी भी ली। चन्द्रवाल ने मतदान केन्द्र में उपस्थित मतदाताओं से भी मतदान केन्द्र के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने डौण्डी विकास खण्ड के मतदान केन्द्र अड़जाल, कोटागांव, गुजरा, कुसमुकसा, कुमुड़कट्टा आदि मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संपन्न मतदान के दौरान युवा मतदाताओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला। इसके अंतर्गत जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम दानीटोला के मतदान केन्द्र क्रमांक 21 में युवा मतदाता कु. सुधा, लालिमा ठाकुर, मीनाक्षी मण्डावी, दामिनी एवं कीर्ति आदि युवा महिला मतदाता एक साथ मतदान केन्द्र में पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि उन्हें पहली बार त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इन सभी युवा मतदाताओं ने इस पल को अपने लिए अविस्मरणीय बताते हुए जिले के सभी मतदाताओं से अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इसी तरह दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाता भी आज अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए पीछे नही रहे। इसी कड़ी में ग्राम दानीटोला के मतदान केन्द्र क्रमांक 22 में बुजुर्ग दिव्यांग मतदाता रमेश कुमार रावटे ने अपने शारीरिक असमर्थता के बावजूद अपने परिजनों के साथ मतदान केन्द्र में पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। इस दौरान डौण्डी विकासखण्ड के बकलीटोला के मतदान केन्द्र क्रमांक 17 में मतदान करने पहुँचे मतदाताओं ने मतदान केन्द्र की बेहतर व्यवस्था की भूरी-भूरी सराहना की। उल्लेखनीय है कि मतदान केन्द्र बकलीटोला में मतदाताओं के लिए बैठक एवं छांव इत्यादि की समुचित व्यवस्था की गई थी। जिसमें मतदाताओं ने छांव में विश्राम कर अपनी बारी आने पर क्रमशः अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बकलीटोला मतदान केन्द्र की सराहना वहाँ उपस्थित बुजुर्ग मतदाता रतन लाल, युवा मतदाता शेखर कुमार एवं महिला मतदाता वंदना एवं नीलम ने करते हुए यहाँ की व्यवस्था को बहुत ही सराहनीय बताया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक सहित सभी रिटर्निंग अधिकारी, नोडल अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स एवं पुलिस के आला अधिकारी ने मतदान केन्द्रों का लगातार दौरा कर मतदान को सफ्लतापूर्वक संपन्न कराने हेतु व्यवस्थाओं का निरंतर मॉनिटरिंग करते रहे। सभी मतदान केन्द्रों में मतदान समाप्ति के पश्चात्

# आयरन ओर गोल्ड कप ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का आयोजन 20 से 28 फरवरी 2025 तक

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



राजहरा माइंस फुटबॉल क्लब आईओसी राजहरा के तत्वाधान में आयरन ओर गोल्ड कप ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का आयोजन 20 फरवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट के प्रायोजक सी एस आर आईओसी दल्ली राजहरा हैं। यह आयोजन दल्ली राजहरा के पंडित जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल स्टेडियम में 20 फरवरी से 28 फरवरी के बीच होगा द्य यह टूर्नामेंट रात्रि कालीन होगा। प्रतिदिन दो मैच होंगे पहला मैच शाम 5:00 बजे से 7:00 तक एवं दूसरा मैच शाम 7:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक होंगे। फुटबॉल प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 1,50000 रुपए तथा द्वितीय पुरस्कार एक लाख रुपए रखी गई है। टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए 7 टीम अन्य प्रदेश से आ रहे हैं द्य राजहरा माइंस की टीम को मिलाकर कुल 8 टीमों के बीच में मुकाबला होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन मैच 20 फरवरी को खेला जाएगा द्य जिसमें मुख्य अतिथि विपिन गिरी कार्यपालक निदेशक बीएसपी) होंगे। टूर्नामेंट में हिस्सा लेने जो 7 टीम, इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही है, उनमें (1) एस टी एफ सी कश्मीर कश्मीर (2) राजहरा माइंस फुटबॉल क्लब दल्लीराजहरा (3) केरला यूनाइटेड केरला (4) डब्लूसीआर रेलवे जबलपुर (5) यूनियन बैंक मुंबई (6) सेंट्रल एक्सिस चेन्नई (7) बी एन आर रेलवे कोलकाता और (8) रब्बानी फुटबॉल क्लब नागपुर। राजहरा खदान समूह के जी एम इंचार्ज जयप्रकाश ने पूरे दल्ली राजहरा वासियों को रात्रकालीन फुटबॉल के आनंद लेने के लिए आमंत्रित किया है, जयप्रकाश ने स्टेडियम में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रें स में बताया कि यह प्रतियोगिता निशुल्क रखी गई है इसलिए नगर की जनता एवं आसपास के लोग फुटबॉल मैच का आनंद लेने अधिक से अधिक संख्या में आए तथा खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाएं।

# पूर्व जिला अध्यक्ष के कारनामों के कारण ही आज कांग्रेस रसातल पर पहुंच चुकी है, कांग्रेस नेताओं का आरोप

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री ललित विश्वकर्मा, सेवा दल जिला अध्यक्ष दिनेश पटेल एवं पूर्व पार्षद मनोज शर्मा तथा शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमन गोस्वामी ने पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंसी पटेल द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज पर लगाए आप को बेबुनियाद तथा उनसे मांगे जा रहे त्यागपत्र को निरर्थक करार दिया है तीनों नेताओं ने एक संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि आज कांग्रेस की यह हालत बेमेतरा जिले में अगर हुई है तो उसका एकमात्र जिम्मेदार पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंसी पटेल हैं उनकी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा तथा कांग्रेस अध्यक्ष रहकर भीतरीघात करने के कारण आज पूरे जिले में बेमेतरा कांग्रेस रसातल पर पहुंच चुकी है अपने अध्यक्ष के कार्यकाल में इन्होंने न केवल कांग्रेस विधायकों के खिलाफ कार्यकर्ताओं को भड़काने का काम किया है बल्कि जमीनी कार्यकर्ताओं को पार्टी से अलग-अलग कर दिया इनके नेतृत्व में ही विगत विधानसभा चुनाव में पार्टी को तीनों विधानसभा क्षेत्र से हाथ धोना पड़ा दुर्ग लोकसभा चुनाव में भी इन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी के लिए भीतरीघात का काम किया जिसके कारण कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में भारी अंतर से हार का सामना करना पड़ा उसे समय भी जिला अध्यक्ष के पद पर बंसी पटेल ही थे और आज जो नगरी निकाय में हाल हुआ है उसके भी जिम्मेदार पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंसी पटेल ही है जिन्होंने चुनाव से कुछ दिनों पूर्व ही अपनी करगुजारियों के उजागर होने पर अपने पद से इस्तीफा देते हुए पिछड़े वर्ग का रोना रोने लगे उन्हें उसे समय याद नहीं था पिछड़े वर्ग का जब उन्हें पार्टी ने जिला अध्यक्ष बनाया था कांग्रेस पार्टी ने बंसी पटेल को पूरा मान सम्मान सत्ता में रहते हुए दिया और बदले में बंसी पटेल ने कांग्रेस के पीठ में छुरा घोपने का काम किया कांग्रेस को पूरी तरह से बर्बाद करके अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं बंसी पटेल इन तीनों नेताओं ने पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष को चुनौती देते हुए कहा है कि उनकी स्थिति आज बेमेतरा जिले के किसी गांव में सरपंच का चुनाव जीतने के लायक भी नहीं है और बड़बड़ कर बयान देने की बात कर रहे हैं तीनों नेताओं ने याद दिलाया कि यह वही बंसी पटेल है जिन्होंने मजगांव स्थित राम मंदिर ज़मीन मामले में भाजपा नेता से सांठगांठ कांग्रेस के आंदोलन को बंद करवाने का काम किया है और उनकी बेमेतरा शहर कांग्रेस कमेटी के सदस्यों तथा पूर्व विधायकों से इस बात की ही नाराजगी रही है कि भाजपा के खिलाफ उनके घोटाले को क्यों उजागर किया जा रहा है जबकि मैं जिला अध्यक्ष रहते इस मामले में मौन आज पद से हटाने के बाद पूर्व जिला अध्यक्ष बंसी पटेल को पिछड़े वर्ग की याद आ रही है वे खुद बता दें कि अपने कार्यकाल में उन्होंने कितने पिछड़े वर्ग के लोगों को आगे किया है सच तो यह है कि बंसी पटेल खुद पिछड़ा वर्ग के होकर भी पिछड़ा वर्ग के दुश्मन है, होना यह है की बंसी पटेल को अपनी उम्र का ध्यान रखते हुए नौजवानों को आगे आने का मौका देते इसे छोड़कर वे नौजवानों तथा युवाओं को कांग्रेस से खदेड़ने के कामों में लग रहे, आज फिर से कांग्रेस पार्टी को बेमेतरा जिले में बूथ स्तर पर सिंचित करने की आवश्यकता आन पड़ी है।

# जिला पंचायत सदस्यों को जीत को लेकर दिन भर रही लोगों के बीच दुविधा की स्थिति

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत सदस्यों को लेकर इस बार अलग-अलग दावे और प्रति दावे के कारण दुविधा की स्थिति बनी रही यद्यपि सभी संभावित जीतने वाले प्रत्याशियों के द्वारा अपनी जीत के दावा किया जा रहा है किंतु एक क्षेत्र के प्रत्याशी जहां जीतने की दावा करता था वही क्षेत्र के दूसरे तरफदूसरे प्रत्याशी भी जीत का दावा कर रहा है इसके चलते दुविधा की स्थिति बनी हुई है यद्यपि कुछ क्षेत्र पर तस्वीर स्पष्ट दिख रहा है लेकिन जब तक के जिला निर्वाचन के द्वारा अधिकृत रूप से निर्वाचित घोषित नहीं किया जाता दावा प्रति दावा की स्थिति जारी रहेगा यही स्थिति बनी रहेगी। सोमवार को जिले के बेमेतरा तथा नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत आने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिले के बेमेतरा एवं नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत प्रथम चरण में पंच सरपंच जनपद पंचायत सदस्य एवं 7 जिला पंचायत सदस्यों के लिए मतदान सुबह 7:00 से दोपहर 3:00 बजे तक हुआ उसके बाद कुछ अंतराल के बाद फिर मतगणना शुरू हुई जिसमें सबसे पहले पंच फिर सरपंच जनपद पंचायत सदस्य और अंत में जिला पंचायत सदस्यों मतों की गणना किया गया है चूंकि जिला पंचायत सदस्यों का क्षेत्र बहुत विस्तृत है इस संबंध में बताया जाता है कि लगभग 70 से लेकर 80 मतदान केंद्र एक जिला पंचायत क्षेत्र में आता है और सबसे आखरी में जिला पंचायत सदस्यों की मतों की गणना हुई है जो देर रात चला इस कारण सातों जिला पंचायत क्षेत्र के संभावित जीतने वाले प्रत्याशी अपने-अपने आंकड़े को लेकर दावा और प्रति दावा किया जा रहा है इसमें बताया जाता है एक तरफजिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 से प्रज्ञा निर्वाणी की जीत बताई जा रही है तो वहीं दूसरी तरफ यहां अंजलि गंधर्व का भी नाम सामने आ रहा है जबकि क्षेत्र क्रमांक 2 में 13 प्रत्याशी होने के बाद भी हरीश साहू को जितने की चर्चा जबरदस्त है इसी प्रकार क्षेत्र क्रमांक 3 में भी बाल कुमारी ध्रुवे की जीत की चर्चा हो रही है तो क्षेत्र क्रमांक 4 में जहां एक बार फिर शशि प्रभा गायकवाड की जीत की बात किया जा रहा है वहीं क्षेत्र क्रमांक 5 में सुशीला जोशी की जीत की बात किया जा रहा है क्षेत्र क्रमांक 6 से जिला पंचायत सदस्य के लिए अंजू बघेल का नाम जीत की संभावना में बताया जा रहा है जबकि क्षेत्र क्रमांक 7 से मधु राय की जीत की चर्चा हो रही है यह यह सब संबंधित प्रत्याशी तथा क्षेत्र में चल रही चर्चा के आधार पर नाम दिया जा रहा है विधिवत अधिकृत रूप से जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा दिए जाने वाले प्रमाण पत्र ही प्रत्याशी को जीत माना जाता है अधिकृत रूप से इन किसी का नाम अभी तक के नहीं घोषित किया गया है इसलिए जब तक की जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा ऐसे अधिकृत घोषित नहीं किया जाएगा तब तक के पूर्ण रुपए जीत की बात नहीं किया जा सकता लेकिन एक बात जरूर है कि जो स्थिति वर्तमान में आ रही है उसके हिसाब से बेमेतरा जिला के दोनों विकासखंड बेमेतरा तथा नवागढ़ में कांग्रेस और भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी की ज्यादातर जीत हासिल नहीं हुई है।

## प्रथम चरण का चुनाव संपन्न होते ही दूसरे चरण के चुनाव लिए नेताओ ने कसी कमर

# निकाय चुनाव में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन पर पूर्व मंत्री भेड़िया ने हार स्वीकारी, कहा-जनता का जनादेश स्वीकार

- **अनिला ने झलमला में चुनावी सभा को संबोधित कर कांग्रेस प्रत्याशी को जीतने की अपील की**

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



अपने गृहनगर सहित डौंडीलोहारा विधानसभा अंतर्गत तीनो निकाय और जिले के आठों नगरीय निकाय में मिली करारी हार पर पूर्व मंत्री अनिला भेड़ियाँ का बयान सामने आया है। उन्होंने स्वीकार किया कि न केवल बालोद जिले में बल्कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। अनिला भेड़ियाँ ने कहा कि 15 सालों से निकायों में कांग्रेस की सत्ता सरकार बैठी थी, तो हो सकता है इस बार जनता का रुझान इस बार परिवर्तन की ओर रहा होगा। लोगों का जो जनादेश है उसे स्वीकार करना ही पड़ेगा। निकायो में मिली हार के बाद अब अनिला भेड़िया ग्राम पंचायत और जनपद जिला चुनावों के प्रचार में सक्रिय हो गई हैं। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार अंतिम चरण पर है। 20 को मतदान होना हैं। क्षेत्र क्रमांक 9 में भाजपा और कांग्रेस दोनों दल पूरी ताकत झोंक रहे हैं। जहां भाजपा प्रत्याशी के साथ संगठन के कार्यकर्ता मैदान में हैं, वहीं क्षेत्रीय विधायक संगीता सिन्हा सहित कांग्रेस से पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया प्रचार की कमान संभाल रही हैं। दोनों दलों के प्रत्याशी अपनी-अपनी बात जनता तक पहुंचाने में जुटे हैं। जहां एक तरफविपक्ष सरकार की कमियां गिना रहा है, वहीं सत्ता पक्ष अपनी उपलब्धियों का बखान कर रहा है।

**हम ग्रामीण क्षेत्रों में परिवर्तन की लहर लाने के लिए उतरे हुए हैं- अनिला**

उल्लेखनीय हो कि त्रिस्तरीय पंचायत अंतर्गत प्रथम चरण का चुनाव संपन्न होते ही 20 फरवरी को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए नेताओ ने कमर कस जोरो से प्रचार प्रसार शुरू कर दिया है। राष्ट्रीय पार्टियों के दिग्गज नेता गांव की ओर रुख कर नुक्कड़ सभा लेकर ग्रामीण मतदाताओं को पार्टी से समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में वोट देने अपील करते नज़र आ रहे है। इसी कड़ी में सोमवार को कांग्रेस की कद्दावर और पूर्व मंत्री अनिला भेड़ियाँ ने ग्राम झलमला पहुच कांग्रेस समर्थित सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार प्रसार किया और चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि सभी प्रत्याशी पढ़े लिखे ऊर्जावान है। उन्हें मतदाताओं का सहयोग जरूर मिलेगा। पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया ने कहा कि हम ग्रामीण क्षेत्रों में परिवर्तन की लहर लाने के लिए उतरे हुए हैं, वर्तमान सरकार ने योजनाओं को बंद कर दिया है तो हम ग्रामीण व्यवस्था में बेहतर विकास के आयाम करने के लिए आए हैं। बता दे कि सोमवार को प्रथम चरण में बालोद जिले के डौंडीलोहारा और डौंडी ब्लॉक में मतदान संपन्न हुआ है। जिसके बाद इस क्षेत्र के नेता व जनप्रतिनिधि दूसरे चरण में 20 फरवरी को होने वाले चुनाव के लिए अन्य विधानसभा क्षेत्रों की ओर रुख कर प्रचार प्रसार में जुट गए है।

**भाजपा कर रही विकास का दावा-** भाजपा से अधिकृत प्रत्याशी कीर्तिका साहू ने प्रचार के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ और केंद्र में भाजपा की सरकार है और जब गांव में ही भाजपा की सरकार बनेंगे तो विकास सभी तरफसे होगा। उन्होंने कहा कि पिछले बार भी हम जिला पंचायत सदस्य थे और विपक्ष में रहते हुए भी विकास की ओर ध्यान दिया तो अब तो भाजपा की सरकार है इसलिए आपको भाजपा के पक्ष में जाना चाहिए।

**महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने चाहती हूं-** कांग्रेस प्रत्याशी पूजा साहू ने कहा कि गांव-गांव जाकर मैं प्रचार प्रसार कर रही हूं और हमें जनता का अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। मैं ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनना चाहती हूं और यही मेरा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि हमारे युवा भाई हैं उनके लिए सैन्य प्रशिक्षण सिविल जनपद स्तर पर निर्माण हो इसके लिए मैं काम करूंगी। पूजा साहू ने कहा कि मैं गांव की पढ़ी-लिखी महिला हूं और गांव को आधुनिकता के साथ जोड़कर बेहतर विकास की ओर अग्रसर होना चाहती हूं।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया प्री प्राइमरी कक्षाओं के नौनिहालों का दीक्षांत समारोह

पायनियर संवाददाता ◀ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com




दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया प्री प्राइमरी कक्षाओं के नौनिहालों का दीक्षांत समारोह। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई जिसमें कक्षा केजी-टू के छात्र-छात्राओं ने दीप ज्योति मंत्र का गायन किया, तत्पश्चात् विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा श्री राम एडुकेशनल ट्रस्ट एवं विद्यालय के अध्यक्ष सह इस पुनीत दिवस के मुख्य अतिथि रमेश चंद्र सिंह, निदेशक वेंकटेश सिंह एवं निदेशिका पूनम सिंह तथा प्राचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी को तिलक लगाकर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के पश्चात कक्षा नर्सरी के नन्हे मुन्ने सितारों द्वारा वेलकम डांस की प्रस्तुति दी गई, इस शानदार प्रस्तुति के पश्चात कक्षा kg 2 के विद्यार्थियों ने अपने माता- पिता एवम् शिक्षकों के लिए आभार गीत 'टू लिट्ल वड्र्स' गया इस सुमधुर गीत के पश्चात बच्चों ने ' सेव अर्थ' विषय पर संवेदात्मक एकांकी की प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति के पश्चात कक्षा के. जी. वन के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने दक्षिण भारतीय गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया,आकर्षक नृत्य के पश्चात शिक्षिकाओं ने बच्चों के लिए गीत ' वी लव यू चिल्ड्रन' की सुमधुर प्रस्तुति दी इस प्रस्तुति के पश्चात केजी टू के विद्यार्थियों ने बच्चों में मोबाइल के द्वारा बढ़ते हुए नकारात्मक प्रभाव को दिखाने के लिए नाटक का मंचन किया, इस शानदार प्रस्तुति के पश्चात कक्षा यूकेजी के छात्र समर्थ द्विवेदी ने एवं छात्र क्रिस्टीका पूर्वी ने क्रमशः हिन्दी एवम् अंग्रेजी में भाषण प्रस्तुत किया। इन सभी के पश्चात कक्षा केजी टू के विद्यार्थियों ने नृत्य प्रस्तुत किया। इस शानदार प्रस्तुति के पश्चात कक्षा kg 2 की छात्राओं ने आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी कार्यक्रम के अंत में संस्था के अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि रमेश चंद्र सिंह ने सभी विद्यार्थियों को एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि इस बहु प्रतीक्षित क्षण में हम हमारे अभिभावकों को धन्यवाद प्रेषित करते हैं जिन्होंने हम पर भरोसा दिखाया और अंतहीन समर्थन दिया आज यह सभी ननिहाल प्री प्राइमरी कक्षाओं से एक नए सफर की ओर बढ़ रहे हैं जहां और भी नए अनुभव और सीखने के अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं यह छोटी-छोटी उपलब्धियां ही बड़े सपनों की नींव रखनी हैं आप ही प्राइमरी कक्षाओं से एक नए सफर की ओर बढ़ रहे हैं जहां हम अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं और आशा करते हैं कि वह इसी तरह मेहनत और लगन से आगे बढ़ते रहेंगे। मुख्य अतिथि के व्याख्यान के पश्चात प्राचार्य डॉ बसंत कुमार तिवारी ने भी छात्रों को अभी और छात्रों और अभिभावकों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए इस रोमांचक यात्रा के मार्गदर्शक सितारों को संबोधित करते हुए कहा कि जब ये छोटे-छोटे कदम पहली बार हमारे स्कूल में आए थे, तब वे एक नई दुनिया में प्रवेश कर रहे थे–खेलते हुए सीखने, नए दोस्त बनाने, और आत्मनिर्भर बनने की दुनिया में। जब हम उन्हें नर्सरी और केजी से प्राथमिक कक्षाओं की ओर बढ़ते देख रहे हैं, तो यह देखकर खुशी होती है कि वे आत्मविश्वास और ज्ञान से भरपूर हो गए हैं। हमारे शिक्षकों ने अथक परिश्रम और प्रेम से इन्हें हर छोटी-बड़ी चीज़ सिखाई–अक्षरों और संख्याओं से लेकर नैतिक मूल्यों और अनुशासन तक हमारे माता-पिता ने इस पूरे सफर में बच्चों को संबल प्रदान किया, उनका उत्साह बढ़ाया और उनके हर छोटे-बड़े प्रयास में उनका साथ दिया।

# शहर में 26 को निकलेगी बाबा भोलेनाथ की भव्य शिव बारात

## सर्व समाज जुटे हैं शिव बारात को सफल बनाने में

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



शहर में आगामी 26 फरवरी को शाम 4:00 बजे से रेलवे स्टेशन से महाशिवरात्रि के पावन मौके पर भव्य शिव बारात का आयोजन किया गया है, उपरोक्त जानकारी देते हुए शिव बारात आयोजन समिति के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल राजू ने बताया कि इस वर्ष शिव बारात के भव्य आयोजन को लेकर शहर के सर्व समाज के लोगों को एकत्रित कर सभी के सहयोग से यह धार्मिक आयोजन किया जा रहा है, तथा शिव बारात समिति का गठन किया गया है,जिसमें अग्रवाल सभा, कसेर समाज शक्ति, कनौजिया राठौर समाज शक्ति,सर्व ब्राम्हण समाज सक्ती, यादव समाज सक्ती, गबेल समाज संगठन सक्ती, साहू समाज शक्ति, अघरिया पटेल समाज शक्ति, श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिवार शक्ति,मारवाड़ी युवा मंच शाखा शक्ति, श्री चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति शक्ति, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज इकाई शक्ति सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठन इस पूरे आयोजन को मूर्त रूप देने में जुटे हुए हैं। तथा शिव बारात रेलवे स्टेशन शक्ति से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए हटरी चौक शक्ति पहुंचेगी जहां रात्रि कालीन धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें भगवान शिव-पार्वती के विवाह के साथ ही भंडारा प्रसाद का भी आयोजन होगा तथा शिव बारात समिति के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल राजू ने बताया कि इस वर्ष पूरे शिव बारात के आयोजन में सनातन धर्म कि यह बारात मिसाल होगी तो वहीं शिव बारात के कार्यक्रम के लिए अतिथियों को भी आमंत्रित किया गया है, एवं शहर वासी भी इस शिव बारात का जगह-जगह भव्य स्वागत करेंगे, शिव बारात समिति की सभी सहयोगी सामाजिक संस्थाओं ने धर्म प्रेमियों को इस बारात में सह परिवार शामिल होकर पुण्य का भागी बने का आग्रह किया है।

# भिंभौरी नगर पंचायत चुनाव में शानदार जीत के बाद विजय जुलूस में शामिल हुए विधायक दीपेश साहू

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू नगर पंचायत भिंभौरी मे आयोजित भव्य विजय जुलूस में शामिल हुए। इस अवसर पर क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह और हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला। जुलूस की शुरुआत दाऊके घर से गांव के विभिन्न चौक चौराहो से मुख्य मार्गो से गुजरते हुए वार्ड 15 मे समापन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में समर्थक और कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों और डीजे के साथ जश्न मनाते नजर आए। विधायक नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप परगनिया सहित समस्त नवनिर्वाचित पार्षदो पर जगह-जगह फूलों की वर्षा की गई, और लोगों ने उन्हें माला पहनाकर जीत की बधाई दी। विजय जुलूस के दौरान विधायक दीपेश साहू ने जनता को संबोधित करते हुए कहा, यह जीत आप सभी की जीत है। यह आपकी उम्मीदों और विश्वास की जीत है। हम आपके आशीर्वाद और समर्थन से क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए संकल्पित हैं। इस अवसर पर संदीप परगनिहा नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोविंद यदु, दिनेश पाटिल, योगेश धीवर, सरोज साहू, पुष्पा साहू, सीता सिन्हा, अरूण वर्मा, सालिक साहू, महेंद्र पाटिल,पूर्व मण्डल अध्यक्ष यशवंत वर्मा, पोषण वर्मा, चुनाव प्रभारी महेश साहू, समस्त पार्षद गण नगर के प्रमुख गणमान्य नागरिक, पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे नगर में जश्न का माहौल था, और समर्थकों ने आतिशबाजी कर जीत का उत्सव मनाया। कार्यक्रम के अंत में विधायक दीपेश साहू ने सभी मतदाताओं, कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करते रहेंगे।

# ए के इंस्टिट्यूट ऑफ़नर्सिंग कॉलेज में फ्रेसर एवं वेलकम पार्टी का आयोजन







पायनियर संवाददाता ◀ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

चैनपुर स्थित ए के इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग कॉलेज में नए छात्रों के लिए फ्रेसर एवं वेलकम पार्टी तथा विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अत्यधिक उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। पार्टी का आयोजन कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों के लिए एक यादगार अवसर बना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय चिकित्सालय मनेन्द्रगढ़ के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डा. गौरव गुप्ता थे, जिन्होंने इस मौके पर अपने प्रेरणादायक शब्दों से छात्रों का मार्गदर्शन किया। डा. गौरव गुप्ता ने कहा, नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का एक महान रूप है। नर्सिंग स्टॉफ का चिकित्सा क्षेत्र में अत्यधिक योगदान होता है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे कभी भी संकोच न करें और हमेशा सीखने की ललक बनाए रखें, क्योंकि जो छात्र सीखने के लिए तत्पर रहते हैं, वही आगे चलकर इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इस अवसर पर पुष्पा जायसवाल ने सरस्वती वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जो कार्यक्रम में एक आध्यात्मिक रंग लेकर आई। उनके मधुर स्वर ने उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में संस्थान के डायरेक्टर डा. ए के ओझा, डा. रजा अहमद, अवनिन्द्र सिंह और रामचरित द्विवेदी बी एड कालेज के डायरेक्टर राजेश शर्मा, धुरंधर तिवारी बलरामपुर, अजीत सिंह टाटा मोटर्स, विनय पाण्डेय, शुद्धू लाल वर्मा उपस्थित थे। डा. ए के ओझा ने संस्थान के समर्पण और शिक्षा के स्तर पर विचार साझा किए, जबकि अवनिन्द्र सिंह और रामचरित द्विवेदी ने इस अवसर पर छात्रों को उनकी आगामी यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह का समापन एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसमें कॉलेज के छात्रों ने विभिन्न कला और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। यह आयोजन न केवल नए छात्रों के स्वागत के रूप में था।

बल्कि उन्हें एक प्रेरणादायक और उत्साही माहौल प्रदान करने के लिए भी था, वे अपने शैक्षिक और पेशेवर जीवन में सफलता की ओर अग्रसर हो सकें। कार्यक्रम का संचालन पप्पू सर ने किया. आयोजन में भूमिका चौधरी, जानकी, ज्योति, अल्का, अर्जुन सर, स्मृति गुप्ता, उर्मिला, जेंसी, पूजा दीवान समेत समस्त स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा।

# तेलुगु सांस्कृतिक संघ के तत्वाधान में 19 फरवरी को होगा बालाजी कल्याण महोत्सव



पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com

तेलगु सांस्कृतिक संघ किरन्दुल के तत्वाधान में प्रति वर्षो की ही भांति इस वर्ष भी श्री राघव मंदिर के परिसर में स्थित श्री बालाजी मंदिर में 19 फरवरी को श्री श्री बालाजी कल्याण महोत्सव का आयोजन स्वस्ति श्री क्रोधी नाम वर्ष माह माघ बहुल सप्तमी तिथि को महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को शाम को श्री विश्वसेन पूजा पुण्या हवा चनम, मंडपा आवाहनंम, मंगला शाशनम, तीर्थ प्रसाद वितरण एवं बुधवार को प्रातः सुप्रभात सेवा, मंगला शषणं , स्वामी अलंकार,बेसन्तान महिलाओं के लिए विशेष गरुड़ प्रसाद वितरण के बाद श्री श्री श्री बालाजी कल्याणम होमं, पूर्णाहुति, तीर्थ प्रसाद वितरण, मंदिर में प्रवेश, तत्पश्चात अन्नदानम भंडारा, के बाद संध्या काल में श्री श्री श्री बालाजी भगवान की शोभायात्रा निकाली जाएगी तत्पश्चात झूला सेवा का धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होगा। उल्लेखनीय हैं कि संपन्न होने वाले श्री श्री श्री बालाजी कल्याण महोत्सव के लिए तेलगु सांस्कृतिक संघ की महिलाओं ने मंगलवार को संघ के भवन में बालाजी कल्याण महोत्सव के लिए 500 सौ बड़े लड्डू और करीबन 4500 सौ छोटे आकार के लड्डू बनाये जो कि बालाजी कल्याण महोत्सव में भाग लेने वाले भक्तों को प्रसाद के रूप में वितरित किए जाएंगे।

# नदारद मिले प्यून समेत दर्जन भर कर्मचारी

पायनियर संवाददाता ◀ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



जगदलपुर अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली और छापमार कार्रवाई के लिए जाने पहचाने जाने वाले बस्तर के जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल लगातार विभागीय सिस्टम को दुरुस्त करने में लगे हुए हैं। सुबह 10.30 बजे बघेल विकासखंड शिक्षा कार्यालय जगदलपुर जा धमके। उनके आकस्मिक निरीक्षण के दौरान केवल 2 स्टाफ को छोड़ कर बाकी 12 बाबू ओर प्यून अनुपस्थित मिले। डीईओ बलिराम बघेल बस्तर जिले में शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्तडीईओ बलिराम बघेल बस्तर जिले में शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ साथ विभागीय कार्यालयों के कामकाज में कसावट लाने लगातार प्रयासरत हैं। बघेल कभी भी जिले के शहरी एवं दुर्गम व नक्सल प्रभावित दूरस्थ गांवों के भी स्कूलों में निरीक्षण के लिए पहुंच जाते हैं। कलेक्टर हरिस एस और जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन की पहल पर जिले के हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए को फिजिकली एवं मेंटली तैयार करने हेतु प्री बोर्ड परीक्षाओं का सफलता पूर्वक आयोजन डीईओ बघेल के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान भी वे आकस्मिक निरीक्षण के लिए स्कूलों में पहुंचते रहे थे। शहर ही नहीं ग्रामीण इलाकों में भी डीईओ द्वारा लगातार शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए की जा रही पहल के सकारात्मक नतीजे भी सामने आने लगे हैं। आज कार्यालय खुलने के समय में बघेल के खंड शिक्षा अधिकारी दफ्तर जगदलपुर पहुंच जाने से खलबली मच गई। डीईओ बघेल ने मानसिंह भारद्वाज को कार्यालयीन व्यवस्था सुधारने और सभी कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**कर्मियों को देंगे नोटिस**

मैं पंचायत चुनाव में व्यस्तता के कारण कार्यालय में मौजूद नहीं था। जो कर्मचारी डीईओ सर के निरीक्षण के दौरान गायब थे उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा।

**-मानसिंह भारद्वाज, बीईओ, जगदलपुर**

# मेधावी छात्र ले रहें जिला स्तरीय मार्गदर्शन शिविर का लाभ

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



स्कूल शिक्षा विभाग सक्ति के बोर्ड परीक्षा गुणवत्ता अभियान 2024-25 के तहत जिला स्तरीय मार्गदर्शन शिविर का आयोजन 17 से 19 फरवरी 2025 तक शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल आमनदुला विकासखंड मालखरौदा में आयोजित किया जा रहा है जिसमे पूरे जिले के विभिन्न विद्यालयों से कक्षा दसवीं तथा बारहवीं के प्री बोर्ड परीक्षा में 80% से अधिक अंक अर्जित करने वाले 100 मेधावी छात्र-छात्रों को अधिक से अधिक संख्या में बोर्ड परीक्षा के प्रावीण्य सूची में नाम दर्ज करवाने के उद्देश्य से जिले के 48 विषय विशेषज्ञ शिक्षकों से मार्गदर्शन प्राप्त हों रहा है इन कक्षाओं में बच्चों को बोर्ड द्वारा जारी महत्वपूर्ण प्रश्नों के हल, उत्तर पुस्तिका में उत्तर का लेखन कैसे करना है, प्रश्नों को हल करते समय किन किन बिंदुओं का उल्लेख करना है जिससे सर्वाधिक अंक अर्जित किये जा सकते है इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी जा रही है, साथ ही विभिन्न विषय विशेषज्ञों के द्वारा कठिन प्रश्नों को सुगमता से हल करने के तकनीक, विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान बताये जा रहें है। चूकि बोर्ड परीक्षाओं के नजदीक होने के चलते शिक्षा विभाग का आमला परीक्षा में विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन करवाने के लिए पुरजोर प्रयास कर रहा है। मार्गदर्शन शिविर के उद्घाटन दिवस में जिला शिक्षा अधिकारी एन. के. चंद्रा स्वयं उपस्थित होकर बच्चों को विषय पर मार्गदर्शन देते दिखे। शिविर प्रभारी व शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल आमनदुला की प्राचार्या विमलेश सिंह चंद्रा ने बच्चों के लिए अध्यापन, भोजन,स्वास्थ्य सुरक्षा जैसी सम्पूर्ण व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया। परीक्षा गुणवत्ता अभियान से जिला समिति के सदस्य कमला दपी गवेल, सुरेश कुमार जायसवाल एवं विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की टीम से प्रथम दिवस पदुमलाल साहू, श्रीराम चंद्रा, संगीता तिवारी, हिरावन दास, केवरा सिदार, छबि लाल राठौर, मेनका यादव, शालिनी दुबे, नारायण प्रसाद काम्बले और विद्यालय के समस्त स्टॉफ, पालकगण उपस्थित रहें। तीन दिवसीय इस शिविर में जिले से जारी समय सारणी अनुसार सभी विषयों के लिए मार्गदर्शन प्रदान किये जायेंगे।

**जिला प्रशासन का सराहनीय प्रयास**

# शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का प्रथम चरण

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण का मतदान बेमेतरा और नवागढ़ जनपदों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिला प्रशासन की सटीक रणनीति और सुरक्षा बलों की तैनाती ने यह सुनिश्चित किया कि मतदान बिना किसी बाधा के संपन्न हो सके। मतदाताओं ने लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों पर उपस्थिति दर्ज कराई। अब मतदान समाप्ति के बाद मतदान दल अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए सुरक्षित रूप से चुनाव सामग्री के साथ निर्धारित केंद्रों पर वापस लौटे । मतदान समाप्ति के बाद बेमेतरा और नवागढ़ जनपदों के मतदान दल चुनाव सामग्री के साथ संकलन केंद्रों मे पहुंच चुके है । बेमेतरा जनपद के मतदान दल अपनी सामग्री को कृषि उपज मंडी में जमा किया गया, जबकि नवागढ़ जनपद के मतदान दल शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नवागढ़ में चुनाव सामग्री जमा कर लिया गया है। जिला प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि सामग्री जमा करने की प्रक्रिया भी सुचारू और व्यवस्थित रूप से पूरी हो, ताकि अगली चरण की तैयारी में किसी प्रकार की दिक्कत न आए।

**जिला प्रशासन का सराहनीय प्रयास-** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा के नेतृत्व में जिला प्रशासन ने मतदान की प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए व्यापक तैयारी की थी। सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाओं का प्रबंध किया गया था, जिससे मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मतदान दलों को भी बेहतर ढंग से प्रशिक्षित किया गया था, जिससे चुनाव प्रक्रिया सुगम रही।

**सुरक्षा और सुगमता के इंतजाम**–मतदान के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। पुलिस और सुरक्षाबलों की तैनाती ने यह सुनिश्चित किया कि मतदान प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण रहे। मतदान दलों की वापसी के समय भी सुरक्षा बलों ने पूरी सतर्कता के साथ काम किया, जिससे सामग्री का सुरक्षित संकलन सुनिश्चित किया जा सके।

लोकतंत्र की सफलता-प्रथम चरण के मतदान में ग्रामीणों की भागीदारी और प्रशासन की उत्कृष्ट व्यवस्था ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की सफलता को सुनिश्चित किया है। अब सभी की निगाहें चुनाव के अगले चरणों पर हैं, जहां ग्रामीण मतदाता एक बार फिर से अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे और जिले की पंचायतों के लिए प्रतिनिधियों का चयन करेंगे।

# नवनिर्वाचित भाजपा पार्षद विनोद शर्मा का भव्य स्वागत



**शिवरीनारायण।** नगरीय निकाय चुनाव का परिणाम 15 फरवरी को आने के बाद जीते हुए अध्यक्ष एवं पार्षद अपने नगर व वार्ड में जा कर मतदाताओं का आभार व्यक्त कर रहे है इसी तरह शिवरीनारायण वाड़ क्रं. 3 के नवनिर्वाचित् भाजपा पार्षद विनोद शर्मा जब अपने मतदाताओं का आभार व्यक्त करने वाड़ में पहुंचा तो वाड़ 3 के नागरिकों ने उनका फुलमालाओं से भव्य स्वागत किया इस अवसर पर नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष ड़ॉ मनहरण लाल कैवर्त्य ने कहा कि अब हमारे वाड़ को विनोद शर्मा के रूप में एक अच्छा मुखिया मिल गया है अब हमारा सभी समस्या का हल हो जायेगा । विनोद शर्मा ने भी वाड़ 3 के मतदाताओं के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगों ने मुझे अपने वाड़ पार्षद के रूप में चुनाव जीता कर मुझ पर जो भरोसा जताया है उस पर मै पूरा खरा उतरने का प्रयास करूंगा और वाड़ की जो भी समस्या होगी उसे हल करने सदैव तत्पर रहुंगा।





# वेडिंग फंक्शन्स में आपको स्टाइलिश दिखाएंगे ये टिप्स

वेडिंग में कई फंक्शन्स होते हैं, जिनके लिए अलग-अलग ड्रेसेस पहनने का मजा ही कुछ और है। इनमें हल्दी फंक्शन का क्रेज लड़कियों के बीच खूब देखा जाता है। हल्दी के दौरान पीले कपड़े पहनने से न सिर्फ फैशन के नजरिए से कॉम्बिनेशन काफी अच्छा लगता है बल्कि पीले रंग के साथ ज्यादातर ज्वैलरी भी अच्छी लगती हैं। आप भी अगर अपनी हल्दी पर स्टाइलिश दिखना चाहती हैं, तो ये टिप्स आपके काम आएंगे।

## हल्दी सेरेमनी पीले रंग के कपड़े क्यों पहनें

हल्दी छुड़ाना काफी मुश्किल हो सकता है, इसलिए क्यों न इस दिन पीली ड्रेस ही पहनी जाए। पीले के अलग-अलग शेड्स में से आप चुन सकती हैं। मस्टर्ड येलो, ऐंबर येलो, लेमन येलो में से आप चुन सकती हैं। यदि आपको येलो नहीं पहनना हो, तो आप क्रीम या कोई और लाइट कलर पहन सकती हैं।

## हल्दी सेरेमनी के लिए टिप्स

- अगर आपकी हल्दी सेरेमनी है, तो ऐसे में आप स्लीव्स कट सिंपल और प्लेन लहंगा-चोली पहनें, जिसके किनारे पर गोल्डन या सिल्वर कलर का बॉर्डर हो।
- हल्दी सेरेमनी पर पटियाला सलवार के साथ शार्ट कॉटन कुर्ती भी बेहद स्टाइलिश लगेगी। पटियाला सूट के साथ आप अपनी पसंदानुसार एम्ब्रॉयडरी जैकेट या फिर कोई लाइट दुपट्टा कैरी करना अच्छा ऑप्शन रहेगा।
- आपको अगर साड़ी पहननी है, तो पीले रंग की सिम्पल साड़ी पहनें या फिर लाल, नारंगी रंग की साड़ी भी काफी अच्छी लगेगा। इसके साथ मैचिंग पर्ल ज्वैलरी या फूलों की ज्वैलरी भी काफी ट्रेंडिंग लगेगी।

## हैवी दुपट्टा

हल्दी के मौके पर दुपट्टा आपके लिए आफत बन सकता है, इसलिए लाइट स्टोल या स्कॉर्फ तक ठीक है लेकिन हैवी दुपट्टा लेने से बचें।

## स्टोन, हैवी ज्वैलरी

स्टोन या हैवी ज्वैलरी पर अगर हल्दी लग गई, तो आपके लिए खासी दिक्कत हो जाएगी।





# दमकती त्वचा का सपना पूरा करेंगे इन फलों के छिलके

आज तक आपने अच्छी सेहत बनाए रखने के लिए फलों को डाइट में शामिल करने की सलाह तो कई बार सुनी होगी पर क्या आप जानते हैं फल अगर आपको अच्छी सेहत पाने में मदद करते हैं तो फलों के छिलके आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम भी कर सकते हैं। आइए जानते हैं दमकती त्वचा पाने के लिए कैसे करें फलों के छिलकों का इस्तेमाल।

## पपीते का छिलका

चेहरे का रूखापन दूर करके त्वचा का ग्लो बढ़ाने का काम करता है पपीते का छिलका। इसके लिए पपीते के छिलके को सुखाकर बारीक पीस कर इसका पाउडर बना लें। अब दो चम्मच पाउडर में एक चम्मच ग्लिसरीन मिलाकर उसका गाढ़ा पेस्ट बनाकर उसे अपने चेहरे पर फेस पैक की तरह लगा लें। पैक सूख जाने पर अपना चेहरा धो लें। चेहरे की टैनिंग हटाने के लिए पपीते के छिलके को पीसकर उसमें नींबू का रस मिला का इस्तेमाल करें।

## संतरे का छिलका

चेहरे पर मौजूद दाग-धब्बे, मुहांसों और टैनिंग से निजात पाने के लिए संतरे के छिलके को पीसकर उसका बारीक पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट में 2 चम्मच कच्चा दूध और दो चुटकी हल्दी मिलाकर इस पेस्ट को फेस पैक की तरह चेहरे पर लगाएं। पैक सूखने पर चेहरे ठंडे पानी से धो लें।

## नींबू का छिलका

टैनिंग दूर करने के लिए नींबू के छिलके को पीसकर उसका पेस्ट बनाकर चेहरे पर फेस पैक की तरह इस्तेमाल करें।

## केले का छिलका

टैनिंग से छुटकारा पाने के लिए आप केले के छिलके के अंदरूनी सफेद भाग को चेहरे पर हल्के हाथों से बीस मिनट तक रगड़ें। इसके बाद चेहरा धो लें। ऐसा करने से चेहरे की चमक बढ़ती है।

## आम का छिलका

चेहरे की झुर्रियों को कम करने के लिए आम के छिलके को पीसकर इसका पेस्ट चेहरे पर लगाने से मुहांसों और झुर्रियों को कम करने में मदद मिलती है। इसके लिए आम के छिलके को सुखाकर इसका पाउडर बना कर गुलाब जल के साथ, गेहूं के आटे में मिलाकर चेहरे पर उबटन की तरह इस्तेमाल करें।



# छोटी हाइट होने पर कैसे करें कपड़ों का चयन

कई लोग अपनी हाइट से नाखुश रहते है, उन्हें लगता हैं कि वे थोड़े और लंबे होते तो अच्छा होता। लेकिन अगर कम व अवरेज हाइट होने पर भी सही इस व कपड़ों का चयन करें तो छोटी हाइट को भी लंबा दिखा सकते हैं। आइए, हम आपको कपड़ों के चयन से जुड़ी कुछ ऐसी बातें बताते हैं जो छोटी हाइट को लंबा दिखाने में कारगर साबित होंगी -

- ऐसी ड्रेस पहनें जिसमें पैर दिखें तो आप लंबी नजर आएंगी जैसे ऐसी कोई शॉर्ट ड्रेस, जो घुटने तक या उससे ऊपर हो। इस तरह की ड्रेस पहनकर छोटे कद को लंबा दिखाया जा सकता है।
- अगर आपका कद छोटा है तो आप हाई वेस्ट की जींस पहन सकती हैं। इस जींस में आपके पैर लंबे नजर आएंगे जिससे देखने वालों को आपकी लंबाई अधिक होने का एहसास होगा।
- छोटे कद को लंबा दिखाने के लिए ऐसे कपड़ों का चयन करें जो वी नेक के हो, जैसे वी-नेक वाली शर्ट, टी-शर्ट, कुर्ती व ड्रेस आदि। गोल गले के कपड़े पहनने से आपको बचना चाहिए।
- कद को लंबा दिखाने के लिए सर से पैर तक एक ही रंग के कपड़ें पहनें, जैसे टॉप और बॉटम दोनों का एक ही रंग होने पर आपका कद लंबा नजर आएगा। वैसे छोटे कद पर गहरे रंग के कपड़ें भी देखने वालों को लंबा होने का एहसास देते है।
- गाउन पहनकर भी आप लंबी नजर आ सकती हैं।
- कपड़ों के अलावा हाई हील्स पहनकर भी आप हाइट को बढ़ा हुआ दिखा सकती हैं।

## ट्रेंडी हैं को-ऑर्ड्स इस समर शॉपिंग लिस्ट में करें शामिल

गर्मियों में कम्फर्टेबल आउटफिट्स खरीदना चाहती हैं तो को-ऑर्ड्स ट्राई करें। ये आउटफिट गर्मियों के लिए फिट होने के साथ बेहद स्टाइलिश भी है। गर्मी के मौसम में को-ऑर्ड्स फैशन जबरदस्त ट्रेंड में है। इसको पहनने के कई फायदे हैं। इन्हें पहनने में झंझट नहीं होता, गर्मियों के हिसाब से कम्फर्टेबल है वहीं स्टाइल के मामले में भी नंबर वन। इन टू-पीस सेट्स के साथ आपको ज्यादा अक्सेसरीज भी कैरी करने की जरूरत नहीं। अगर आप अभी भी इस फैशन को ट्राई करने में झिझक रहे हैं तो बॉलिवुड सिलेब्स से आइडिया ले सकते हैं।

# बच्चों की मजबूत इम्युनिटी के लिए जन्म के पांच साल के अंदर जरूरी है ये वैक्सीनेशन

कहते हैं हेल्थ एक प्रोसेस है। आप एक दिन में हेल्दी नहीं होते। कई छोटी-छोटी चीजें आपको मजबूत बनाती हैं। यही बात इम्युनिटी पर भी लागू होती है। मजबूत इम्युनिटी हमारे बचपन के खान-पान पर भी निर्भर करती है। वहीं, बचपन में कुछ ऐसे टीके होते हैं, जिनके लगने से गंभीर बीमारियों से बचाव होता है। आज हम आपको ऐसे टीके बता रहे हैं, जिन्हें पांच साल के अंदर बच्चों को लगवाना बहुत जरूरी है।

## ये टीके हैं बेहद जरूरी

- गर्भवती महिला एंव गर्भ मे पल रहे शिशु को टिटेनस की बीमारी से बचाने के लियेटिटेनसटाक्साइड 1 / बूस्टर टीका और दूसरा टीका एक महिने के अंतर में लगवाएं। अगर पिछले तीन वर्ष मे दो टीके लगे हों तो केवल एक टीका लगवा लेना ही काफी होता है।
- हेपेटाइटिस बी वायरस के संक्रमण से लीवर की सूजन आ जाती है, पीलिया हो जाता है और लंबे समय तक संक्रमण के बाद लीवर कैंसर का भी खतरा हो सकता है। यह टीका बेहद जरूरी है जो हिपेटाइटिस बी के संक्रमण से बचाव करता है।
- डीपीटी टीकों की एक श्रेणी होती है, जो इंसानो को होने वाले तीन संक्रामक बीमारियों डिफ्थीरिया, पर्टुसिस (काली खांसी) और टिटनेस से बचाव के लिए दिए जाते हैं।
- पोलियो का टीका पोलियो नामक बीमारी जिसमें बच्चे अपंग हो जाते हैं, से सुरक्षा प्रदान करता है। यह टीका भी बच्चों को जरूर लगवाना चाहिए।
- बच्चे को टीबी से बचाने के लिए अनिवार्य रूप से बी सी जी का टीका लगवा दें। बीसीजी का टीका लग जाने पर शिशु को टीबी की बीमारी से बचाया जा सकता है।
- हिब वेक्सीन का टीका बच्चों को डिफ्थीरिया, काली खांसी, टेटनस, हेपेटाइटिस-बी और एच इन्फलांजी-बी से सुरक्षित रखता है। हिब बेक्टीरिया के संक्रमण से न्यूमोनिया एवं मष्तिष्क ज्वर (मेनिनजाइटिस) जैसी गंभीर बीमारी हो सकती हैं।





# बच्चों से लालच देकर कोई काम न कराएं

'आप अगर खाना नहीं खाओगे, तो रात में भूत आ जाएगा।' क्या आपने भी अपने बच्चे को खाना खिलाने के लिए ऐसा ही कोई बहाना बनाया है? आपका जवाब अगर हां है, तो आपको यह बात समझने की जरूरत है कि कभी-कभी हम बच्चों को अच्छी बातें सिखाने के लिए कुछ ऐसा बोल जाते हैं, जिससे कि उनके मन में कई डर घर कर जाते हैं। इसके अलावा बच्चे अनजाने में ही कई गलत आदतें सीख जाते हैं। इस कारण आपको कुछ बातें याद रखनी चाहिए-

आमतौर अपनी बात मनवाने के लिए माता-पिता बच्चे को कोई लालच देते हैं। जैसे होमवर्क पूरा करने या बाहर न जाने के बदले उसे आइसक्रीम या खिलौने का लालच। ऐसा करना बेहद गलत है क्योंकि इसके बाद भी बच्ची सही बर्ताव करने के बदले आपसे अपनी डिमांड को पूरा करवाने की कोशिश करेगा।

## किसी के सामने कोई एक्टिंग करने के लिए कहना

आमतौर पर माता-पिता बच्चों को कोई डांस या एक्टिंग करने के लिए कहते हैं। ऐसा करना शायद एंटरटेनिंग लगे, लेकिन इससे बच्चों के दिमाग पर गलत असर पड़ता है। बार-बार ऐसा कहने पर बच्चे को लगने लगता है कि अगर वह ये सब नहीं करेगा, तो उसके मम्मी-पापा उसे प्यार नहीं करेंगे या फिर मारेंगे।

## किसी के सामने बच्चों पर न चिल्लाएं

अधिकतर माता-पिता बच्चों को किसी मॉल में, पब्लिक प्लेस में या फिर किसी पार्क में ही डांटना शुरू कर देते हैं।



इस दौरान बच्चा आपकी बातें न सुनकर वो इस बात पर ध्यान देने लगता है कि आसपास के लोग सुन रहे हैं इसलिए हमेशा बच्चे को एकांत में उसके व्यवहार के बारे में बताएं ताकि वे अपने बुरे व्यवहार को छोड़ सके।

## दूसरे बच्चों से तुलना

अपना बच्चा सभी को प्यारा लगता है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप अपने बच्चे को फील गुड कराने के लिए उसकी तुलना दूसरों बच्चों से करेंगे। कई बार ऐसा होता है कि बच्चे को मोटिवेट करने के लिए माता-पिता किसी बच्चे को बुरा बताते हुए अपने बच्चे की तुलना करते हैं। ऐसा करने से आपका बच्चा उस दूसरे बच्चे के लिए मन में नेगेटिव इमेज बना लेगा। आगे चलकर यह नेगेटिव चीज उसकी पर्सनैलिटी का हिस्सा भी बन सकती है।

## गलती करने पर गुस्सा करना

कभी-कभी मां-बाप अपने ऑफिस का गुस्सा या किसी और बात का गुस्सा अपने बच्चों पर निकाल देते हैं। साथ ही माता-पिता गुस्से में अपने बच्चे को उस गलती की सजा दे देते हैं, जिसे नजरअंदाज किया जा सकता था। बच्चे को अनुशासन सिखाते वक्त अपनी दूसरी समस्याओं और गुस्से को अलग रखें।

# रेलवे नागपुर ने गैंगटॉक सिक्किम को 4 -1 से किया पराजित, रेलवे के पीके विसल मैन ऑफद मैच हुए

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



शहर के रणजीता स्टेडियम में खेले जा रहे स्व. दिलीप सिंह जूदेव स्मृति अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबाल प्रतियोगिता में सोमवार 18 फरवरी को प्रतियोगिता का 12वां मैच साउथ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे नागपुर और गैंगटॉक फुटबॉल क्लब सिक्किम के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि डॉ विजय रक्षित, पूर्व खिलाड़ी महावीर सिंह, गोपाल राय, रमेश राम, सुधीर पाठक, सुनिल अग्रवाल कुनकुरी, राजेश गुप्ता और इमरान आलम ने दोनो टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और मैच आरंभ कराया। मंगलवार दोपहर बाद खेले गए इस मैच में साउथ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे नागपुर और गैंगटॉक फुटबॉल क्लब सिक्किम की टीमों के बीच खेला गया। सिक्किम के खिलाड़ियों ने छोटे-छोटे खूबसूरत पास से आकर्षक फुटबॉल का प्रदर्शन किया लेकिन रेलवे के दमखम वाले खिलाड़ियों के सामने उनकी चली नहीं और मैच के शुरू लेकर अंत तक रेलवे नागपुर की टीम ने अपना नियंत्रण बनाए रखा। मैच के 15 वें मिनट में रेलवे नागपुर की टीम की ओर से पहला गोल जर्सी नम्बर 5 रशीद ने किया। इसके पांच मिनट के बाद ही टीम के जर्सी नम्बर 8 अमित ने रेलवे के लिए दूसरा गोल किया। मैच के दूसरे हाफ में रेलवे नागपुर के फारवर्ड जर्सी नम्बर 10 पीके विसल ने अपनी टीम के लिए तीसरा गोल किया। इसके बाद रेलवे के एक आक्रमण को क्लियर करने की कोशिश में गैंगटॉक फुटबॉल क्लब सिक्किम के जर्सी नम्बर जर्सी नम्बर 30 ने जो शॉट लगाया वो उनके गोल पोस्ट में चला गया। इस आत्मघाती गोल से सिक्किम की टीम 4-0 से हार रही थी लेकिन मैच के आखरी 15 मिनटों में सिक्किम की ओर से जर्सी नम्बर 6 भूषण ने एकमात्र गोल कर अंतिम स्कोर को 4-1 कर दिया। साउथ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे नागपुर की टीम के 10 नम्बर खिलाड़ी पीके विसल को मैच का मैन ऑफद मैच घोषित किया गया।

**क्वार्टर फायनल में चर्चा कॉलरी का रेलवे नागपुर से मैच-** आयोजन समिति के जनरल सेक्रेटरी सरफराज आलम ने बताया कि, प्रतियोगिता में बुधवार को इस पूल का पहला क्वार्टर फायनल मैच साउथ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे नागपुर और चर्चा कॉलरी न्यू स्पोटिंग क्लब के बीच खेला जाएगा। मैच में सेंट्रल रैफरी की भूमिका में दया यादव तथा सहायक रैफरी के रूप में मुकेश भगत और लालकेश्वर राजवाड़े, फोर्थ ऑफिशियल आकाश साहनी, तथा रिजर्व रैफरी के रूप में रविन्द्र राजवाड़े ने अपनी भूमिका निभाई।

# महिला आरक्षक ने घायल युवक को पहुंचाया अस्पताल, सड़क हादसे के दौरान दिखा बम्हनीडीह पुलिस का मानवीय चेहरा





पायनियर संवाददाता ◄ बम्हनीडीह
www.dailypioneer.com

बम्हनीडीह थाना में पदस्त रूबी यास्मीन दोपहर के समय जब थाने में बैठकर काम कर रही थी तभी उसे जोर से बाइक की गिरने की आवाज आई जिससे वह फौरन थाने से बाहर निकाल कर रोड की ओर जाकर देखी तभी उसे पता चला कि यहां एक बाइक सवार गिरा हुआ है जो की बेहोश के हालात में है युवक के आसपास और कोई नजर नहीं आ रहा था जो कि युवक को अस्पताल लेकर जाए तभी बम्हनीडीह थाना में पदस्थ रूबी आसामीन वहां के आम नागरिकों को बुलाकर फौरन उसे घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह ले जाया गया और उसे युवा की इलाज रूबी ने खुद खड़े होकर करवाई गई। यह घटनाक्रम मंगलवार दोपहर का है और हादसे में घायल व्यक्ति का नाम योगेश बरेठ है जो कि मालखरौदा का रहने वाला है डॉक्टरों ने जब उसका इलाज शुरू किया तब तक रूबी आसमिन वहीं रही और उसके बारे में जानकारी जुटाती रही जब उनके घर वालों के बारे में का पता चला तो उन्हें भी तत्काल सूचना दी गई।

### देरी होने से हो सकता था बड़ा हादसा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह डॉक्टर ने इलाज के पश्चात बताया कि बाइक में गिरे युवक के शरीर में गंभीर चोट थी जिस जगह-जगह से उसे खून निकल रहा था लाने में अगर और देरी होती तो एक बड़ा हादसा हो सकता था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह के खंड चिकित्सा अधिकारी आजंबर सिंह सिसोदिया को जब इन सब की जानकारी मिली तो उन्होंने एक अनजान घायल व्यक्ति को हॉस्पिटल लाकर जान बचाने पर थाना बम्हनीडीह टीम में पदस्त रूबी आसमीन की जमकर तारीफकी धन्यवाद किया।

# 108 संजीवनी एंबुलेंस में गूंजी खुशियों की किलकारी



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुर
www.dailypioneer.com

गर्भवती महिला पूजा धनवार 19 वर्ष (पति संजय धनवार) को प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतबा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लैलूंगा रेफर किया गया लेकिन गर्भवति महिला की स्थिती गंभीर होने के कारण इनको लैलूंगा से मेडिकल कॉलेज रायगढ़ के लिए रेफर किया गया था जिन्हे सीएचसी PHC कोतबा की एंबुलेंस लेकर जा रही थी रायगढ़ जाते समय सोहनपुर के पास अचानक दर्द बढ़ने लगा तो 108 संजीवनी एक्सप्रेस में ही ड्यूटी स्टाफ हेरोद एवम् सपना चौहान द्वारा सुरक्षित प्रसव कराया उसके बाद लैलूंगा सीएचसी में भर्ती कराया गया अभी माता एवम् शिशु दोनो स्वाथ्य है. इस संबंध में जानकारी देते हुए एबुलेंस जिला प्रबंधक दीपक साहू ने बताया की 108 संजीवनी एक्सप्रेस में सभी स्टॉफकार्य में कुशल है जो किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सक्षम है।

# दूसरे चरण के निर्वाचन के लिए मतदान दल को समाग्री वितरण 19 को

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के दूसरे चरण के लिए मतदान दलों को 19 फरवरी को सामग्री वितरित किया जाएगा। विकासखंड बोड़ला के लिए स्वामी आत्मानंद स्कूल बोड़ला और पंडरिया के लिए स्वामी आत्मानंद स्कूल पंडरिया से मतदान दल को सामाग्री वितरण किया जाएगा। कबीरधाम जिले में 20 फरवरी को दूसरे चरण के त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन होना है। त्रइसके अन्तर्गत को होने वाले इस चरण में विकासखंड पंडरिया और बोडला के तहत जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 से 08 में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अंतर्गत जिला पंचायत जनपद सदस्य, सरपंच और पंच का निर्वाचन होगा। मतदान का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य के लिए द्वितीय चरण 20 फरवरी को पंडरिया एवं बोड़ला विकासखंड के 08 जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन होगा। इसमें जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र 01, 02, 03, 04, 05, 06, 07 और क्षेत्र 08 शामिल है। उन्होंने बताया कि दोनो विकासखंड के निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत कुल 268 ग्राम पंचायतों में निर्वाचन होगा। इसमें कुल 3 लाख 31 हजार 65 मतदाता और मतदान केन्द्र 655 है। इन दोनो निर्वाचन क्षेत्रों में 27 अभ्यर्थी शामिल है। उन्होंने बतया कि क्षेत्र क्रमांक 01 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 31 है।

# संचालित आश्रम-छात्रावासों एवं स्कूलों का नियमित करें निरीक्षण : कलेक्टर

## समय-सीमा की बैठक सम्पन्न



पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने समय सीमा के बैठक में विकास कार्यों की प्रगति, पंचायत चुनाव की तैयारियों, बाल विवाह रोकथाम, कुपोषण उन्मूलन और अवैध खनन व परिवहन की समीक्षा की। और सभी संबंधित विभागों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने और प्रशासनिक कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। व्ही प्रथम चरण के पंचायत चुनावों की समीक्षा करते हुए दूसरे और तीसरे चरण में होने वाले पंचायत चुनाव की तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने मतदान सामग्री के वितरण,मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था और आवश्यक प्रपत्रों को लेकर दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में संचालित आश्रम-छात्रावासों, स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं मिलनी चाहिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित मीनू के अनुरूप पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में बाल विवाह होने की सूचना मिले तो तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए। और ग्राम स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में बताय बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई नहीं, बल्कि कानूनी अपराध भी है और इसके आयोजन में शामिल परिजनों पर भी कार्रवाई हो सकती है।

कलेक्टर ने खनिजों के अवैध उत्खनन,परिवहन और भंडारण पर की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए खनिज अधिकारी को निर्देश दिए कि वे क्षेत्र का नियमित निरीक्षण करें और सतत निगरानी रखते हुए अवैध उत्खनन और परिवहन पर कड़ी कार्रवाई करें। व्ही विभिन्न विभागों में लंबित शिकायतों और प्रकरणों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर, अपर कलेक्टर आर.एस. लाल, संयुक्त कलेक्टर आर.एन. पाण्डेय, प्रमोद गुप्ता, सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत का होगा आयोजन, न्यायालय व प्रशासन की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली के निर्देशानुसार आगामी 8 मार्च 2025 को राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में जिला न्यायालय में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम की अध्यक्ष मती सत्यभामा अजय दुबे की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त न्यायाधीशगण, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में नेशनल लोक अदालत के प्रभावी संचालन और अधिकाधिक प्रकरणों के निराकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें विशेष रूप से राजीनामा योग्य प्रकरणों को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। न्यायालय ने निर्देश दिए कि लोक अदालत में ऐसे मामलों को अधिक से अधिक संख्या में रखा जाए, जिनका सौहार्दपूर्ण समाधान संभव हो। साथ ही, मुकदमा पूर्व वाद (प्री-लिटिगेशन) मामलों को चिन्हांकित कर उनका भी निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करने के निर्देश दिए गए। इस संबंध में 19 फरवरी 2025 को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक अन्य बैठक निर्धारित की गई है, जिसमें विद्युत, दूरसंचार, बैंकिंग और अन्य विभागों से जुड़े लंबित मामलों पर चर्चा की जाएगी, ताकि विभागीय स्तर पर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इनमें दाण्डिक शमनीय प्रकरण, चेक बाउंस (धारा 138) के मामले, बैंक रिकवरी (प्री-लिटिगेशन) प्रकरण, मोटरयान अधिनियम से जुड़े मुआवजा संबंधी मामले, मेन्टेनेन्स (धारा 125) प्रकरण, परिवार न्यायालय के प्रकरण, श्रमिक विवाद, भूमि एवं संपत्ति विवाद, विद्युत बिल, जलकर, सम्पत्ति कर, टेलीफोन बिल वसूली प्रकरण तथा राजस्व प्रकरणों को सम्मिलित किया गया है। लोक अदालत में विवादों का समाधान आपसी सहमति के आधार पर किया जाता है, जिससे पक्षकारों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिलती है। लोक अदालत में होने वाले समझौते अंतिम एवं बाध्यकारी होते हैं और इनमें किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होता। इससे पक्षकारों का समय एवं धन दोनों की बचत होती है। न्यायालय द्वारा यह निर्देश दिए गए हैं कि आगामी लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित विभाग अपनी तैयारियाँ पूर्ण करें और अधिकाधिक प्रकरणों को चिन्हांकित कर उनका सौहार्दपूर्ण समाधान सुनिश्चित करें।

# बगीचा महाविद्यालय में मानसिक रोग, विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय बगीचा में राष्ट्रीय सेवा योजना,रेड क्रॉस और जिला चिकित्सालय की गैर संचारी रोग प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विशेष रूप से आत्महत्या के कारण एवं निदान पर व्यापक चर्चा हुई.

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पण से हुई. कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजीव रंजन तिग्गा ने कार्यक्रम की आवश्यकता पर प्रकाश डाला तथा आत्महत्या के कारण एवं निदान को समझना क्यों आवश्यक है बखूबी अपनी प्रस्तावना उदबोधन के माध्यम से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया. जिला समन्वयक श्री विवेक कुजूर ने अपने व्याख्यान द्वारा छात्र-छात्राओं को मानसिक रोग की विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने आत्महत्या के कई कारणों का जिक्र किया तथा उससे बचने के उपाय बताएं उन्होंने सलाह दी कि जितना हो सके अपने निकट के मित्रों और रिश्तेदारों से अपनी बात शेयर करनी चाहिए जिससे डिप्रेशन कम हो सके उन्होंने यह भी सलाह दी कि जब यह पता चल रहा है कि कोई आत्महत्या की कोशिश कर रहा है तो उसके साथ किस प्रकार पेश आना चाहिए. डॉ अबरार ने आत्महत्या के कारणों को मानसिक चिकित्सा के साथ जोडा तथा शरीर में होने वाले हार्मोनल बदलाव को उदाहरण देकर समझाया उन्होंने यह भी बताया कि आत्महत्या का चांस उनमें सबसे ज्यादा तीव्र होता है जो नेचर से आक्रामक और धैर्य विहीन होते हैं उन्होंने छात्र-छात्राओं को सजेशन दिया कि आपस में खुलकर बातें करें तथा अकेलापन से खुद को बचाएं अंत में उन्होंने कहा कि आत्महत्या किसी भी समस्या का समाधान नहीं है बल्कि स्थिति को और अधिक जटिल और कठिन बना देता है. कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्रोफेसर सुश्री करुणा खलखो ने डॉक्टर खान तथा श्री कुजूर का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोफेसर पूनम मानिकपुरी लाइब्रेरियन गीतांजलि शर्मा महाविद्यालय स्टाफ तथा एन एस एस एवं रेड क्रॉस के छात्र-छात्राओं की विशेष भूमिका रही

**समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की**

# मतदान दिवस के दिन किसी भी स्थिति से निपटने हेतु पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को पूरे समय मुस्तैद रखने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

- **निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश**

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को निर्वाचन से जुड़े सभी कार्यों को सफलतापूर्वक एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर नूतन कंवर, एसडीएम बालोद सुरेश साहू सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि निर्वाचन कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यों में से एक है। इसलिए इस कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही की बिल्कुल भी गुंजाईश नही होती है। उन्होंने निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को प्रत्येक कार्यों को विशेष सावधानी एवं त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के प्रथम चरण के अंतर्गत अभी हाल में ही 17 फरवरी को जिले के डौंडीलोहारा एवं डौंडी विकासखंड में मतदान एवं मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा, लगन एवं तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। जिसके फलस्वरूप जिले के दोनों ब्लाकों में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है।

**कलेक्टर ने मतदान एवं मतगणना के तैयारियों की ली जानकारी-**बैठक में इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने द्वितीय चरण के अंतर्गत गुरूवार 20 फरवरी को बालोद ब्लॉक में होने वाले मतदान के तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने इस संबंध में एसडीएम सुरेश साहू को 20 फरवरी को होने वाले मतदान एवं मतगणना के तैयारियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने बुधवार 19 फरवरी को मतदान सामग्रियों का वितरण से लेकर मतदान दलों का सकुशल मतदान केन्द्रों में पहुँचाने की व्यवस्था एवं मतदान तिथि 20 फरवरी को सुबह निर्धारित समयावधि में मतदान प्रारंभ कराने आदि सभी तैयारियों की समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की नियुक्ति, मतदान केन्द्रों में सुरक्षा बलों की तैनातगी, पीठासीन अधिकारियों के व्हाट्सएप्प ग्रुप का निर्माण आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। कलेक्टर ने मतदान दिवस के दिन किसी भी स्थिति से निपटने हेतु पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को पूरे समय मुस्तैद रखने के निर्देश भी दिए।

**बोर्ड परिक्षाओं का सफल आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश-**बैठक में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी को एम मार्च से प्रारंभ हो रहे कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन के तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिले में बोर्ड परीक्षाओं के सफल आयोजन हेतु निर्धारित समयावधि में सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने जिले के सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण एवं सत्यापन आदि के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी को कक्षा 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षा के आयोजन के तैयारियों के संबंध में जानकारी लेते हुए इन परीक्षाओं के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा।

**गर्मियों में आम जनता को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता हो सुनिश्चित-**कलेक्टर ने कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से ग्रीष्म काल के दौरान जिले के सभी स्थानों पर आम लोगों के लिए शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकाल के दौरान जिले के सभी स्थानों में आम जनता को समुचित मात्रा में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके, इसके लिए निर्धारित समयावधि में कार्य योजना बनाकर जरूरी उपाय सुनिश्चित की जाए।

बैठक में कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिले में फाइलेरिया (हाथी पांव) के बीमारी से बचाव हेतु आम जनता को सामूहिक दवा के सेवन कराने हेतु की जा रहे तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। इसके लिए उन्होंने समुचित तैयारी करने के निर्देश भी दिए।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403